4 रायपुर संभाग
क्रीड़ा प्रतियोगिता में गौरव विद्या मंदिर कबडडी में प्रथम

6 फिल्मी
मैडॉक की फिल्म में नजर आएंगी कियारा ...

09 छत्तीसगढ़
यमराज उतरे जशपुर में: यातायात नियमों का उल्लंघन करने...

10 छत्तीसगढ़
प्रदेश की भाजपा सरकार षड्यंत्र पूर्वक ओबीसी....

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 13 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-143 मूल्य 3.00 ₹

चिक न्यूज

मुर्मु ने देशवासियों को दी लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहु पर्वों की शुभकामनाएं

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहु पर्वों की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि राष्ट्रपति ने देशवासियों के नाम अपने शुभकामना संदेश में कहा है, लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहु पर्वों के शुभ अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

रेवंत ने भूमिगत बिजली केबलों, हरित ऊर्जा पहल पर बल दिया

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को ग्रेटर हैदराबाद में भूमिगत बिजली केबल लगाने की व्यवहार्यता का आकलन करने का निर्देश दिया है। रेड्डी ने एक मजबूत भूमिगत केबल प्रणाली को लागू करने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करने और एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बिजली के नुकसान में कमी लाने और प्राकृतिक आपदाओं के कारण बिजली चोरी एवं कटौती जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए हैदराबाद आउटर रिंग रोड में एक पूर्ण भूमिगत केबल नेटवर्क स्थापित करने का प्रस्ताव दिया।

ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

नयी दिल्ली। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका की ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उत्तराखंड में बस खाई में गिरने से पांच की मौत, 17 घायल

देहरादून। उत्तराखंड के पौड़ी जनपद अंतर्गत, श्रीनगर क्षेत्र में, दहल चौरी के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी जिससे अभी तक पांच यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 17 अन्य घायल हैं। इस घटना के आठ घायलों को हायर सेंटर श्रीनगर और शेष नौ घायल पौड़ी जिला अस्पताल में एडमिट किये गए है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

अडानी समूह छत्तीसगढ़ में करेगा 60 हजार करोड़ रूपये का निवेश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास में अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान अडानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की दूरदर्शी व पारदर्शी नीतियों ने उद्योगपतियों का भरोसा जीता है, जिसके फलस्वरूप रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए अडानी समूह की 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश की योजना है। इस परियोजना से छत्तीसगढ़ की विद्युत उत्पादन क्षमता में अतिरिक्त 6,120 मेगावाट की वृद्धि होगी। ऊर्जा के क्षेत्र में इस बड़े विस्तार से राज्य न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों को ऊर्जा आपूर्ति में भी मदद करेगा। चर्चा के दौरान सीमेंट उद्योग में भी निवेश को बढ़ावा देने को लेकर बात हुई। अडानी समूह ने राज्य में सीमेंट प्लांट्स के विस्तार के लिए 5 हजार करोड़ रुपए के निवेश पर सहमति व्यक्त की। इससे छत्तीसगढ़ में सीमेंट उद्योग को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

गौतम अडानी और सीएम साय के बीच योजनाओं पर हुई चर्चा

मुख्यमंत्री और अडानी की मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में रक्षा उपकरण निर्माण, डेटा सेंटर और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। सरकार की पहल राज्य को उभरते उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाना है। वर्तमान समय की जरूरतों को देखते हुए नवाचारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में भी विचार साझा किए गए।

पर्यटन और ग्रामीण विकास परियोजनाओं को मिलेगी गति

अडानी समूह छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाने नई परियोजनाओं पर काम करेगा। इससे प्राकृतिक सौंदर्य और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व स्तर पर पहचान मिल सकेगी। इसी तरह ग्रामीण विकास के अंतर्गत सुविधाओं को विस्तार देने पर भी काम किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अडानी समूह 10 हजार करोड़ रुपए का व्यय करेगा

अडानी ने बताया कि मुख्यमंत्री साय के सुझाव पर अडानी समूह द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अगले चार वर्षों में लगभग 10 हजार करोड़ का व्यय सीएसआर एवं अन्य स्त्रोतों से किया जाएगा। यह पहल राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने पर होगा काम

इसके साथ अडानी समूह स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देने पर भी काम करेगा जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। एम्स रायपुर और मेकाहारा अस्पताल के पास मरीजों के परिजनों के लिए 1000 बेड डॉर्मिटरी की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

तकनीकी शिक्षा पर विशेष जोर

अडानी समूह युवाओं में रोजगार आधारित कौशल विकास के लिए काम करेगा। इससे तकनीकी कौशल आधारित मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता होगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में भविष्य की जरूरतों के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन किया जाएगा ताकि स्थानीय युवाओं को पर्याप्त अवसर मिले। साथ ही अडानी समूह छत्तीसगढ़ में शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देने के लिए स्किलिंग एक्सीलेंस स्कूल और नवा रायपुर में प्रीमियम स्कूल की स्थापना करेगी। यह पहल राज्य में युवाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध होगा।

प्रयागराज के सोनभद्र मे विधायक इन्द्र साव की कार बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे भाटापारा कांग्रेस विधायक इंद्र कुमार साव की गाड़ी रविवार को हादसे का शिकार हो गई। कार में विधायक और उनके परिजन सवार थे। घटना में विधायक और उनके परिवार के सदस्य घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले की है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना की जानकारी मिलते ही फोन कर विधायक और उनके परिवारजनों का हालचाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। भाटापारा कांग्रेस विधायक इंद्र साव अपने परिवार के महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। रविवार सुबह 7 बजे के आसपास सोनभद्र जिले के बहमनी थाना क्षेत्र के पास पहुंचे ही थे। इसी दौरान तेज रफ़्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विधायक की कार के परखच्चे उड़ गये। इस हादसे में विधायक इंद्र साव के हाथ में हल्की चोट लगी व परिवार के सदस्य भी घायल हो गये। यूपी पुलिस घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जनता जनार्दन के प्रार्थना व शुभकामनाओं से मेरा परिवार सुरक्षित है : इंद्र साव

विधायक इन्द्र साव अपने क्षेत्र के जनता जनार्दन, से आह्वान करते हुये कहा कि आपकी प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं से मैं और मेरा परिवार सुरक्षित हैं। हाल ही में हुई सड़क दुर्घटना में हमें हल्की चोटें आई, लेकिन ईश्वर की कृपा और आपके आशीर्वाद से सब ठीक है। आपकी चिंता और सहानुभूति के लिए हृदय से आभारी हूं व जल्द ही स्वस्थ होकर आप सभी के बीच लौटूंगा।

कांग्रेस ने की युवा उड़ान योजना की घोषणा, युवाओं को हर महीने 8500 रुपये देने का एलान

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने युवा उड़ान योजना नाम से दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा की और इस योजना के तहत सत्ता में आने पर यहां के बेरोजगार युवक-युवतियों को हर महीने 8500 रुपये देने का एलान किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में इस योजना की घोषणा करते हुए कहा, महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है, जो युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है, तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं। दिल्ली में जिस जिम्मेदारी से हम वादा करेंगे, उसी जिम्मेदारी के साथ उसे पूरा भी करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 05 फरवरी को जब दिल्ली के लोग मतदान करेंगे, तो इतिहास को याद करेंगे कि किसने क्या कहा और क्या किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है।

सुब्रत साहू की मंत्रालय वापसी, बंसल, मौर्य, एक्का समेत अन्य अफसरों के प्रभार बदले

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार ने कई आईएएस अफसरों के प्रभार बदले है। सीनियर आईएएस सुब्रत साहू की मंत्रालय वापसी हो गई है। इस सूची में छह अफसरों के नाम शामिल हैं। 1992 बैच के आईएएस सुब्रत साहू अपर मुख्य सचिव, धर्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार महानिदेशक प्रशासन अकादमी के साथ-साथ अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 2010 बैच के आईएएस जय प्रकाश मौर्य विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को आगामी आदेश पर्यन्त प्रबंध संचालक, माटीकला बोर्ड के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, हस्तशिल्प विकास बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस जय प्रकाश मौर्य, द्वारा प्रबंध संचालक, माटीकला बोर्ड तथा अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक हस्तशिल्प विकास बोर्ड का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आईएएस यशवंत कुमार (2007), संचालक ग्रामोद्योग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव राज्यपाल, सचिव ग्रामोद्योग विभाग, प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. एवं प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड केवल प्रबंध संचालक, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। शेष प्रभार यथावत् रहेगा। आईएएस जय प्रकाश मौर्य द्वारा प्रबंध संचालक, माटीकला बोर्ड का पदभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रबंध संचालक, माटीकला बोर्ड के असंवर्गीय पद को राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियमावली, 2016 के नियम-12 के तहत प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित किया गया है। 2011 बैच के आईएएस रिमीजियुस एक्का संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को विशेष सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 2012 बैच के आईएएस रजत बंसल आयुक्त, मनरेगा तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण को उनके वर्तमान कर्तव्यो के साथ-साथ विशेष सचिव, सुशासन एवं अभिसरण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 2014 बैच के आईएएस कुंदन कुमार संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, गृह निर्माण मंडल को आगामी आदेश पर्यन्त आयुक्त, गृह निर्माण मंडल के पद पर पदस्थ करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस कुंदन कुमार, भा.प्र.से. द्वारा आयुक्त, गृह निर्माण मंडल का पदभार ग्रहण करने के दिनांक से आयुक्त, गृह निर्माण मंडल के असंवर्गीय पद को राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियमावली, 2016 के नियम-12 के तहत प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित किया गया है। 2005 बैच के आईएएस जगदीश एस. संचालक उद्यानिकी को उनके वर्तमान कर्तव्यो के साथ-साथ प्रोजक्ट डायरेक्टर, चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस जगदीश एस. द्वारा प्राजेक्ट डायरेक्टर, चिराग परियोजना का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से रवि मित्तल, भा.प्र.से. (2016), आयुक्त, जनसंपर्क तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संवाद एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना केवल प्रोजेक्ट डायरेक्टर, चिराग परियोजना के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

एक्शन में सरकार : कलेक्टर और एसपी को सुबह 10 से पहले दफ्तर पहुँचने का फरमान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नये साल से ही मुख्यमंत्री और उनके सचिवालय के तेवर बदले-बदले से दिख रहे है। मुख्यमंत्री के सचिव और सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी सम्भाल रहे आईएएस मुकेश बंसल ने प्रदेश भर के कलेक्टरों को अब हर हाल में सुबह 10 बजे से पहले कार्यालय पहुंचने कहा है। कलेक्टरो से कहा गया है कि हफ्ते में दो दिन जिलों का दौरा कर देखें कि बाकि सभी ऑफिसों में टाइमिंग के साथ ही सही ढंग से काम हो रहा है या नहीं। राज्य सरकार की योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन हो और काम धरातल पर नजर आए, इस उद्देश्य से अब कलेक्टरों को अनिवार्य रूप से सप्ताह में दो दिन फर्स्ट हाफ लोगों से मुलाकात के लिए रिजर्व रखना होगा। मुलाकात के दौरान उनकी समस्याओं को सुनने और निराकरण की दिशा में गंभीरता के साथ काम करने कहा गया हैं। सप्ताह में दो दिन लोगों के बीच मुलाकात और संवाद स्थापित करना है, राज्य सरकार ने इसके लिए कलेक्टरों को छूट दी है। सुविधानुसार सप्ताह में दो दिन निर्धारित करने का काम कलेक्टर्स खुद कर सकेंगे। पर यह भी शर्त है कि जो दिन वे तय करेंगे, हर हाल में लोगों से मिलना और उनकी दिक्कतों को दूर करने का काम करना होगा। सरकार का मानना है कि जिले के मुखिया के लोगो से सीधा संवाद की स्थिति में कामकाज में पारदर्शिता आने के साथ ही विभागों के संबंध में भी कलेक्टर को सीधी जानकारी मिलती रहेगी। केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक भी मिलता रहेगा। सप्ताह के दो दिन लोगों से मुलाकात करने के अलावा दो दिन अपने प्रभार वाले जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा भी करना होगा। इन दो दिनों में कलेक्टर्स अपने जिले में केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं की हकीकत देखेंगे। अधूरे काम को पूरा कराने की योजनाएं बनाएंगे। लापरवाह अफसरों पर नकैल कसेंगे। जाहिर है इससे प्रशासन में कसावट आएगी और कामकाज तय समय पर होंगे। लगातार समझाइश के बाद भी सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर राज्य सरकार की चिंता भी सामने आई है। राज्य सरकार ने कलेक्टर व एसपी को सप्ताह में एक दिन जिले का साझा दौरा करने और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने प्रयास करने का निर्देश दिया है। ब्लैक स्पाट की पहचान के अलावा दुर्घटनाजनित सड़कों व स्पाट पर सावधानी के जरुरी उपाय करने कहा है। दरअसल इसके पीछे प्रशासनिक कसावट लाना है।

धनखड़ ने युवाओं से किया खुद पर विश्वास करने का आह्वान

वार्ता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से खुद पर विश्वास करने का आह्वान करते हुए कहा है कि वे देश के आर्थिक, औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यावसायिक परिदृश्य का लोकतंत्रीकरण करने जा रहे हैं। धनखड़ ने हरियाणा के गुरुग्राम में मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में एक बहुत ही साधारण बात है? कि हम बहुत जल्दी किसी को आदर्श बना देते हैं और उसका प्रतीक बना देते हैं। उन्होंने कहा, हम कभी नहीं पूछते कि वह एक महान वकील क्यों हैं, वह एक महान नेता क्यों हैं, वह एक महान डॉक्टर क्यों हैं, वह एक महान पत्रकार क्यों हैं। हम बस यह मान लेते हैं कि यह है...आपको सवाल पूछना चाहिए, क्यों? एक समय था जब कौन व्यापार करता था? व्यापारिक परिवार थे, व्यापारिक राजवंश थे, उनके गढ़ थे, केवल वे ही इसे करते थे, ठीक वैसे ही जैसे सामंत शासन करते थे। लोकतंत्र ने राजनीति को लोकतांत्रिक बनाया। अब, आप देश के आर्थिक, औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यावसायिक परिदृश्य का लोकतंत्रीकरण करने जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे खुद पर विश्वास रखें। कोई भी व्यक्ति तब तक सम्मान का हकदार नहीं है जब तक उनमें गुण नहीं हों। युवाओं की चापलूस या पाखंडी बनने की इच्छा कभी नहीं होनी चाहिए। धनखड़ ने युवाओं से कहा, आपको वंश की आवश्यकता नहीं है, आपको परिवार के नाम की आवश्यकता नहीं है।

शिष्य युवा पीढ़ी से आएंगे, जो शेरों की तरह हर समस्या का समाधान करेंगे

युवा जोखिम लें और देश में ऐतिहासिक परिवर्तन लाएं : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के बड़े लक्ष्यों को हासिल करना देश के हर नागरिक का कर्तव्य बताते हुए देश के युवाओं का आह्वान किया है कि वे आराम वाली जिन्दगी से बाहर निकल कर जोखिम लें और खुद के साथ देश को भी सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाकर कर इतिहास के सबसे बड़े परिवर्तन के उत्प्रेरक एवं लाभार्थी बनें। मोदी ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। उन्होंने देश भर से आये तीन हज़ार प्रतिभावान युवाओं से संवाद करते हुए उनको अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ ही पैदा होने वाले कई अवसरों के बारे में प्रोत्साहित किया और कहा कि उनकी पीढ़ी न केवल देश के इतिहास में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएगी, बल्कि वे इसके सबसे बड़े लाभार्थी भी होंगे। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सलाह दी कि वे कम्फर्ट जोन से बचें, जोखिम उठाएं और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलें, जैसा कि यंग लीडर्स डायलॉग के प्रतिभागियों ने प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि जीवन का यह मंत्र उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत के युवाओं की जीवंत ऊर्जा पर प्रकाश डाला और कहा कि पूरा देश स्वामी विवेकानंद को याद कर रहा है और उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है, जिन्हें देश के युवाओं पर बहुत भरोसा था। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि उनके शिष्य युवा पीढ़ी से आएंगे, जो शेरों की तरह हर समस्या का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें स्वामी जी और उनकी मान्यताओं पर पूरा भरोसा है, जैसे स्वामी जी को युवाओं पर भरोसा था। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें स्वामी जी पर पूरा भरोसा है, खासकर युवाओं के बारे में उनके दृष्टिकोण पर। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यदि स्वामी विवेकानंद हमारे बीच होते, तो 21वीं सदी के युवाओं की जागृत शक्ति और सक्रिय प्रयासों को देखकर उनमें नया आत्मविश्वास भर जाता। भारत मंडपम में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को याद करते हुए मोदी ने कहा कि डेढ़ वर्ष पहले जहां विश्व के नेता दुनिया के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एक ही स्थान पर थे, जबकि आज वहीं पर भारत के युवा भारत के अगले 25 वर्षों के लिए रोडमैप तैयार कर रहे हैं।

भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 116 रनों से हराया

वार्ता ◂ राजकोट
www.dailypioneer.com

जेमिमाह रॉड्रिग्स (102), हरलीन देओल (89), कप्तान स्मृति मंधाना (73), प्रतिका रावल (67) की शानदार बल्लेबाजी के बाद दीप्ति शर्मा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 116 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 370 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने आठवें ही ओवर में कप्तान गैबी लुईस (12) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी क्रिस्टिना कुल्टर रीली ने सारा फोर्ब्स के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सारा फोर्ब्स (38) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। 27वें ओवर में प्रिया मिश्रा ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (तीन) को आउट किया। 41वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रही क्रिस्टिना कुल्टर रीली को तितास साधु ने बोल्ड कर पवेलियन भेजा। क्रिस्टिना कुल्टर रीली ने 113 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए (80) रनों की जूझारु पारी खेली।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर : चौधरी

एजेंसी ➤ अजमेर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम को रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा है कि रोजगार न केवल युवाओं के जीवन को सशक्त बनायेगा बल्कि प्रदेश और देश के विकास में भी सहायक होगा। चौधरी स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में अजमेर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों में चयनित सैकड़ों युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। ये नियुक्तियां चिकित्सा, शिक्षा, गृह, राजस्व, एवं अन्य विभागों में हुई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नियुक्ति पाने वाले युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोजगार उनके जीवन को सशक्त बनाएगा और प्रदेश और देश के विकास में सहायक भी होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को भारत की असली शक्ति बताया था। उनके विचार भी हमें प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में देश और प्रदेश की सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। चौधरी ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के महत्व को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने पांच वर्षों में दस लाख रोजगार के अवसर प्रदान करने का जो वादा किया है, वह मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के अवसर पर 13 हजार युवाओं को नियुक्ति देने को लेकर साकार होता दिख रहा है। युवाओं के कौशल विकास, उद्यमिता और रोजगार सृजन की दिशा में यह एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर जोर देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में तकनीकी विकास, जैविक खेती और आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से युवाओं को रोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपनी कृषि हितैषी और किसान कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को खेती किसानी के साथ जोड़ने और इस क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव मदद कर रही है।

नागा संन्यासियों, साधु संतों और श्रद्धालुओं पर होगी पुष्प वर्षा

महाकुंभनगर। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ मेले में पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति स्नान पर नागा संन्यासियों एवं अन्य साधु संतों सहित श्रद्धालुओं पर पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति स्नान पर पुष्प वर्षा किए जाने की योजना है। महाकुंभ का पहला स्नान पर्व सोमवार 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा और बुधवार 14 जनवरी मकर संक्रांति (अमृत स्नान) पर्व है। इस बार दोनो पर्व आगे पीछे पड़े हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार महाकुंभ-2025 को यादगार बनाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। श्रद्धालुओं के लिए यह महाकुंभ एक शानदार अनुभव हो, इसके लिए स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा सभी चीजों का खास ध्यान रखा जा रहा है। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता को आयाम देने के लिए श्रद्धालुओं पर हर बार की तरह इस बार भी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा किए जाने की योजना पर भी काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार इससे पहले भी माघ मेला, कुंभ समेत कई धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं, साधु और संतों पर पुष्प वर्षा की जाती रही है। उनकी मंशा के अनुरूप महाकुम्भ 2025 में भी नागा संन्यासियों एवं अन्य साधु संतों के साथ-साथ श्रद्धालुओं पर भी पुष्प वर्षा की परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। संगम नोज पर पुष्प वर्षा किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन इस बार चूंकि और अधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे तो ऐसे में संगम नोज के साथ-साथ अन्य सभी घाटों पर भी पुष्प वर्षा की योजना है।

हर युवा को रोजगार, संकल्पबद्ध राज्य सरकार : राजेश शुक्ला

एजेंसी ➤ भिंड
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार हर युवा को रोजगार देने संकल्पित है। शुक्ला ने भिण्ड जिले के मेहगांव में युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिस शिप मेले में युवाओं को नियुक्ति-पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार मेले में 62 प्रतिष्ठित कम्पनियों ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को शिक्षित व कुशल बना कर उन्हें योग्यता के आधार पर रोजगार एवं स्व-रोजगार प्रदान करने में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा हर युवा को शिक्षित कर रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि डॉ. यादव इसके लिए 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर प्रदेश के युवाओं को महत्वपूर्ण सौगात देने जा रहे हैं। शुक्ला ने कहा कि जिला स्तरीय रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उचित नौकरी दिलाने में मदद करना है। इस तरह के रोजगार मेलों से युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होते हैं। हमारा प्रयास है कि जिला स्तरीय रोजगार मेले को विकासखंड स्तर पर भी ले जाया जाये, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी रोजगार के अवसर सरलता से मुहैया कराये जा सकें। इन मेलों से रोजगार के इच्छुक युवाओं को कंपनी से सीधे संपर्क करने का अवसर भी सहज उपलब्ध होता है। शुक्ला ने कहा कि उन्हें गर्व है कि भिण्ड आगे बढ़ रहा है। अब वो समय नहीं है, जब भिण्ड की पहचान डकैतों से की जाती थी। भिण्ड के युवा देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भिण्ड जिले के युवा आईएएस एवं आईपीएस भी बन रहे हैं। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आगे बढ़ने का प्रयास करें, मार्ग की बाधाएं दूर करने का काम मध्यप्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में वे करेंगे। रोजगार मेले में पहुंचे 786 युवाओं का विभिन्न कंपनियों से आए अधिकारियों ने साक्षात्कार लिया। इसमें 400 युवाओं का तत्काल चयन किया गया। शुक्ला ने मेले में ही 100 से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर भी प्रदान किये।

महाकुंभ मेले के लिए विंध्याचल धाम में तैयारियां पूरी

एजेंसी ➤ मिर्जापुर
www.dailypioneer.com

प्रयागराज महाकुंभ मेले के लिए मिर्जापुर में प्रसिद्ध सिद्धपीठ विंध्याचल धाम में भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। धाम में मां विंध्यवासिनी देवी के गर्भ गृह में चरण स्पर्श दर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसा महाकुंभ स्नान के दौरान यहां भारी भीड़ होने के दृष्टिगत लिया गया है। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कुंभ के बाद यहां चार करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। जिला प्रशासन ने तैयारियों के को अंतिम रूप देने का दावा किया है। पूरी व्यवस्था नवरात्रि मेले के तर्ज पर की गई है। भगदड़ की स्थिति न हो इसके लिए प्रशासन फूंक-फूंक कर कदम उठा रहा है। रेल विभाग द्वारा मिर्जापुर एवं विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या को देखते हुए तैयारियां की है। खुद डीआरएम सहित अन्य अधिकारी यहां का निरीक्षण कर आवश्यक आदेश निर्देश दिए हैं। एक माह से यहां तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। वही विंध्याचल में यात्रियों की मौलिक सुविधाओं की परेशानी न हो इसका ख्याल रखा गया है। काशी प्रयाग के मध्य विध्य पर्वत पर स्थित मां विंध्यवासिनी देवी धाम शक्ति स्थलों में विशेष रखता है। इस धाम का बहुत महत्व है। देश विदेश से वर्ष भर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहता है। इसी महात्म्य को देखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर के तर्ज पर विध्य कोरिडोर का निर्माण कराया गया है। विश्वनाथ मदिर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी की पसंदीदा परियोजना है। विंध्य कोरिडोर योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस निर्माण के बाद यहां दर्शनार्थियों की संख्या में गुणात्मक परिवर्तन हुआ है। असल में दूर दराज से किसी धार्मिक यात्रा में आने पर लोग आस पास के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलो पर भी जाना चाहते हैं। विंध्याचल प्रयागराज के पास ही स्थित है। कुंभ स्नान के बाद भारी संख्या यहां भारी श्रद्धालुओं की सम्भावना है। यह संख्या चार करोड़ तक हो सकती है। जिला प्रशासन इसी को मद्देनजर अपनी तैयारियों को अमली जामा पहना रहा है। सरकार की ओर से भी यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रेन और बसों की विशेष व्यवस्था कर रखी है। स्नान पर्वों पर हर समय बस उपलब्ध होंगे। वहीं विशेष ट्रेन चलाने की योजना है। साथ साथ कई ट्रेनो का मिर्जापुर में स्टापेज भी किया गया है। इससे यात्रियों को सुगमता होगी।

सर्दियों की रातों में अकसर बिगड़ती है तबीयत, रखें ख्याल : विशेषज्ञ

एजेंसी ➤ जालौन
www.dailypioneer.com

यूं तो हम सभी अपने बड़े बुर्जुगों से लगातार सुनते ही आ रहे हैं कि सर्दियों में तबीयत बिगड़ने की आशंका अधिक रहती है इसलिए विशेष सावधानी रखना जरूरी है लेकिन चिकित्सा जगत से जुड़ें विशेषज्ञों का भी यह मानना है कि सर्दियों विशेषकर रात के समय तबीयत बिगड़ने की आंशका अधिक रहती है इसलिए किसी भी बीमारी के रात के समय उभरने या बढ़ने के खतरे को देखते हुए इस दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतना जरूरी है। यहां एमबीबीएस (एमडी) फिजिशियन डॉ देवेंद्र कुमार और एमबीबीएस (एमएस) सर्जन डॉ कांत तिवारी ने विशेष बातचीत में कहा कि हम सभी कभी ना कभी तो बीमार हो ही जाते हैं। कभी इंफेक्शन तो कभी बदलते मौसम के चलते सिरदर्द, बुखार, जुकाम जैसी समस्या हो ही जाती है। अक्सर लोगों की सेहत दिन की बजाए रात को बिगड़ती है और अगर तबीयत दिन में खराब हो गई तो रात में इसके लक्षण ज्यादा दिखते हैं। इसके पीछे का मेडिकल कारण हैं। दरअसल शरीर की नेचुरल कार्डिएक रिदम इसमें अहम रोल प्ले करती है। बॉडी की बायोलॉजिकल क्लॉक कई प्रोसेस को रेगुलेट करती है जिसमें हार्मोन रिलीज, टेम्परेचर कंट्रोल और इम्यून रिस्पॉन्स सब शामिल हैं। रात में डाइजेशन और सर्कुलेशन सहित शरीर के कुछ फंक्शन स्लो हो जाते हैं क्योंकि उस समय शरीर आराम कर रहा होता है। इसी के चलते सांस और जोड़ों के दर्द की दिक्कत भी बढ़ सकती है। रात में, शरीर के कुछ फंक्शन जैसे डाइजेशन और सर्कुलेशन धीमे हो जाते हैं क्योंकि शरीर आराम कर रहा होता है। ब्लड सर्कुलेशन कम हो जाता है इसलिए इस मौसम में कुछ खास बातों का ख्याल रखना जरूरी रहता है। सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा काफी बढ़ जाता है। इस समय ठंड के चलते लोग फिजिकल एक्टिविटी कम करते हैं, जिसके कारण बीपी व कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ जाता है और यही हार्ट डिजीज का प्रमुख कारण बनता है। इसी के साथ खाने-पीने से जुड़ी लापरवाही जैसे बहुत ज्यादा फैट्स और कैलोरी वाला खाना दिल को नुकसान पहुंचाता है। प्रोसेस्ड फूड भी दिल को प्रभावित करता है। स्ट्रेस और डिप्रेशन की समस्या भी सर्दी के मौसम में बढ़ जाती है और ये मानसिक तनाव भी हार्ट डिजीज को बढ़ावा देते हैं। सर्दी के मौसम में खांसी सर्दी जैसी सामान्य बीमारियां भी हार्ट डिजीज को बढ़ा सकती हैं क्योंकि बॉडी में इन्फ्लेमेशन बढ़ने से दिल पर अधिक दबाव पड़ता है इसके कारण भी हार्ट अटैक आ सकता है। जिन्हें दमे की शिकायत है वह रात में ज्यादा हो जाती है। ऐसा शरीर में कोर्टिसोल लेवल में बदलाव होने के कारण होता है।

नाबालिग किशोरी का शव कुएं से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर के गांव बडिंग में एक कुएं से 14 वर्षीय लड़की का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एडीसीपी मुख्यालय सुखविंदर सिंह ने बताया कि नौ जनवरी 2025 को, एक आरोपी, जिसकी लड़की से सगाई हो चुकी थी, उसे बर्गर की दुकान पर ले गया। हालाँकि, वह घर नहीं लौटी। आरोपी ने अपने दो दोस्तों की मदद से कथित तौर पर उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और उसके शव को ठिकाने लगा दिया। एडीसीपी ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सात सौ ग्राम अफीम बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के रायला थाना क्षेत्र में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 705 ग्राम अफीम बरामद करके चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रायला थाना प्रभारी बच्छराज के नेतृत्व में पुलिस दल कल रात रायला थाने के सामने भीलवाड़ा-अजमेर राजमार्ग पर नाकाबंदी कर रहा था कि इसी दौरान भीलवाड़ा की ओर से आई एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें 705 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि इस पर कार में सवार कालू (28), अनिल (21)अनिल (20) पुत्र रामप्रसाद जाट और रसीद (25) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उक्त अफीम वे जोधपुर ले जा रहे थे। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मादक द्रव्य और मनोत्तेजक पदार्थ (एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज कर लिया।

बागडे ने लोहड़ी पर्व पर दी शुभकामनाएं

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने देश एवं प्रदेशवासियों को लोहड़ी पर्व पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बागडे ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी सूर्य के आलोक में जीवन को उर्वर करने का पर्व है। उन्होंने इस पर्व पर सबके मंगल की कामना की है।

स्टालिन ने तमिलनाडु के मछुआरों की रिहाई के लिए जयशंकर को फिर लिखा पत्र

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना की ओर से मछली पकड़ने के दौरान तमिलनाडु के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को फिर से पत्र लिखकर उनकी और उनकी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की सुरक्षित रिहाई कराने का आग्रह किया। स्टालिन ने नावों सहित सभी गिरफ्तार मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने और इस जटिल समस्या का स्थायी समाधान खोजने के लिए डॉ. जयशंकर से मजबूत और समन्वित कूटनीतिक कदम उठाने का आग्रह किया। डॉ. जयशंकर को लिखे एक अर्ध-आधिकारिक पत्र में, स्टालिन ने कहा, मैं गहरी चिंता की भावना के साथ आपको यह लिख रहा हूं, क्योंकि श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हमारे मछुआरों को पकड़े जाने की घटनाएँ निरंतर जारी है।

राणा ने 184 करोड़ किसानों के खातों में किए ट्रांसफर

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने 184 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इसमें फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों के लिए 10393 मशीनों पर 122 करोड़ रुपये का अनुदान और 62 करोड़ रुपये का बोनस शामिल है। राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) न केवल किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाएगा। उन्होंने बताया कि खरीफ-2024 के दौरान प्रतिकूल मौसम की वजह से प्रभावित हुई कृषि और बागवानी फसलों के लिए दो हजार रु प्रति एकड़ बोनस देने का फैसला लिया गया था। इसी क्रम में 62 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 860 करोड़ रुपये की बोनस राशि 8.18 लाख किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा चुकी है।

स्पाडेक्स परीक्षण अभियान मील का पत्थर साबित होने के करीब पहुंचा : इसरो

एजेंसी ➤ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पाडेक्स) मिशन एक सफल परीक्षण डॉकिंग प्रयास के साथ ही एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित होने के करीब पहुंच गया है। ऑपरेशन केवल 3 मीटर तक आगे बढ़ने से पहले 15 मीटर की दूरी तक आगे बढ़ा। अभियान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अंतरिक्ष यान को बाद में एक सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया गया। इसरो वैज्ञानिक अब मिशन के अगले चरणों का चार्ट बनाने के लिए परीक्षण के दौरान एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं। वास्तविक डॉकिंग प्रक्रिया निष्कर्षों के व्यापक मूल्यांकन के बाद शुरू होगी। इसरो ने रविवार को एक 'एक्स' पोस्ट में कहा, 15 मीटर तक और उससे आगे 3 मीटर तक पहुंचने का परीक्षण प्रयास किया गया है। अंतरिक्ष यान को सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया जा रहा है। डेटा का और विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया की जाएगी। अपडेट के लिए बने रहें। इससे पहले इसरो ने मिशन की प्रगति पर एक रोमांचक अपडेट प्रदान किया था, जिसमें एक ऐतिहासिक डॉकिंग घटना के प्रति इसके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया था। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा, 15 मीटर की दूरी पर हम एक-दूसरे को और अधिक स्पष्ट रूप से देखते हैं, रोमांचक 'हैंडशेक' लिए हम सिर्फ 50 फीट की दूरी पर हैं। स्पाडेक्स मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका लक्ष्य कक्षा में स्वायत्त डॉकिंग क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। यह तकनीक मानव अंतरिक्ष उड़ान और गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण सहित भविष्य के अंतरिक्ष प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है। इसरो के मिशन नियंत्रण द्वारा मिशन की बारीकी से निगरानी की जा रही है, वैज्ञानिकों ने सफल डॉकिंग प्राप्त करने के बारे में आशावाद व्यक्त किया है। इसरो के एक अधिकारी ने टिप्पणी की, यह उपलब्धि भारत की इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और नवाचार को प्रदर्शित करती है, जो अत्याधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नेतृत्व करने की हमारी क्षमता को रेखांकित करती है। जैसे-जैसे मिशन डॉकिंग अनुक्रम के अंतिम चरण में आगे बढ़ेगा, आगे के अपडेट की उम्मीद है।

बारां की नमो ड्रोन दीदी रितु को मिला राष्ट्रपति भवन से आमंत्रण

बारां। राजस्थान में बारां जिले की मांगरोल तहसील के मूंडला गांव निवासी नमो ड्रोन दीदी रितु मीणा को राष्ट्रपति भवन में 76 वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। किसानों की सहकारी संस्था इफको के उप क्षेत्रीय प्रबंधक जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि इफको द्वारा रितु मीणा को लगभग 14 लाख की कीमत का ड्रोन निःशुल्क दिया गया था। जिसके माध्यम से बिना खेत में उतरें ही फसल में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का छिड़काव किया जाता है। क्षेत्र की पहली ड्रोन दीदी होने के कारण रितु को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में भाग लेने का आमंत्रण मिला है। डाक विभाग के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति भवन का आमंत्रण नमो ड्रोन दीदी रितु मीणा को सौंपा गया। रितु ने बताया कि उसने कभी राष्ट्रपति भवन जाने की कल्पना तक नही की थी, लेकिन इफको द्वारा मिले ड्रोन व उसके संचालन प्रशिक्षण के कारण उन्हें राष्ट्रपति भवन जाने का मौका मिला है।

विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में युवा शक्ति की सबसे बड़ी भूमिका : भजनलाल

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत बताते हुए युवाओं का आह्वान किया है कि उन्हें उनके संदेश को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे और अपनी भीतर की शक्ति और क्षमता को पहचानकर अपने सपनों को पूरा करते हुए सफलता की नई उंचाईयों को छूएं। शर्मा एसएमएस स्टेडियम में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' के संदेश को युवा आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा प्रतिभाओं को महोत्सव में पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आसमान में एक लम्बी उड़ान भरे। प्रदेश का हर युवा विकसित राजस्थान की दिशा में पूरी क्षमता के साथ काम करे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार चार जातियां-युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम पांच साल में चार लाख सरकारी भर्ती और निजी क्षेत्र में छह लाख रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे समाज के सबसे बड़े स्तंभ हैं। हमारे युवा जिस देश और प्रदेश में गए हैं, उन्होंने मेहनत कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। विश्वभर में प्रवासी राजस्थानियों को अपनी हुनर और प्रतिभा से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कई देशों को प्रदेश में भाषाई संस्थान खोलने के लिए आमंत्रित किया है ताकि हमारी युवा प्रतिभाएं विदेशी भाषाओं में पारंगत होकर अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त कर सके। हम युवाओं की शैक्षणिक योग्यता के साथ ही, कौशलपरक योग्यता तथा अभिरूचि के संबंध में पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण भी करेंगे। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत किए गए एमओयू के माध्यम से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गत एक वर्ष में युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की है। राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर नई शाखाओं की शुरुआत भी की गई है ताकि हमारे विद्यार्थियों को व्यावसायिक और उद्योग आधारित शिक्षा मिल सके। अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सेलेरेटर और एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी के तहत हमने युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 144 कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित कर करीब 30 हजार युवाओं का चयन और करीब 10 हजार युवाओं को करियर के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्टार्टअप लॉन्चपैड भी स्थापित किए हैं, जिससे युवाओं को नए स्टार्टअप शुरू करने और अपनी नवाचार क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है।

कर्मठ व बहुमुखी प्रतिभावान पत्रकार थे पं. प्रेम

एजेंसी ➤ जालंधर
www.dailypioneer.com

देवभूमि हिमाचल ने कुछ उन गिने-चुने महान सपूतों को पैदा किया है जिन्होंने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर न केवल अपनी माटी को गौरवान्वित किया अपितु समाज को नई दिशा देने का बीड़ा भी अपने कंधों पर उठाया जिसमें वह काफी हद तक कामयाब भी रहे हैं। भले ही यह महान पुरुष आज इस संसार में नहीं हैं लेकिन उनकी स्मृतियां मानस पटल पर कायम हैं और युगों-युगों तक रहेंगी। ऐसी ही एक विभूति का नाम है पंडित आज्ञा राम प्रेम। इस नाम का स्मरण होते ही एकाएक ध्यान कलम की तरफ चला जाता है क्योंकि कलम के धनी पंडित जी ने अपनी कलम के बलबूते पर न केवल इस समाज की सेवा की बल्कि इस सदमार्ग पर चलने के लिये अनेक युवाओं का सहारा एवं मार्गदर्शक भी बने। कठिन परिस्थितियों से जूझ कर पंडित जी ने जो स्थान हासिल किया वह उनकी योग्यता का एक उत्तम उदाहरण माना जा सकता है। उन्होंने पत्रकारिता की लम्बी यात्रा में परम्परागत लक्ष्यों की तरफ निरंतर चलना ही पर्याप्त नहीं माना बल्कि अन्य युवाओं को भी पूर्ण जागरूकता के साथ इस दिशा में चलने के योग्य बनाना अपना कर्तव्य समझा। देश के विभिन्न समाचार पत्रों में सेवा कर रहे ऐसे असंख्य लोग उनकी ही देन हैं। देवभुमि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में देहरा गोपीपुर तहसील के गांव बठरा में 18 जुलाई 1937 को जन्मे आज्ञा राम प्रेम का जीवन सतत् संघर्षों के थपेड़े सहने वाले एक सामान्य व्यक्ति की जीवट कहानी है। वे एक अत्यन्त संवेदनशील, सहृदय लेखक एवं रचनाकार रहे। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में 'पत्रकार' नामक पुस्तक का लेखन-सम्पादन करके इस क्षेत्र के पत्रकारों को एक नई राह, तकनीक और लेखन विधि सिखाने का शानदार प्रयास किया। वह पंजाब और हिमाचल प्रदेश के संभवतः प्रथम ऐसे पत्रकार थे जिन्होंने पत्रकारिता में सचित्र फीचर लेखन की परम्परा को शुरू किया। गरीब की कुटिया में जा कर उसके अनुभव को आधार बना कर जनसाधारण की सामान्य दुर्दशा व व्यथा को अपनी स्टीक लेखनी एवं टिप्पणियों में संजोकर समाचार पत्रों के माध्यम से समाज में पहुंचा कर लाखों लोगों को आन्दोलित किया।

नारायणपुर पुलिस ने चलाया आईईडी डिटेक्शन का विशेष अभियान

■ 2 महीने में 30 आईडी बरामद कर ध्वस्त किये

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से क्षेत्र में आईईडी लगाया जाकर सुरक्षा बलों को टारगेट किया जा रहा है। उक्त आईईडी के चपेट में क्षेत्र के ग्रामीण, मवेशी एवं अन्य जीव जन्तु चपेट में आ रहे है।विगत दिनों नक्सल विरोधी अभियान पर गट्टाकाल क्षेत्र में गये सुरक्षा बलों की वापसी दौरान उन्हें गंभीर नुकसान पहुंचाने के नीयत से लगाया गया था। 10 जनवरी को उक्त प्रेसर आईईडी के चपेट में 3 ग्रामीण घायल हुए थे जिसमें से एक ग्रामीण मोहन जुर्री की मृत्यु हो गई और अन्य 02 घायलों के बारे में जानकारी लिया जा रहा है। आईईडी विस्फोट से एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हुआ और भैंसे के साथ 2 ग्रामीण बाल-बाल बचे है उक्त आईईडी के चपेट में आने से रास्ता चलने वाले ग्रामीणों, विकास कार्य कर्मचारियों व स्कूली बच्चों को भी नुकसान हो सकता था। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर श्री प्रभात कुमार (भा.पु.से.) उक्त घटनाओं को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील किया गया कि- क्षेत्र में आईईडी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देवें। ताकि समय रहते आईईडी को निकाला जा सके जिससे सुरक्षा बल, ग्रामीणों, विकास कार्य कर्मचारियों, शासकीय सेवको, एवं वन्य प्राणी को जान माल की हानि होने से बचाया जा सकें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आईईडी की सही जानकारी देने एवं जब्त करवाने वाले व्यक्तियों को 5000 रुपए तक की राशि इनाम में दी जाएगी एवं उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

संयुक्त संचालक ने किरन्दुल रामाबूटी जलस्त्रोत का किया निरीक्षण

किरन्दुल। नगरीय प्रशासन एवं विकास संभागीय कार्यालय जगदलपुर के संयुक्त संचालक मिथिलेश अवस्थी रविवार नगरपालिका किरंदुल दौरे पर पहुंचें।इस अवसर पर संयुक्त संचालक ने प्राकृतिक पेयजल स्त्रोत रामाबूटी का दौरा कर पेयजल प्रदाय कार्य का निरीक्षण किया साथ ही निकाय क्षेत्रान्तर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया गया।उपअभियंता को स्थल पर चल रहे निर्माण कार्यो को पूर्ण तकनीकी मापदण्ड अनुसार कराये जाने के निर्देश दिए गए,साथ ही निकाय के कर्मचारी वर्ग से भी मुलाकात कर उनके समस्याओं से रूबरू होकर शासकीय कार्यो को पूर्ण जिम्मेदारी से निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र, उपअभियंतातीरथ राम सिन्हा एवं कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

पूरे प्रदेश में षडयंत्र पूर्वक ओबीसी के आरक्षण को कम किया गया : लालू राठौर

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। उन्होंने अपने विज्ञप्ति में कहा कि पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है। साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित थी, वे सभी अब सामान्य सीटें घोषित हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर ने आगे कहा है कि बस्तर और सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान है सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ, चिरमिरी, भरतपुर सोनहत और बस्तर के 7 जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाडा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर मोहला, जशपुर, गैरोला पेंड्रा मरवाही, और कोरबा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है। इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने हैं। लालू राठौर ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पंचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती भाजपा की इस सरकार ने की है। त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में रायपुर जिला पंचायत में 16 क्षेत्रों में से केवल 4 ओबीसी के लिए आरक्षित है। बिलासपुर जिले में सदस्यों के 17 में से केवल एक क्षेत्र क्रमांक 1 में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से एक भी सीट आरक्षित नहीं है।

उम्मीद संस्था ने कराया महिला बच्चों से सम्बंधी अपराध जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उम्मीद सामाजिक संस्था व कोण्डागांव पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से सायबर, ट्रेफिक तथा महिलाओं व बच्चों से जुड़े अपराधों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन फरसगांव नगर के सामुदायिक भवन में कराया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूपेश डाण्डे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप झा उप संचालक जिला अभियोजन कोंडागांव और अनिल कुमार विश्वकर्मा एसडीपीओ फरसगांव की उपस्थिति में किया गया जहाँ छः स्कूलों के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लेकर महिला व बच्चों, सायबर, रोड एक्सीडेन्ट से सम्बंधी अपराधों तथा इससें बचाव के बारे में जाना तथा कार्यक्रम की समाप्ति में बच्चों को पुरुस्कार वितरण किया गया इस दौरान मुख्य और विशिष्ट अतिथि से यातायात नियमों व सायबर ठगी से बचने व महिला बच्चों से जुड़े सवाल पूछा गया जिनका जवाब बच्चों को आसानी और सरल शब्दों में मिला। इस दौरान मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने कहा उम्मीद समाजिक संस्था के इस पहल की सराहना करते हैं इस दौरान जनपद अध्यक्ष शिशुकुमारी चनाप नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल पार्षद संगीता पुजारी डॉ प्रवीन अख्तर आसमन साहू तिरुमाला सिन्हा कांची चंदेल उम्मीद संस्था के सदस्य फ़िरोज मेमन अभिषेक जायसवालए जैन पाल निषाद स्कूलों से आये हुए बच्चे ग्रामीण महिलाएं व अन्य उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत कोड़ेनार में मनाया गया युवा दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। बता दें रविवार ग्राम पंचायत कोड़ेनार में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारो की व्याख्या करते हुए सरपंच मीना मंडावी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके किस्से तो प्रभावित करते ही है लेकिन उनके विचारों पर चर्चा की जाए तो हमारे व्यक्तिव सरल होगा साथ ही हमारा समाज देश में भी भाईचारा बढ़ेगा। मौके पर भाजपा प्रभारी सत्यजीत चौहान, मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, रामबाबू सिंह, के ए पापाचन, राजेन्द्र मृणाल राय, डी पी मिश्रा, भावना सक्सेना, खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, राजेन्द्र यादव, शालिनी कर्मा, तपन दास, राजेन्द्र चौहान,आर सी नाहक, रवींद्र सोनी, राम चौधरी, जोशना स्वाई, सरस्वती डेहरिया उपस्थित थे।

आमाकोट संकुल स्तरीय नवोदय परीक्षा मॉक टेस्ट कराया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र आमाकोट में संकुल स्तरीय नवोदय परीक्षा मॉक टेस्ट लिया गया । संकुल केंद्र अंतर्गत 06 प्राथमिक शाला में नियमित कोचिंग कराने पश्चात आज सभी 18 बच्चों को संकुल केंद्र आमाकोट में एक साथ परीक्षा में प्रश्न हल करने ह्रस्क शीट भरने आदि की जानकारी देकर मॉक टेस्ट लिया गया । मॉक टेस्ट का आयोजन संकुल प्राचार्य श्री भुनेश्वर साहू के निर्देश से संकुल समन्वयक श्री प्रदीप कुमार दास के द्वारा प्रश्न पत्र एवं ह्रस्क शीट उपलब्ध कराकर कराया गया। मॉक टेस्ट में श्री कंवल दुग्गा, श्री मुकेश सोनवानी, श्री भुनेश्वर कुंजाम, श्री टोमन जैन, श्रीमती संध्या ठाकुर एवं समस्त प्रधान अध्यापक एवं शिक्षकों ने सहयोग किया।

परीक्षा संपन्न होने के दौरान सभी प्रधान अध्यापक की बैठक आयोजित कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अपार आई डी की प्रगति, इको क्लब के अंतर्गत किचन गार्डन निर्माण, 5वी 8वीं बोर्ड परीक्षा एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जानकारी दिया गया। परीक्षा पश्चात सभी प्रतिभागी बच्चों को न्योता भोज भी कराया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने प्रातःकालीन नगर का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापुर
www.dailypioneer.com

मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरूण साव जी मार्गदर्शन में नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री हेमन्त कुमार नेताम द्वारा प्रतिदिवस प्रातः कालीन नगर का भ्रमण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से नगर की साफ-सफाई, पेयजल, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शहर के विभिन्न जी.व्ही.पी. स्थलों की साफ-सफाई कराई गई। तथा आम नागरिकों से खुले में कचरा न फेकने की अपील की गई।

प्रतिष्ठा द्वादशी के पावन अवसर पर लौह नगरी में आयोजित भजन संध्या में चहूं ओर गूंज उठी श्री राम-श्याम की धुन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विक्रम संवत 2080, पौष शुक्ल द्वादशी (22 जनवरी 2024) की वह पावन तिथि थी जब सैकड़ों वर्षों की प्रतीक्षा और पूर्वजों की तप, त्याग और बलिदान के पश्चात भारत की संस्कृति, अस्मिता एवं गौरव के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी के बाल स्वरूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में प्रभु की जन्मस्थली अयोध्याजी में की गई थी। हिंदू तिथि अनुसार इस वर्ष 11 जनवरी को स्थापना की प्रथम वर्षगांठ के पुण्य अवसर पर लौहनगरी के हृदय स्थल पर अवस्थित श्री राघव मन्दिर बैलाडीला देवस्थान में देश के सुप्रसिद्ध गायक पंडित प्रभंजय चतुर्वेदी की अमृतवाणी से 'ऐसी लागी लगन', 'बोलो राम राम राम', 'अच्युतम केश्वम कृष्ण दामोदरम' जैसे लोकप्रिय भजनों से लौह नगरी के श्रद्धालुजन अभिभूत होकर प्रभु की भक्ति में लीन हो गए। इस अवसर पर श्री राघव दरबार में पूर्ण भक्तिभाव से रामोत्सव एवं दीपोत्सव मनाया गया। बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सर्व सनातन समाज के सहयोग से आयोजित इस भजन संध्या में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक किशन आहूजा, प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मंजू साही, महाप्रबंधक (उत्पादन) आर. राजाकुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) एन. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (खनन) एस. कोचर, महाप्रबंधक पी प्रसाद, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र, थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आजाद सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार के जितेंद ठाकरे ए.के. सिंह, डी.पी. डेहरिया, ओम कुमार साहू, राजनाथ, रवीश तिवारी, राजेन्द्र यादव, प्रकाश चन्द्र जैन, मनीष गुप्ता, देवेंद्र साहू, मोहित देशमुख द्वारा नगरपरिवार के सहयोग से यह भव्य धार्मिक आयोजन सफलता पूर्वक आयोजित हुआ।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान राजीव भवन मे बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक मे नगरीय क्षेत्र के सभी 15 वार्ड के सभी पूर्व पार्षद एल्डरमैन अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं नगर के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी एवं समस्त कांग्रेस पदाधिकारी बैठक मे उपस्थित हुए! जिला कांग्रेस महामंत्री शेख तौहीद अहमद ने बैठक को संचालन किया, बैठक सभी कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसी ने चुनाव संबधित मार्गदर्शन दिया साथ ही सभी वार्ड का समीक्षा किया गया नगरीय निकाय के पूर्व जनप्रतिनिधियों ने अपने कार्यकाल के कामों को साझा किया। वही कांग्रेस के विचारधारा से प्रभावित हो कर रिटायर बैंक कर्मचारी एवं वार्ड वासी ने कांग्रेस की सदस्यता लिया ,वार्ड क्रमांक 12 एवं 14 निवासी बैंक कर्मचारी पूज्यमन पात्र, कुंजन सिंह बघेल, भूपेंद्र पुजारी, चमन सिंह भंडारी, मनीषा पात्र, तरुण पात्र, अनिल नाग कांग्रेस से प्रभावित होकर कांग्रेस सदस्यता लिया। इस कार्यक्रम मे पीसीसी सचिव राजेश दीवान, देवनाथ उसेंडी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस महासचिव संतोष राव, सचिव संजय राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबती नेताम, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुनीता मांझी, उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी जेपी देवांगन, मो. हुसैन, सोनातन भद्र, वीपी शुक्ला, पूर्व पार्षद विजय सलाम, अमित भद्र, वगेश्वरी पटेल, राखी राणा, जोशीलाल पात्र, गजा पटेल, मीना नाग, वेदबती पात्र, शब्बीर बढ़गुजर, तरुण देहारी एवं समस्त कांग्रेस सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुभारम्भ मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित के साथ किया गया

सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया विवेकानंद जयंती जगह-जगह पुष्प वर्षा कर नगर में किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुभारम्भ प्रातःकालीन सभा में मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का बहिन ऋतुजा कुपाल के मंच संचालन में पूरे देश में विख्यात स्वामी जी अभिन्न कहानियों और उनके अनेक गुणों को सबसे परिचित कराने के लिए कक्षा एकादश की बहिन सेवती नायक को आमंत्रित किया। स्वामी जी के विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी जी द्वारा दिए गए कथन उठो जागो और तब तक विश्राम न करो जब तक आपकी लक्ष्य की पूर्ति न हो जाए। हमें स्वामी जी के विचार को अमल करने की आवश्यकता है। समाज एवं युवाओं को प्रेरित करने उनके सुविचारों से रूबरू कराए। भैया हिमांशु साहू ने उनके जीवन परिचय को सभी से अवगत कराए। उनके द्वारा चले हुए मार्ग और उनके विचारों को भी सारगर्भित रूप से रखकर सभा को मंत्रमुग्ध किए। विद्यालय के आचार्य मनमोहन साहू ने उनके विशेष कथनों को परिचित कराए और उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस की भी गाथा को बताए। समाज में स्वयं की प्रतिष्ठा और कल्याण के साथ रहने और ढलने की अनूप विचारों से सभी को जोड़े। तत्पश्चात विद्यालय के कक्षा तृतीय से द्वादश तक के भैया बहिनों द्वारा स्कूली बैंड बाजा के साथ शोभा यात्रा निकाला गया। विद्यालय प्रांगढ़ से नगर के बस स्टैंड से होते हुए परशुराम चौक तक भैया बहिनों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी और भारत माता की वेशभूषा से सुसज्जित झांकी के साथ शोभायात्रा निकली। शोभा यात्रा में नगर के प्रतिष्ठित कोठारी पेट्रोल पम्प के संचालक एवं उनके सहयोगियों ने वेशभूषा से सुसज्जित स्वामी जी एवं माताओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर के मुख्य चौक पर नगर के प्रतिष्ठित सज्जनों द्वारा पुष्प वर्षा किया गया। शोभा यात्रा बस स्टैंड पहुंचते ही नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी प्रदीप जैन द्वारा पुष्प वर्षा कर विवेकानंद की वेशभूषा से सुसज्जित भैया बहनों का स्वागत किया। इस भव्य रैली में युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत स्वामी जी के संदेशों और विचारों को माइक के माध्यम से संचालित भी किया गया। इस प्रकार विशेष कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य थानू राम सिन्हा जी ने युवाओं के लिए प्रेरणा रूप कथनों को सबके सामने रखे और उनके मार्ग पर चलने की बात कही। स्वामी जी द्वारा शिकागो के धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके द्वारा सनातन धर्म एवं भारत की संस्कृति पर दिए गए व्याख्यान का जिक्र करते हुए कहा कि स्वामी जी आज होते तो भारत विश्व गुरु होता। उन्होंने विद्यालय के सभी भैया बहिनों से उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वामी जी के विचारों को अमल करने के लिए कहे। राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य थानू राम सिन्हा , प्रधानाचार्य प्रमोद साहू, शकुन्तला सिंह, योगेश्वर जैन, संजय दास , सुकदेव जैन, रविशंकर दुग्गा, मनमोहन साहू, मनीष पूरामें अजय मंडावी सियाराम यादव, श्रीराम नायक, सुनीता साहू, प्रियंका सिंह चौहान, सरला साहू, भावना सिन्हा, बिशन्तीन बसेरा, अश्वनी कोर्राम, कविता तारम तारा सिन्हा एवं भैया बहिन उपस्थित थे।

संकुल स्तरीय नवोदय परीक्षा मॉक टेस्ट कराया गया

भानुप्रतापपुर। संकुल केंद्र घोठा में संकुल स्तरीय नवोदय परीक्षा मॉक टेस्ट लिया गया । संकुल केंद्र अंतर्गत 05 प्राथमिक शाला में नियमित कोचिंग कराने पश्चात आज सभी 24 बच्चों को संकुल केंद्र घोठा में एक साथ परीक्षा में प्रश्न हल करने ह्रस्क शीट भरने आदि की जानकारी देकर मॉक टेस्ट लिया गया । मॉक टेस्ट का आयोजन संकुल प्राचार्य चन्द्रभूषण वाल्मिकी के निर्देश से संकुल समन्वयक कुमार सलामे के द्वारा प्रश्न पत्र एवं ह्रस्क शीट उपलब्ध कराकर कराया गया। मॉक टेस्ट में हेमंत पोया, भोज कुमार, खिलेश्वर सोनी, अशोक तेता, देवसिंह भुआर्य, कीर्तिबाला ठाकुर एवं समस्त प्रधान अध्यापक एवं शिक्षकों ने सहयोग किया।

क्रीड़ा प्रतियोगिता में गौरव विद्या मंदिर कबडडी में प्रथम

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

ब्लॉक स्तरीय निजी स्कूल क्रीडा प्रतियोगिता 3 जनवरी से 10 जनवरी तक के पी इंटरनेशनल स्कूल चटटीगीरोला मे आयोजित किया गया, जिसमे शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर के बालक बालिकाओं ने विभिन्न खेल कबडडी खो-खो गोला फेक एवं 100 मीटर दौड़ में भाग लिए जिसमें विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल क्रीड़ा प्रभारी प्रफुल्ल बारीक एवं वशिष्ठ दास सविता मेम जानकी मेम उपस्थित थे इस प्रतियोगिता में सीनियर बालिका कबड्डी में प्रथम एवं सीनियर बालक कबडडी और खो खो में द्वितीय श्वेता प्रधान कक्षा बारहवीं द्वितीय में मानसी दास कक्षा 11वीं एवं तृतीय स्थान प्रियंका प्रधान कक्षा बारहवीं गोला फेक मे सीनियर बालक टिकेंद्र सिदार कक्षा ग्यारहवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संचालक प्राचार्य प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी मैम के द्वारा दिया गया।

राजस्व की छोटी-छोटी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही करें निराकरण : कलेक्टर

राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण, त्रुटि सुधार जैसी छोटी छोटी समस्याओं के लिए लोगों को जिला कार्यालय न आना पड़े, उसका तहसील कार्यालय में ही निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग के कार्य बहुत ही गंभीरता से करें, कहीं कोई लापरवाही न हो। न्यायालय में ही बैठकर नियमित रूप से सुनवाई करें और प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी सप्ताह में काम से कम दो दिन कार्यालय में जरूर उपस्थित रहे और लोगों की समस्याओं का निराकारण करें। उन्होने कहा कि रीडर न्यायालयीन प्रकरणों में तेजी लाने ई कोर्ट में प्रकरणों का पंजीयन व तारीख़ नियत करें। रीडरो के काम में किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय सीमा से बाहर होने से पहले ही निराकरण करने आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में स्वामित्व योजना, आरबीसी 6-4, ओला वृष्टि क्षति पूर्ति राशि, भू अर्जन मुआवाजा राशि, भूमि आबांटन, विवादित एवं अविवादित नामांतरण, बंटवारा, नजुल नवीनीकरण, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, न्यायलय में दायर प्रकरण, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीपी ग्राम्स, पीजीएन, कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों के निराकरण पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बैठक में अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं रीडर उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में वार्षिक सम्मेलन संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में वार्षिक सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैसए पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाहए श्रवण मरकामए नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला जनभागीदारी अध्यक्ष अजय नाहटा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर रोहरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि युवा देश के भविष्य हैं और युवाओं को प्रत्येक सुविधाएं मिलनी चाहिए ताकि वे आने वाले समय अपना और देश का भविष्य संवार सके। रोहरा ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिली। यह कालेज सन् 1984 से संचालित है लेकिन विकास कार्य पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हुए उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं से आव्हान किया कि साय सरकार में सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी।

एड्स जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयए धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो निरंजन कुमार के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में सप्ताह भर एड्स जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसके तहत धमतरी शहर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। जिसमें जोधपुर वार्ड के रंगमंच सोरिद नगर वार्ड स्थित शांति कॉलोनी स्वामी विवेकानंद चौक रत्नाबांधा जिला अस्पताल परिसर एवं ग्राम मुजगहन के रंगमंच के पास नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के अंतर्गत भ्रांतियां मिटा दो जमाने सेए एड्स नहीं फैलता साथ खाने सेए जागरूकता की होगी जीत, एड्स की हार होगी निश्चित जैसे अनेक प्रकार के नारा लगते हुए जनसामान्य को जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने लोगों को एच आई वी एड्स का परिचय देते हुएए उसके संक्रमणए रोकथामए बचाव एवं उपचार के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की। स्थानीय निवासियों ने नुक्कड़ नाटक के दौरान स्वयंसेवकों के प्रति सराहना व्यक्त किया। वरिष्ठ स्वयंसेवक संदीप व संकेत कुमार साहू द्वारा लिखित एवं निर्देशित इस नुक्कड़ नाटक के प्रदर्शन में स्वयंसेवक अभिलाषा, वीणा, ललिता, परमानंद, महिमा, लोचन, टिकेश्वरी, रश्मि यादव, ओम मरकाम एवं अन्य स्वयंसेवकों का अहम योगदान रहा।

विधायक ने किया गणतंत्र यात्रा का शुभारंभ, धूमधाम से निकाली गई यात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में अंचल में धूमधाम से गणतंत्र यात्रा निकाली गई। विधायक चातुरी नंद ने ग्राम केंदूढार से गणतंत्र यात्रा का शुभारंभ किया। विधायक नंद ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया। तत्पश्चात ध्वजारोहण और राष्ट्रगान का वाचन भी किया गया। विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में गणतंत्र यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए शाला परिसर पहुंची और महापुरुषों के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांग्रेस पार्टी द्वारा गणतंत्र यात्रा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज ग्राम केंदूढार से यात्रा का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र यात्रा के माध्यम से हम आम जन को संविधान के महत्व को बताते है और संविधान में दिए अधिकारों के प्रति आम जनता को जागरूक करते है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र यात्रा 11 जनवरी से 25 जनवरी तक अंचल के विभिन्न गांवों में जाएगी और लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करेगी। ग्राम केंदूढार के साथ ही सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम घाटकछार और भंवरपुर में भी कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा गणतंत्र यात्रा निकाली गई। गणतंत्र यात्रा में विधायक प्रतिनिधि बिरंची बेताल, कांग्रेस नेता मोहन गुप्ता, दूधनाथ साहू, श्रवण पटेल, तन्मय पंडा,सरोज बग़र्ती, सुन्दर लाल तांडी लिंगराज बारीक़, भोजराज सालमा, सत्या भोई, विषिकेशन नाग, ठंडाराम पटेल, ढागराम नायक, राजेश नाग, जयंत यादव, दुष्यंत साहू,विभिषण चौहान, सबीना बानो, अशलीशा खान सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विदित हो कि पिछले वर्ष भी विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में सरायपाली क्षेत्र के गांव गांव में गणतंत्र यात्रा निकाली गई थी जिसका क्षेत्रवासियों ने प्रशंसा की थी।

साथी बाजार का संचालन हेतु जिला स्तरीय फेडरेशन का होगा गठन

साथी बाजार स्थापना हेतु जिला प्रबंधन समिति एवं फेडरेशन गठन के संबंध में बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार साथी बाजार स्थापना हेतु सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल की अध्यक्षता में फेडरेशन गठन की कार्यवाही हेतु कलस्टर लेवल फेडरेशन (सी.एल.एफ.), जिले में कार्यरत किसान उत्पादक संगठन (एफपी.ओ.) तथा महिला स्व सहायता समूहों के सदस्यों की बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में कलस्टर लेवल फेडरेशन (सी.एल.एफ.) के अध्यक्ष एवं सचिव तथा कृषि उत्पादक संगठन से अध्यक्ष एवं सी.ई.ओ. उपस्थित हुए। फीफा नाफेड के अधिकारी मनीष साहा द्वारा साथी परियोजना के मुख्य बिन्दुओं जैसे- स्थानीय स्तर पर कृषि संबंधी बाजार उपलब्ध कराना, जिससे किसान, किसान उत्पादक संगठन, स्व सहायता समूह एवं स्थानीय व्यापारी लाभान्वित हो सकें आदि की जानकारी दी गई। साथी बाजार का सुचारू संचालन जिला स्तरीय गठित फेडरेशन के माध्यम से किया जायेगा। फेडरेशन में जिले के सक्रिय किसान उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) कलस्टर लेवल फेडरेशन (सी.एल.एफ.) के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। फेडरेशन निर्माण हेतु आवश्यक दस्तावेजों एवं फेडरेशन के कार्य क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। वर्तमान में जिले में 20 सी.एल.एफ एवं 10 एफपी.ओ. क्रियाशील है। साथी बाजार के माध्यम से सामान्य सुविधा केन्द्र बनाकर आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति ''मेक इन इंडिया'' को प्रोत्साहन एवं स्वरोजगार के द्वारा महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से लखपति दीदी परियोजना को प्रोत्साहित किया जाना है। प्रत्येक जिले में चयनित प्रमुख स्थान पर साथी बाजार स्थापित किया जायेगा जहॉ उद्यमिता के विकास एवं समृद्धि के लिए एम.एस.एम.ई., स्टार्टअप,एफ.पी.ओ. को शून्य किराये की लागत पर जगह प्रदान किया जाएगा। साथी बाजार में छोटे एवं बड़े कोल्ड स्टोरेज स्थापित किये जाऐंगे। साथ ही एग्रीमॉल के माध्यम से कृषकों को गुणवत्तापूर्ण आदान सामग्री उचित मूल्य पर प्राप्त होगा। स्थानीय उद्योगों को कम कमीशन पर व्यवसाय हेतु अवसर उपलब्ध कराया जायेगा। साथी बाजार का मुख्य घटक अपना मण्डी, कॉमन फेसिलिटी सेन्टर, सुपर मार्केट, फूड जोन, गेमिंग जोन आदि है। व्यापारियों हेतु कुल 140 दुकान प्रस्तावित है जिसमें से 25 प्रतिशत एफपी.ओ.,एस.एच.जी. हेतु आरक्षित होगा। दुकाने आवश्यकतानुसार अलग-अलग आकार के होंगे जिसे 15 वर्ष के अनुबंध के साथ प्रदाय किया जावेगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अन्तर्गत वर्तमान में नवीन कृषि उपज मण्डी, भाटापारा के पास इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की भूमि साथी बाजार हेतु प्रस्तावित है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने साथी बाजार परियोजना अन्तर्गत गठित होने वाले फेडरेशन हेतु उपर्युक्त नाम आमंत्रित किये। फेडरेशन गठन हेतु सी.एल.एफ. एवं एफपी.ओ. से आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी सदस्यों के नाम के साथ 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। सीड कैपिटल की राशि निर्धारण के संबंध में चर्चा किया गया। साथी बाजार के माध्यम से महिला स्व सहायता समूहों एवं एफपी.ओ. के द्वारा स्थानीय स्तर पर निर्मित एवं उत्पादित सामाग्रियों का विक्रय कर उचित मूल्य प्राप्त किया जा सकता है। किसान उत्पादक संगठन तथा महिला स्व सहायता समूहों को साथी परियोजना से जोड़कर साथी बाजार में निवेश एवं नये स्टार्टअप शुरू करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बैठक में राज्य प्रमुख साथी परियोजना अनुराग लाल, उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा डॉ. अंगद सिंह राजपूत, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइंद्र कंवर, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कश्यप, जिले के सभी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं एफ.पी.ओ. व सी.एल.एफ. के अध्यक्ष, सी.ई.ओ., सचिव एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

पशु क्रूरता अधिनियम में कई दण्डनीय प्रावधान मौजूद

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पशुओं के प्रति होने वाली क्रूरताओं के लिए पशु क्रूरता अधिनियम 1960 में कई दण्डनीय प्रावधान हैं। इन प्रावधानों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होने से पशुओ पर होने वाले क्रूरताओं में कमी आ सकती है। संविधान के भाग 51 क (8) के अनुसार प्रत्येक भारतीय नागरिक का मौलिक कर्तव्य है कि वह सभी पशु, पक्षी, आदि प्राणी जीव के प्रति सहानुभूति रखे। भारतीय दंड संहिता की धारा 428 एवं 429 के अनुसार किसी भी पशु जिसमें आवारा पशु भी शामिल है, को मारना या अपंग बनाना दंडनीय अपराध है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1) (जे) एवं धारा 11(1)(जे) के अनुसार किसी भी पालतु पशु को त्यागना अथवा उसे लावारिस छोडना दंडनीय अपराध है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 पशुवध गृह नियम 2001 अध्याय 4, खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के अनुसार किसी भी पशु, मुर्गी या मुर्गा का वध कहीं भी न करके पशु वधगृह में ही करना चाहिए। पशुजन्म नियंत्रण नियम 2001 के अनुसार आवारा कुत्तों को कोई भी व्यक्ति या अधिकारी पुर्नस्थापित नहीं कर सकता केवल विशेष समुह के द्वारा उन्हें पकड़कर बधियाकरण कर छोड़ा जायेगा। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) (द्ध) के अनुसार किसी पशु का स्वामी होते हुए उसे खाना, पानी एवं आवास देने से नकारना तथा लंबे समय तक बांधकर रखना दंडनीय अपराध है। वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम 1972 की धारा 9 के अनुसार व्यक्ति विशेष का बंदर रखना गैरकानूनी एवं दंडनीय अपराध है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 22(1) के अनुसार भालु, बंदर, शेर, चीता, तेंदुआ, सांड का प्रशिक्षण मनोरंजन के लिये करना दंडनीय अपराध है। पशु वधगृह नियम 2001 के नियम 3 के अनुसार हमारे देश में में पशुबलि अवैध है तथा यह दंडनीय अपराध है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) (एम) (आईआई) और धारा (11) (1) (एन) के अनुसार विशेष प्रयोजन से किसी पशु को अन्य पशु के साथ लड़ाई के लिये भड़काना या भाग लेना एक दंडनीय अपराध है। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1945 के अनुसार सौंदर्यवर्धक सामग्री का परीक्षण पशुओं में प्रतिबंधित है। वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम 1972 की धारा 38) के अनुसार चिड़ियाघर में पशुओं को चिहाना, अप्रिय तरीके से खिलाना या परेशान करना और कचरा फेंकना दंडनीय अपराध है।

लर्निंग लायसेंस शिविर 14 जनवरी से

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

36 वां सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस द्वारा 14 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक निर्धारित स्थानों में किया जाएगा। लर्निंग लायसेंस बनवाने के इच्छुक आवश्यक दास्तावेज व निर्धारित शुल्क के साथ के साथ उपस्थित हो सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 एवं 15 जनवरी 2025 को थाना पलारी, 16 एवं 17 जनवरी को थाना कसडोल, 18 एवं 19 जनवरी को थाना करही बाजार, 20 एवं 21 जनवरी को थाना भाटापारा, 22 एवं 23 जनवरी को थाना सिमगा में शिविर आयोजित किये जाएंगे। लर्निंग लायसेंस हेतु वांछित दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट, कलर फोटो एक नग शामिल है।

गृह स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रधानमंत्री मोदी लोगों के सपने को साकार कर रहे : मोनिका देवांगन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा गंगरेल मंडल के ग्राम पंचायत मथुराडीह अंतर्गत आश्रित ग्राम तेंदुकोना में स्वामित्व योजना के तहत आबादी के अधिकार भू अभिलेख स्वामित्व प्रमाण पत्र का वितरण ग्राम के रहवासियों को किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन ने ग्राम वासियों को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना जिनके तहत आबादी भूमि पर बरसों बरस निवास कर रहे लोगों को अंततः अपने आवास का मालिकाना हक प्रदान किया गया है। देश के प्रधानमंत्री सभी वर्ग के लोगों के चिंता करती है आवास योजना के साथ-साथ आवास का नामजद मालिकाना हक प्रदान करना प्रधानमंत्री का सभी वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और दूरदर्शिता को प्रकट करती है स्वामित्व प्रमाण पत्रए संपत्ति पर मालिकाना हक़ का कानूनी प्रमाण होता है। अतः आम जनता अपने मकान का खरीद बिक्री एवं विभिन्न प्रकार के आवश्यकता को पूरा करने मकान के कागजात का उपयोग कर बैंक से कर्ज ले सकती है। इस योजना का मकसदए ग्रामीण भारत में आवासीय संपत्ति के स्वामित्व का एकीकृत समाधान देना है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, ग्राम पंचायत उप सरपंच सुदीप नेताम, गणेशराम बंजारे, दाऊलाल डाहरे एवं ग्राम के गणमान्य उपस्थित रहे।

राशन दुकानों में लाखों का चांवल शॉर्टेज, अधिकारियों के मिली भगत की आशंका

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश में 219 करोड़ रूपये के राशन बचत घोटाले की विधानसभा जांच समिति का अता पता नहीं है। विष्णुदेव साय की सरकार को बने एक वर्ष पूरे हो गये हैं। पूरे राज्य में सुशासन का पर्व बनाया जा रहा है। भाजपा का एक गुट खुश है कि एक साल पूरा हो गया, अभी चार साल बचे हैं। बीते एक साल में क्या पाया का हिसाब लग रहा है। इससे परे एक मुद्दा ऐसा है जिसमें सरकार के ही सभापति सहित मनोनित सदस्य 219 करोड़ के राशन बचत घोटाले को लेकर गंभीर नहीं है। यह बात छग के प्रसिद्ध आरटीआई एक्टीविस्ट राकेश चौबे ने मुख्य सचिव को स्पष्ट रूप से एक एक बात का उल्लेख करते पत्र सौंपा है। इस राशन घोटाले में धमतरी जिले का खाद्य विभाग भी संलिप्त पाया जायेगा क्योंकि यहां खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक अंगद के पांव की तरह जमे हुए हैं जिनके द्वारा बिना कलेक्टर के अनुमोदन के अरवा, उसना चांवल को इधर उधर किया गया था। यह जांच भी अभी लंबित है। प्रदेश सहित क्षेत्र के राशन दुकानों में लाखों रूपये के चांवल शॉर्टेज से अधिकारियों के मिलीभगत की आशंका जताई जा रही

है।

पिछले लंबे समय से खाद्य अधिकारी जो कि यहां खाद्य निरीक्षक के रूप में पदस्थ हुए थे। आज वे धमतरी में पदस्थ 18 वर्षीय कार्यकाल पूरा कर चुके है और उन्हें पदोन्नति भी दी गई है। उन्हीं के अधीन खाद्य निरीक्षक भी यहां जमे हुए हैं। जिनके द्वारा कलेक्टर से बिना अनुमोदन लिये उसना, अरवा चांवल की सप्लाई को अनुमति दे दी थी। इस मामले की जांच लंबित है। इसके अतिरिक्त खाद्य विभाग द्वारा पिछले लंबे समय से शासकीय राशन दुकानों में होने वाले शॉर्टेज को लेकर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे मिलीभगत का पता चलता है। जनवरी 2025 में भी जो चांवल की आपूर्ति की गई है उसमें भी कमी देखी जा रही है। खबर के मुताबिक नयापारा वार्ड में 17587 किलो चांवल का शॉर्टेज उजागर हुआ है। इसी तरह 118 किलो शक्कर की शॉर्टेज सामने आई है। इसी तरह मोटर स्टेंड वार्ड में 107.25 क्विंटल चांवल का शॉर्टेज सामने आया है जिसके लिये खाद्य विभाग गंभीर नहीं है और वह ऐसे लोगों को प्रश्रय देकर अपनी स्वार्थपूर्ति में लगा हुआ है। अनेक ऐसे जागरूक नागरिक है जिन्होंने उक्त अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग की है। लेकिन राज्य शासन न जाने ऐसे अधिकारियों को धमतरी जिले से अन्यत्र क्यों नहीं स्थानांतरित कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि खाद्य विभाग जिले में चलने वाली राशन दुकानों के कुछ व्यक्तियों से सांठगांठ कर शॉर्टेज जैसे मामले में भेंट पूजा लेकर खामोशी अख्तियार किये हुए हैं जिससे गरीबों को मिलने वाले पीडीएस चांवल में भारी घालमेल का पता चलता है। लंबे समय से जमे इन अधिकारियों की राशन उपभौक्ता चलाने वालों से सांठगांठ है जिसके चलते इन अधिकारियों द्वारा ऐसे लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। दिखावे के लिये इनके द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाता है। लेकिन शॉर्टेज होने के बाद किसी भी दुकानदार को उसका लायसेंस निलंबित करने की कोई कार्यवाही नहीं की जाती और यह शॉर्टेज की परंपरा जिले के अधिकांश दुकानों में देखने को मिल सकती है। जागरूक नागरिकों का कथन है कि इनके स्थानांतरण के बाद ही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से होने वाली पीडीएस चांवल की हेराफेरी, काला बाजारी का पता लग सकता है। इन अधिकारियों की लापरवाही और मिलीभगत के चलते ही गरीबों को मिलने वाले चांवल की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है और शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना पर ग्रहण भी लग रहा है। इनके स्थानांतरण पश्चात ही इसमें सुधार आने की बात कही जा रही है।

शौण्डिक समाज का रहा है समृद्धिशाली इतिहास : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री ने की रायपुर में शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन के लिए भूमि प्रदान करने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शौण्डिक समाज का समृद्धिशाली इतिहास रहा है। शौण्डिक समाज के लोग व्यापार और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देकर देश की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन के लिए राजधानी रायपुर में भूमि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने शौण्डिक समाज की पत्रिका छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाचार का विमोचन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है।पिछले साल इसी तिथि को अयोध्याधाम में भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजे थे। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ और अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में देश भर से और विदेशों से भी छत्तीसगढ़ की धरती पर आए शौण्डिक समाज के प्रतिनिधियों का अभिनंदन करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि शौण्डिक समाज ने अपनी उद्यमशीलता और कर्मठता से देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। आज यहां विदेशों से भी प्रतिनिधि पहुंचे हैं वो इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के हर कोने में आपने अपनी प्रतिभा की धाक जमाई है। अभी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि दुनिया का ऐसा कोई कोना नहीं, जहां प्रवासी भारतीय समुदाय नहीं फैला हो। शौण्डिक समाज के सम्मेलन में जुटे इतने सारे प्रतिनिधियों को देखकर प्रधानमंत्री जी की कही बात यहां सार्थक प्रतीत होती है। इस सम्मेलन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में शौण्डिक समाज के लोग शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समाज के विकास और एकता के लिए अपने शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने समाज की मांग पर जमीन देने की घोषणा की। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री- छत्तीसगढ़ शासन सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शौण्डिक समाज का समृद्धिशाली इतिहास रहा है। शौण्डिक समाज के लोग व्यापार और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देकर देश की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन के लिए राजधानी रायपुर में भूमि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने शौण्डिक समाज की पत्रिका छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाचार का विमोचन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है। पिछले साल इसी तिथि को अयोध्याधाम में भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजे थे। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ और अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में देश भर से और विदेशों से भी छत्तीसगढ़ की धरती पर आए शौण्डिक समाज के प्रतिनिधियों का अभिनंदन करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि शौण्डिक समाज ने अपनी उद्यमशीलता और कर्मठता से देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। विदेशों से भी प्रतिनिधि पहुंचे हैं वो इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के हर कोने में आपने अपनी प्रतिभा की धाक जमाई है। छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन 12 जनवरी को परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के कई महत्वपूर्ण विषयों विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया बैठक यह निर्णय लिया गया है कि शौण्डिक समाज अगला राष्ट्रीय सम्मेलन पटना में किया आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में इस बैठक में प्रत्येक राज्य के अध्यक्ष, सचिव एवं आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता, संयोजक श्याम गुप्ता, हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद, प्रकाश गुप्ता, सुरेश गुप्ता सहित अखिल भारतीय शौण्डिक समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

2 लाख 40 हजार रुपए कीमत के गांजा सहित 2 गिरफ्तार, थाना जयनगर पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कार्यों सहित नशे के कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाते हुए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति मोटर सायकल में गांजा लेकर गुमगरा से हर्राटिकरा होते हुए विश्रामपुर की ओर जाने वाले है। सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ग्राम कोरया में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित हरिशंकर पाण्डेय पिता ब्रम्हदेव पाण्डेय उम्र 32 वर्ष व देवकुमार साहू पिता अमृत प्रसाद साहू उम्र 44 वर्ष दोनों निवासी ग्राम गुमगरा, थाना लखनपुर, जिला सरगुजा को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 8 किलो 30 ग्राम गांजा जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 2 लाख 40 हजार रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 20 (बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर नरेन्द्र सिंह, एएसआई विशाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजेन्दर एक्का, आरक्षक विकास मिश्रा, सोनू सिंह, सैनिक दीपक मूर्ति व नोहर राजवाड़े सक्रिय रहे।

स्वामी विवेकानंद के जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

फुलझर सेवा समिति सरायपाली द्वारा संचालित कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 12 जनवरी 2025 को विद्यालय सभागृह में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक पुरुष युवाओं के प्रेरणा स्रोत महान विचारक एवं युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां शारदे तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र में पुष्प अर्पित कर तथा स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक पुरुष स्वामी विवेकानंद की जीवनी के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि इनका जन्म 12 जनवरी 1863 में कोलकाता में हुआ 30 वर्ष के आयु में शिकागो अमेरिका के विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और सार्वभौमिक पहचान बनाई इनके अनमोल वचन उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता कथन हमेशा युवाओं को ऊर्जावान बनाए रखता है। यह दिन देश के युवाओं की क्षमता और योगदान का सम्मान करता है, स्वामी विवेकानंद ने आत्म निर्भरता, अनुशासन, शिक्षा और राष्ट्रीय विकास के मूल्य पर जोर दिया जो आज युवाओं को प्रेरित करता हैं, उनका मानना था कि युवा मेहनत और आत्म अनुशासन के माध्यम से स्वयं एवं देश के भविष्य को बेहतर बना सकते हैं, युवाओं में अपार शक्ति होती है और यदि शक्ति का उपयोग सकारात्मक दिशा में किया जाए तो वे अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। विवेकानंद के विचारों और जीवन दर्शन को युवाओं के भविष्य निर्माण में प्रेरक मानते हुए भारत सरकार द्वारा 1985 से उनके जन्म दिवस 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

उतई मंडई में मचाया उत्पात, दो आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी छन्नू और अमन देशलहरे को पुलिस ने भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

उतई थाना पुलिस ने मड़ई मेला में उपद्रव मचाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों में छन्नू गिरी गोस्वामी को पुलिस ने करीब तीन महीने पहले ही गौ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। ताजा प्रकरण में पुलिस ने शासकीय काम में बाधा पहुंचाने, शासकीय कर्मी से अभद्रता करने और उपद्रव करने के आरोप में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। फिर हथकड़ी लगाकर पूरे बाजार में परेड कराया। प्रभारी एसडीओपी हरीश पाटिल ने बताया कि ग्राम उतई में शुक्रवार से दो दिवसीय मड़ई मेला शुरू हुआ। दिन में मड़ई कार्यक्रम के बाद रात्रि में दशहरा मैदान, बाजार चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें थाना उतई से पुलिस बल की ड्यूटी लगी थी। रात में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शनिवार सुबह करीबन 5 बजे उतई निवासी छन्नू गिरी गोस्वामी और अमन देशलहरे सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच में चढ़कर कार्यक्रम को चालू करो और डांस करो कहकर उपद्रव करने लगे। इसे देखकर ड्यूटी में तैनात आरक्षक दिलीप सिदार ने समझाइश दी, लेकिन दोनों उपद्रवियों ने पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता शुरू कर दी। थाना पुलिस ने धारा 121(1), 132, 221, 351(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी छन्नू गिरी पिता सागवत गिरी गोस्वामी (37 वर्ष) और अमन पिता विष्णु देशलहरे (25 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर पूरे देश सहित क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर के सासाहोली मोहल्ला में सप्ताह भर पूर्व से प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली गई वहीं रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के प्रथम वर्षगांठ पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गये, प्रातः 04 बजे प्रभात फेरी निकाली गयी जहां पर भक्तों के द्वारा रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम की भजन से दिन की शुरुआत किया गया, वहीं प्रातः 06 बजे सुंदर काण्ड पाठ, 07 बजे हनुमान चालीसा, 08 बजे राम मनका संपूर्ण रामायण चौपाई व 09 बजे मंगल कलश यात्रा निकालकर मोहल्ला भ्रमण किया गया, तत्पश्चात सुबह 11 बजे राम जानकी मंदिर मे हवन पूजन इसके बाद अपराह्न तीन बजे श्री राम जानकी सहित चारों भैया का सजीव झांकी निकाली गई, इसी तरह क्रमशः शाम 06 बजे श्री राम जानकी मंदिर में पूजा आरती व दीपदान किया गया, पूजन आरती के पश्चात महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया, इस तरह प्रातः काल से रात्रिकालीन तक विभिन्न आयोजनों से वातावरण भक्तिमय रहा।

स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर युवा दिवस आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर के द्वारा डॉ मालती तिवारी जिला संगठन रासेयों महासमुंद के मार्गदर्शन में जीपी पटेल प्राचार्य के निर्देशन एवं आर.के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में युवा दिवस का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर पर स्कूल में स्थापित स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर जीपी पटेल प्राचार्य के द्वारा पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल में गोष्ठी का आयोजन कर स्वामी विवेकानंद के आदर्श सिद्धांतों को प्राचार्य द्वारा बतलाया गया। कुमारी मनीषा साहू शाला नायक ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी का वर्णन करते हुए कहा उठो जागो तब तक ना रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। कुमारी हेमलता यादव दल नायिका ने शिकागो यात्रा का वर्णन करते हुए सर्वधर्म सम्मेलन में उनके भाषण का वर्णन की। रीतु पटेल ने सुंदर गीत प्रस्तुत की। विद्यालय परिसर में एनएसएस के स्लोगन चिपकाए गये और देशी खेल रुमाल झपट्टा, कितने भाई कितने खेल खेला गया। उक्त कार्यक्रम में जेके जायसवाल, बी.एल साहू, सी.आर. जायसवाल, टीआर जायसवाल, एमडी मानिकपुरी, एलके सिदर, एफएस बरिहा, अजय चंद्रा, एलके साहू, खिरोद्र सिदार आदि उपस्थित थे।

स्व बीएस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आज शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चौहान सेना द्वारा स्व बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सरायपाली के हाई स्कूल मैदान में शुभारंभ होगा। इस सम्बन्ध में मीडिया को जानकारी देते हुए आयोजक समिति के सदस्य घुरउ चौहान ने बताया कि अंचल के फुटबॉल खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्व बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ ही उड़ीसा के टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में 10 से अधिक टीमें भाग लेंगी जिनके बीच दिलचस्प मुकाबला होगा। विदित हो कि छत्तीसगढ़ चौहान सेना द्वारा स्व बी एस भाटिया की स्मृति में अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का यह दूसरा आयोजन है। पहले आयोजन को खिलाड़ियों ने भरपूर सराहा था। छत्तीसगढ़ चौहान सेना के कार्यकारी अध्यक्ष उदय राम चौहान ने अंचल के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

15 जनवरी से घर-घर संपर्क यात्रा की होगी शुरुआत

प्रकाश चन्द्राकर घर-घर संपर्क यात्रा के जरिए पहुंचेंगे नागरिकों तक, भाजपा से हैं प्रबल दावेदार

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा से अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार प्रकाश चन्द्राकर ने स्थानीय पुराना रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा हैं कि पालिका में ढाई साल के मेरे कार्यकाल में शहर के नागरिकों की समस्या को मैंने बहुत ही करीब से देखा और समझा है। उन समस्यों के समाधान के लिए हर संभव ईमानदार कोशिश मैंने किया। नगर विकास में शहर के नागरिकों से रायशुमारी कर जो सुझाव मुझे मिले, उससे मुझे बेहतर काम करने की प्रेरणा मिली है। इसी फीडबैक को जानने मकर संक्रांति 15 जनवरी से हम घर-घर संपर्क यात्रा की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस यात्रा के जरिए जानेंगे कि हमारे ढाई साल का कार्यकाल, फिर उसके बाद के ढ़ाई साल में नगर विकास और मूलभूत सुविधाओं में क्या अंतर नागरिकों ने पाया है। और नगर विकास में नागरिकों की भागीदारी कितनी होनी चाहिए, यह उन्हीं से जानेंगे। इसलिए हम हर घर संपर्क यात्रा को सशक्त माध्यम मानकर डोर टू डोर नागरिकों से मिलेंगे। मेरे ढाई साल के कार्यकाल में नगर विकास के जो खाका तैयार किया था किसी कारणवश उससे हम चुक गए। लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका का आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के बाद भी सीमित संसाधनों से नगर पालिका के मूलभूत सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाया है। मानव जीवन में सबसे आवश्यक वस्तूओं में एक पानी है। नागरिकों को पानी की किल्लत से जूझना ना पड़े इसके लिए हमने कबाड़ से जुगाड़ कर नगर की लगभग 80 हजार आबादी को भीषण गर्मी में तीन टाईम पानी सप्लाई कर नगर को टैंकर मुक्त पेयजल की सुविधा मुहैया कराया। हालांकि हमारे लिए यह कर पाना आसान नहीं था, फिर भी ईमानदारी के साथ कोशिश करते चले गए और उसमें हम सफल भी हुये। हम सब के बीच एक ऐसा भी बुरा दौर आया था वो है वैश्विक महामारी कोरोना। ऐसे प्राकृतिक आपदा में नगर धैर्यशील नागरिकों का साथ मिला इसका सामना किया। हमने नगर वासियों को निःशुल्क मास्क, सेनेट्राइजर, सूखा राशन का वितरण कर विपदा की घड़ी का मिलकर सामना किया। और वैश्विक महामारी से उबरने में सफल रहे। इस बीच बहुतों ने अपनों को खोया हैं जिसका दुःख है। इसके अलावा शहर के मध्य स्थित नेशनल हाईवे के डिवाईडर पर हाईमास्क स्ट्रीट लाइट लगवाकर शहर को एक नई पहचान देने का काम किया है, शहर की अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु एक निजी कंपनी से एग्रीमेंट कर नो लॉस नो प्रॉफिट की तर्ज पर मुख्य चैराहों जैसे नेहरू चौक, अम्बेडकर चौक, बरोंडा चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाकर शहरवासियों को समर्पित किया। पुराना सिविल लाइन स्थित खाली पड़े एसडीएम निवास को नगर पालिका के नए भवन हेतु प्राकल्न तैयार कर सरकार से पत्राचार किया। मुख्य मार्ग स्थित फुटपाथ व्यवसायियों को व्यवस्थापन के तहत एक सीमित शुल्क में टाउनहॉल के सामने शासकीय भूमि पर दुकानों का निर्माण कर व्यवस्थापन की प्रक्रिया प्रारंभ किया। मूलभूत सुविधाएं सड़क, पानी, बिजली तथा सफाई हेतु अपने ढाई साल के अल्पकालिन कार्यकाल का आंकलन अब मेरे द्वारा नहीं इस शहर की 80 हजार आबादी करेगी। और जो वादे अधूरे रह गए हैं उसे लेकर नागरिकों का क्या राय है उसे जानने घर-घर संपर्क यात्रा की शुरुआत करने जा रहे हैं। पार्टी अगर मुझे प्रत्याशी बनाती हैं तो जरूर चुनाव लड़ूंगा।

महिलाओं से धोखाधड़ी मामलों पर शासन सख्त

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य के कलेक्टरों को महिलाओं से धोखाधड़ी से जुड़े मामलों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा जारी परिपत्र में फ्लोरा मैक्स, सप्तऋषि संस्थान जैसे संस्थानों द्वारा माइक्रो फाइनेंस/लोन दिलाने के बहाने महिलाओं और स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से ठगी के मामलों का उल्लेख किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा गया कि यह घटनाएं कोरबा, बालोद सहित कई जिलों में सामने आई हैं। परिपत्र में संबंधित जिलों से इन मामलों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें प्रभावित महिलाओं की संख्या, जांच की प्रगति, दर्ज एफआईआर, और अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी देने के लिए कहा गया है। यदि यह धोखाधड़ी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के वित्तीय समावेशन शाखा के तहत चक्रिय निधि, सामुदायिक निवेश निधि, बैंक लिंकेज आदि से जुड़ी पाई जाती है, तो उसका उल्लेख भी अनिवार्य है। साथ ही, यदि इस मामले में किसी अधिकारी, कर्मचारी, या कैडर की संलिप्तता पाई जाती है, तो उस पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी मांगी गई है भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने और उसे तत्काल रिपोर्ट में शामिल करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने कहा कि इस संबंध में किसी को भी जानकारी देनी हो या शिकायत दर्ज करानी हो, तो जिला पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी प्रभावित महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी शिकायतें दर्ज कराएं ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। वहीं, शासन ने जिलों को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

यश के 39वें बर्थडे पर रिलीज हुआ टॉक्सिक का टीजर, दो घंटे में मिले 8 लाख से ज्यादा व्यूज

साउथ अभिनेता यश अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। केजीएफ 1 और केजीएफ 2 में अपनी बेहतरी परफॉर्मेंस से सभी के दिलों में खास जगह बना चुके यश की आगामी एक्शन फिल्म टॉक्सिक का टीजर सामने आ चुका है। टॉक्सिक के टीजर में यश एक नाइट क्लब में लड़कियों के साथ मस्ती करते नजर आए।

टॉक्सिक का टीजर हुआ रिलीज

केवीएन प्रडोक्शन ने कुछ ही देर पहले फिल्म टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर रिलीज किया है। फिल्म निर्माताओं ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें यश की फिल्म के लुक का ही एक पोस्टर दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर का लुक रेड रंग का है, जिसमें यश टोपी पहने नजर आ रहे हैं। इस लुक के साथ निर्माताओं ने लिखा, स्वागत है आपका अदम्य संसार में #टॉक्सिकदमूवी.. इसके साथ ही फिल्म टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर का यूट्यूब लिंक दिया है

नाइट क्लब में दिखी यश की मस्ती

टॉक्सिक के टीजर में यश एक नाइट क्लब में नजर आ रहे हैं। उनका स्वैग प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म दिसंबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। अपने शानदार कलाकारों और गीतू मोहनदास के निर्देशन के साथ, टॉक्सिक का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है।
रिलीज का है प्रशंसकों को इंतजार
केजीएफ और केजीएफ 2 के बाद यश फिल्म टॉक्सिक में नजर आएंगे। आज टीजर रिलीज के बाद से ही यश के प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक में कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया जैसे कई बेहतरीन अभिनेत्रियां दिखाई दे सकती हैं। हाई-ऑक्टेन गैंगस्टर ड्रामा फिल्म टॉक्सिक को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है।

निर्माताओं ने टीजर रिलीज का किया था वादा

टॉक्सिक के टीजर रिलीज से पहले यश का एक और लुक सामने आया था, जिसमें वह टोपी पहने नजर आए। पूरी तस्वीर लाल रंग में दिखी। साथ ही यह भी लिखा था कि यश के जन्मदिन पर 10.25 पर फिल्म टॉक्सिक को लेकर कुछ खास आएगा। फिल्म निर्माताओं ने वादे के अनुसार टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर रिलीज कर दिया है।

मैडॉक की फिल्म में नजर आएंगी कियारा आडवाणी?

पिछले साल स्त्री 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाने वाली मैडॉक फिल्म्स अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में आ गई है। इस फिल्म का नाम शक्ति शालिनी है। हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि फिल्म में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। हालांकि, प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

कब रिलीज होगी शक्ति शालिनी?

सोशल मीडिया पर कियारा के नाम पर चल रही चर्चाओं ने अभिनेत्री के फैंस को उत्साहित कर दिया है। मैडॉक फिल्म्स अपने सुपरनैचुरल यूनिवर्स के लिए मशहूर है। फिल्म शक्ति शालिनी 31 दिसंबर, 2025 को रिलीज होने के लिए प्रस्तावित है। फिल्म से जुड़े अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक कियारा को फिल्म में अहम भूमिका में कास्ट करने पर विचार किया जा रहा है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म में एक ऐसी नायिका की जरूरत है जो ताकत के साथ नाजुकता को भी पर्दे पर प्रदर्शित सके। कियारा इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ तय नहीं हुआ है।

गेम चेंजर में जल्द आएंगी नजर

अगर सब कुछ सही रहा तो शक्ति शालिनी कियारा का मैडॉक फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट हो सकता है। पिछले साल कियारा को मैडॉक के ऑफिस में कई बार मीटिंग के लिए जाते हुए देखा गया था। वर्क फंट की बात करें तो कियारा जल्द ही गेम चेंजर में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 10 जनवरी को रिलीज होगी। इसके अलावा वह वॉर 2 में भी दिखेंगी। इस फिल्म में उनके साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर भी होंगे। इसका निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है।

'इमरजेंसी' रिलीज के लिए इन चुनौतियों का कंगना ने किया सामना

कंगना रणौत अपनी फिल्म इमरजेंसी लेकर आ रही है। यह फिल्म 1975 से 1977 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए 21 महीने के आपातकाल पर केंद्रित है। फिल्म को रिलीज से पहले कई अड़चनों का सामना करना पड़ा। फिल्म को 6 सितंबर 2024 को रिलीज होना था, लेकिन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से मंजूरी ना मिलने के कारण यह रुक गई। फिल्म को कुछ सिख संगठनों से भी विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कथित तौर पर इसकी रिलीज पर आपत्ति जताई और निर्माताओं पर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। महीनों के संघर्ष के बाद अब इसे सीबीएफसी से हरी झंडी मिल गई है।

रिलीज के लिए करना पड़ा संघर्ष

कंगना रणौत की फिल्म 'इमरजेंसी' अब 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। कंगना फिल्म के प्रमोशन में जुटी हैं। हाल ही में कंगना ने एएनआई से बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म के रिलीज से पहले आई चुनौतियों के बारे में बात की। कंगना ने कहा, बहुत संघर्ष रहा, काफी चीजों का सामना करना पड़ा। यह आसान सफर नहीं था। इसमें कई मुश्किलें थीं। हमें यह फिल्म कई समुदायों को दिखानी थी। हमारी फिल्म की हर एक चीज की जांच की गई। ऐसी तमाम बाधाओं को पार करने के बाद, हम आखिरकार यहां पहुंचे हैं।

मुंबई में बेचनी पड़ी प्रॉपर्टी

फिल्म की रिलीज टलने के बाद कंगना को मुंबई में अपनी प्रॉपर्टी भी बेचनी पड़ी। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि फिल्म बनाते समय उन्हें इतनी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। अभिनेत्री ने कहा, मुझे नहीं पता था कि इस फिल्म को बनाते समय मुझे मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, आमतौर पर मेरी फिल्में बहुत ही आरामदायक बजट में बनती हैं, लेकिन इस बार मुझे बहुत संघर्षों का सामना करना पड़ा, चाहे वह स्टूडियो से जुड़ा हो या फंड से। सबसे बड़ा संघर्ष यह था कि कोई भी फिल्म की रिलीज को लेकर आश्वस्त नहीं था। क्या यह कभी रिलीज होगी या नहीं? यह सवाल हमेशा हमारे दिमाग में रहता था।

बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों से प्रेरित हैं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे ने खो गए हम कहां, कॉल मी बे और सीटीआरएल जैसी कई फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में उन्होंने अपने भविष्य के करियर की योजनाओं के बारे में खुलकर बात की और साथ ही यह भी बताया की वह किन बॉलीवुड अभिनेत्रियों से बेहद प्रेरित हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे से जब अभिनय के बारे में उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में पूछा गया। तब अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अभी तक विश्वास नहीं था कि वह निर्देशन कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने पिता चंकी पांडे के साथ निर्माण पर काफी हद तक चर्चा की है। अनन्या ने कहा कैसे कोई इंसान किसी स्क्रिप्ट में कुछ या किसी व्यक्ति को सही नहीं मान सकता। किसी का भी सेक्शन करने से पहले बहुत सारे काम और संयोजन लागू होते हैं। अनन्या ने यह भी बताया कि वह कैसे चाहती हैं कि कुछ खास तरह के प्रोजेक्ट बनाए जाएं, लेकिन वह खुद को उनमें अभिनय करते हुए नहीं देखती हैं। उन्होंने खुलासा किया कि एक निर्माता के पास ऐसा करने की शक्ति होती है।

अनन्या पांडे ने आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसी अभिनेत्रियों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके प्रोडक्शन के काम ने उन्हें एक अभिनेता के तौर पर नया जीवन दिया है। अनन्या ने कहा, दीपि पादुकोण और आलिया भट्ट कुछ बिल्कुल अलग कर रही हैं, जबकि वे अभी भी उन चीजों से जुड़ी हुई हैं, जिनके लिए वे सबसे अच्छी जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि आलिया और दीपिका ही वह हैं जिसकी ओर वह देख रही थीं और भविष्य में ऐसा करने की उम्मीद कर रही थीं। अनन्या, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट द्वारा अपने प्रोडक्शन में किए गए काम से काफी प्रेरित हैं। 2024 में, अनन्या पांडे को साइबर थ्रिलर फिल्म CTRL और कॉमेडी ड्रामा सीरीज कॉल मी बे में उनकी भूमिकाओं के लिए बहुत प्रशंसा मिली। अब, वह चांद मेरा दिल और बाकी कई आगामी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।



पोंगल से खिसकने के बाद इस दिन दस्तक देगी विदामुयार्ची? अजित की फिल्म की रिलीज डेट पर अटकलें तेज

अजित कुमार और तृषा कृष्णन की बहुप्रतीक्षित फिल्म विदामुयार्ची को इस साल पोंगल के अवसर पर रिलीज किया जाना था, लेकिन आखिरी समय पर निर्माताओं ने इसकी रिलीज को टाल दिया। खबर है कि निर्माताओं कुछ कानूनी मुद्दों में उलझे हुए हैं। ऐसे में अब सवाल यह है कि फिल्म रिलीज कब होगी। वहीं, अब सोशल मीडिया पर फिर एक बार इसकी नई रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

फिल्म की नई रिलीज डेट

रिपोर्ट्स के अनुसार, विदामुयार्ची अब जनवरी के अंत में रिलीज हो सकती है। इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्र श्रीधर पिल्लई के हालिया पोस्ट के अनुसार, व्यापार विश्लेषकों का दावा है कि फिल्म संभवत: 30 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक निर्माता की तरफ से कुछ भी पुष्टि नहीं की गई है।

हॉलीवुड फिल्म का रीमेक है विदामुयार्ची

मगिज थिरुमेनी द्वारा निर्देशित फिल्म विदामुयार्ची एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसके बारे में अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हॉलीवुड फिल्म ब्रेकडाउन का रूपांतरण है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन फिल्म के टीजर से दोनों के बीच समानताएं सामने आई हैं।दरअसल, विदायामुयार्ची हॉलीवुड फिल्म ब्रेकडाउन की अनौपचारिक रीमेक है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने लाइका प्रोडक्शंस पर मुकदमा करने का फैसला किया है।

फिल्म की रिलीज में देरी की वजह

ऐसे में विदायामुयार्ची के आधिकारिक रीमेक अधिकार सुरक्षित करने के लिए लाइका को पैरामाउंट पिक्चर्स को 10 मिलियन डॉलर यानी 85 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। इस राशि का भुगतान करने के बजाय लाइका प्रोडक्शंस ने पैरामाउंट पिक्चर्स को फिल्म की रिलीज के लिए एक साझेदारी सौदे की पेशकश की है। फिल्म की रिलीज में देरी की असली वजह यही है।

फिल्म के कलाकार

विदामुयार्ची मूल रूप से तमिल भाषा में बनाई गई थी और इसे 10 जनवरी, 2025 को रिलीज किया जाना था, जिसे स्थगित कर दिया गया। अब इसकी नई रिलीज डेट का इंतजार है। विदामुयार्ची को फिल्म निर्माता मगिज थिरुमेनी ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म के जरिए अजित और मगिज थिरूमेनी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। इसमें तृषा कृष्णन, अर्जुन सरजा और रेजिना कैसेंड्रा भी हैं।

शाहरुख खान के साथ काम करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है

मशहूर कोरियोग्राफर और निर्माता-निर्देशक फराह खान ने इंडस्ट्री के टॉप कलाकारों के साथ काम किया है। इस लिस्ट में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान भी शामिल हैं। हाल ही में फराह खान ने शाहरुख के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। साथ ही यह खुलासा किया कि स्त्र्य के साथ काम कर पाना अब उनके लिए पहले के मुकाबले काफी मुश्किल हो चला है। जानते हैं इसकी वजह।

इस वजह से बढ़ता है प्रेशर

फराह खान ने कहा कि जब भी वे किसी नए गाने पर साथ काम करते हैं तो हर बार प्रेशर दोहरा हो जाता है। फराह ने कहा कि साथ काम करते हुए कुछ शानदार ट्रैक तैयार हुए, इसके चलते अब जब भी साथ काम करते हैं तो पहले से ज्यादा दबाव बढ़ जाता है। फराह खान ने ईटाइम्स से बातचीत में यह खुलासा किया। फराह खान ने लंबे वक्त से चल रही अपनी दोस्ती को लेकर भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने बताया कि कुछ सितारों से उनकी दोस्ती उनके स्टार बनने से पहले की हैं। फराह ने बताया कि शाहरुख खान के साथ उनकी दोस्ती कभी हां कभी ना और दीवाना की रिलीज होने से पहले ही शुरू हो गई थी। फराह खान ने कहा कि दशकों पुरानी दोस्ती होने के बावजूद शाहरुख खान के साथ काम करना अब समय के साथ मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, अगर उस समय उनके साथ काम करना मुश्किल था, तो अब और भी मुश्किल है। जब भी हम किसी गाने पर काम करते हैं, तो दबाव दोगुना हो जाता है, क्योंकि हमने साथ मिलकर शानदार गाने बनाए हैं। फराह ने यह भी कहा कि हैप्पी न्यू ईयर के बाद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स की कमी के चलते उन्होंने निर्देशन से ब्रेक लिया।

निर्देशन में लौटने का पक्का इरादा, लेकिन...

फराह खान ने कहा कि ब्रेक के बाद उन्होंने अपने परिवार पर पूरा फोकस किया। अपने बच्चों के साथ क्वालिटी वक्त बिताया और छुट्टियां मनाईं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशन में वापसी की उनकी इच्छा है, लेकिन वे कमबैक तभी करेंगी जब कोई अच्छी स्क्रिप्ट होगी और सही समय होगा। बता दें कि फराह खान ने फिल्म मैं हूं ना से निर्देशन की दुनिया में डेब्यू किया। फराह ने शाहरुख खान के चलेया, दर्द-ए-डिस्को जैसे गानों को कोरियोग्राफ किया है।

फरहान अख्तर के पिता बनने की खबर अफवाह, शबाना आजमी ने किया कंफर्म

एक्टर-डायरेक्टर फरहान अख्तर के तीसरी बार पिता बनने की खबर अफवाह है। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस शबाना आजमी ने की है। दरअसल, हाल ही में खबर आई थी कि फरहान की दूसरी पत्नी शिबानी दांडेकर मां बनने वाली हैं। शबाना आजमी ने बातचीत में कहा कि प्रेग्नेंसी की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। फरहान और शिबानी बच्चे की प्लानिंग भी नहीं कर रहे हैं। फरहान ने 2022 में शिबानी दांडेकर से शादी की थी। शादी से पहले दोनों 4 साल तक रिलेशनशिप में थे और लिव इन भी रहे थे। दोनों ने 2018 में अपना रिश्ता ऑफिशियल किया था।

पहली शादी से दो बेटियों के पिता हैं फरहान

फरहान की शिबानी से दूसरी शादी है। उन्होंने पहली शादी हेयर स्टाइलिस्ट अधुना से 2000 में की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटियां भी हैं। फरहान और अधुना ने 2017 में तलाक ले लिया था। फरहान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे आने वाले समय में फिल्म 120 बहादुर में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर बेस्ड है। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, फरहान की डायरेक्टोरियल फिल्म डॉन 3 भी इसी साल रिलीज होने वाली है।

धनोरा गांव में दो दिन प्रवाहित होती रही राम नाम की धारा

दो दिवसीय आयोजन में 15 मंडलियों ने लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



धनोरा में नवयुवक कल्याण संघ द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिससे गांव दो दिन रामनाम की भक्ति भाव मे डुबा रहा। पूरे दिन राम नाम की धारा प्रवाहित होती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच मनीष साहू, ग्राम पटेल चैतूराम साहू, जनपद सदस्य बुध्वंतीन मधुकर, भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, उपसरपंच वासूदेव सप्रे, भूतपूर्व सरपंच जितेन्द्र टंडन, भूतपूर्व सरपंच झुमुकलाल साहू के आतिथ्य में हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्पर्धा का उदघाटन हुआ। दो दिन तक चले मानस गान में राज्य के 8 जिलों की डेढ़ दर्जन प्रमुख मंडलियों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम दिवस शनिवार को पीपर के छैय्या मानस परिवार परसोदा कांकेर, वेद श्रवण मानस परिवार पलांदुर मोहला मानपुर, श्री दाई के दुलार मानस परिवार कन्हारपुरी बालोद, जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार फिंोशर गरियाबंद, नव अराधना मानस मंडली सिर्री बालोद, ममता बालिका मानस परिवार नवागढ़ बेमेतरा, प्रतिज्ञा बालिका मानस परिवार खाम्ही बेमेतरा, नव निहाल बालिका मानस परिवार मारुटोला खैरागढ़ तथा रविवार को श्री राम मानस परिवार पिपरहट्ठा छुरा गरियाबंद, श्री राम दरबार मानस परिवार चितमखार महासमुंद, श्री राम कृष्णा मानस परिवार बेलर चण्डी अभनपुर, मोर मयारु मानस परिवार गांजर बागबाहरा, बस्तरिहा मानस परिवार गम्हरी कोंडागाँव, श्री तिरंगा बालिका मानस मंडली हिरीं नवरंगपुर उड़ीसा, सुर साधना बालिका मानस परिवार चंद्रसुर राजिम, माँ परमेश्वरी बालिका मानस मंडली कोटेरा बालोद ने प्रस्तुति दी। रामचरित मानस की महिमा का बखान करने पहुंचे मंडलियों ने सुमधुर गीत संगीत के साथ श्रीराम के जीवन चरित्र की व्याख्या करते हुए स्वच्छ समाज के निर्माण के लिए युवाओं को राम के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा मानस मंडलियों ने एक घंटे की प्रस्तुति में नारी शक्ति, नशा मुक्ति, देशभक्ति, महिला शिक्षा, स्वच्छता अभियान जैसे संदेश देते हुए स्वच्छ एवं शिक्षित समाज बनाने प्रेरित किया। आयोजन समिति द्वारा बेहतर प्रस्तुति देने वाले मानस मंडलियों को पुरस्कृत किया गया। सभी विजेता मंडलियों को भूतपूर्व सरपंच जितेंद्र टंडन व आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रतीक चिन्ह व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान सरपंच मनीष साहू, समाजसेवी मनेश कुमार साहू, जितेंद्र साहू, सुन्दर सप्रे, विकास देवांगन, हेमचंद साहू, मनीष, रविश साहू, जीवन पटेल, खुबचंद साहू, नंदकुमार साहू, नकुल, इन्द्रसेन, नागेश, मनोज, वेदराम यादव, राकेश, रोहित, खोंमेंद्र चौहान, भूपेश साहू, दीनू, लक्ष्मण, किशन साहू, त्रिलोचन, परमेश्वर पटेल, सतवीर कोसरे सहित सैकड़ों ग्रामीण व नवयुवक कल्याण संघ, गायत्री मानस परिवार, राधाकृष्ण मानस व लीला मण्डली के सदस्य मौजूद थे।

राज्य स्तरीय अटल टिंकरिंग माडल प्रदर्शनी में प्राचार्य एवं विद्यार्थी सम्मानित

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दी बधाई

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रभारी अटल टिकरिंग लैब प्राचार्य श्रीमती रेणुका चन्द्राकार एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है। ज्ञात हो कि विगत 09 जनवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अटल टिंकरिंग माडल प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अण्डा के प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर की प्रेरणा से यंग इनोवेटर्स नवीन देशमुख 12, दीपांशु चंद्राकर 12, रेमन देशमुख 11 द्वारा निर्मित प्रोटोटाइप आक्टोपेड-म्यूजिकल इन्सट्रूमेंट को द्वितीय प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में सोमेश साहू 11, हेमेश देशमुख 11 द्वारा निर्मित प्रोटोटाइप स्मार्ट ब्रेल लिपि व ओमप्रकाश साहू 11, वाणी चंद्राकर 11, कशीश जोशी 11 द्वारा निर्मित स्मार्ट व्हीलचेयर ने सफलतापूर्वक अपना प्रदर्शन किया है। अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी रेणुका चंद्राकर को माडल शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया है।

भिलाई-चरौदा उमदा की निवासी कुंदिया बाई ठाकुर के अपने पक्के घर का सपना हुआ साकार

प्रधानमंत्री आवास योजना ने दिया अपना खुद का मकान

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड उमदा की निवासी ने अपने घर का सपना साकार होने की खुशी को बयान करते हुये बताया कि कच्चे मकान में परिवार के साथ रहती थी। भारत सरकार और राज्य शासन की अति कल्याणकारी योजना ने उन्हे पक्के मकान में जीवन यापन करने का अवसर प्रदान किया है। मजदूरी का कार्य करने वाली कुंदिया बाई ने अपने स्थानीय निगम प्रशासन से संपर्क कर आवेदन किया जिसके बाद इनका पक्का मकान बनकर तैयार हुआ। निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने ना जाने कितने ही कच्चे मकान, मिट्टी के घरों में रहने वाले लोगों के सर पर छत देने का काम किया है। निश्चित ही प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम से लोगों के जीवन में बदलाव देखा जा सकता है।

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 37 वाहन चालक पर की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत थाना नवागढ 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना नांदघाट 05 प्रकरण में 05 व्यक्ति, यातातयात बेमेतरा 30 प्रकरण में 30 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 37 प्रकरण में कुल 11,700/- रूपये समन शुल्क लिया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह - 2025 के तहत बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।

स्वरोजगार को बढ़ाने रिसाली निगम ने दिया हौसला, तीन सौ से अधिक व्यापारियों ने उठाया फायदा

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

प्रतिस्पर्धा के दौर में चैपट हो रहे कारोबार को आगे बढ़ाने राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने अहम भूमिका निभाई है। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में पिछले चार वर्ष में ऐसे सूचीबद्ध 325 छोटे व्यापारियों की मदद की है, जिनका कारोबार छोटे स्तर पर था। 3 करोड़ से अधिक का ऋण उपलब्ध कराने से वे बड़े स्तर पर स्वरोजगार कर रहे है। आमतौर पर कई ऐसे छोटे व्यापारी है जो दुकान तो खोल लेते है, मगर धन के अभाव में अपना कारोबार आगे नहीं बढ़ा पाते है। रिसाली क्षेत्र के ऐसे छोटे व्यापारियों को ऊपर उठाने में आजीविका मिशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि स्वरोजगार घटक (ए.सी.पी.) के तहत पिछले 4 वर्ष में 325 लोगों को 3 करोड़ 47 लाख 37 हजार रूपए ऋण उपलब्ध कराया गया है। ऋण लेने वाले छोटे कारोबारियों को ऋण में 7 प्रतिशत से अधिक सब्सीडी भी मिली है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि छोटे व्यापारियों की दशा वर्तमान में सुधर चुकी है। आवश्यकतानुसार कुछ को कारोबार बढ़ाने 2 लाख ऋण दिया गया है। वही कुछ ऐसे है जिन्हे ई रिक्शा उपलब्ध कराया गया है।

आय बढ़ी, 40 हजार तक कमाई

रिसाली मैत्रीनगर के जितेन्द्र सिंह बताता है कि वह पहले छोटा सा दुकान खोला। कारोबार नहीं होने से वह मायूस हो गया। उसने 1 लाख 90 हजार का ऋण लिया और नए सिरे से फोटो कॉपी, स्टेशनरी की दुकान डाली। अब वह प्रतिमाह 35 से 40 हजार कमा रहा है।

अनुपस्थित पाए जाने पर प्राचार्य को कारण बताओं नोटिस जारी

संचालक ने भिलाई आईटीआई का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

संचालक, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार ऋतुराज रघुवंशी ने भिलाई स्थित आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का औचक निरीक्षण किया। संस्थान के प्राचार्य, टी.के. सातपुते, निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजी में उनके हस्ताक्षर दर्ज नहीं थे। इसके अतिरिक्त, संस्थान के अन्य कर्मचारियों दुर्गा साहू (सहायक वर्ग-3) और विवेक राठौर (सहायक ग्रेड-3) के भी उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई। उनके नाम के समक्ष अवकाश प्रविष्टि या अन्य किसी प्रकार की सूचना भी उपलब्ध नहीं थी। संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने कर्तव्य के प्रति घोर उपेक्षा और अनुशासनहीनता के कारण प्राचार्य टी.के. सातपुते को कारण बताओ सूचना जारी की गई है। उनसे तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। निरीक्षण के दौरान संचालक रघुवंशी ने संस्थान में प्रशिक्षण की गुणवत्ता, कर्मचारियों की उपस्थिति और संस्थान के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्ति में ही चलता है : शास्त्री

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दिव्य आयोजन तीर्थराज प्रयागराज महाकुंभ पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदुरु शंकराचार्य महाभाग शिविर मे तृतीय दिवस की कथा आयोजन में कथा व्यास पंडित झम्मन शास्त्री ने ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई प्रहलाद चरित्र की, साथ ही राजा बलि की कथा गाते हुए कहां की श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्तियों में ही चलता है। विपत्तियां श्रद्धालुओं की भक्ति की परीक्षा भी है और अवसर भी है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता के द्वारा किए गए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया अंत में भगवान स्वयं प्रकट होकर अत्याचारी का अंत किया। हमें भी विपत्तियों में भगवान के परीक्षा को समझना चाहिए एवं भगवान पर विश्वास करना चाहिए राजा बलि की कथा सुनाते हुए दान की विशेष महत्व को बताएं दान करने से धन की शुद्धता होती है। आज के समय में लोग तरह-तरह के यत्न करके पैसा कमा रहे हैं। इस दौरान वह भी नहीं देख रहे हैं कि उसे धन का क्या प्रभाव पड़ेगा, इसलिए जितना भी कमा रहे हो उसका कुछ हिस्सा जनकल्याण के कार्यों में खर्च करें। भागवत कथा अमृत तुल्य है। शास्त्री ने कहा कि 18 पुराणों में वेद के मंत्रों की व्याख्या भगवान वेद् व्यास ने की सत्य धाम व न्याय नीति की स्थापना के लिए श्रद्धालुओं को संघर्ष करना चाहिए भागवत कथा अमृत तुल्य है वर्तमान समाज में द्वंद ,संघर्ष कलह, कटुता, द्वेष बढ़ रहा है जो जहर तुल्य है उन दस प्रवृत्तियों को रोकने के लिए सात्विक भावना से सात्विक विचार से भागवत कथा सुनने व भागवत संकीर्तन की आवश्यकता है जिससे समाज में सभी प्रकार की कुरीतियों का समन होगा।और समाज व मानव को बचाया जा सकता है।

एसडीओपी बेमेतरा ने ली थाना बेमेतरा, नांदघाट एवं चौकी संबलपुर विवेचको की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा थाना बेमेतरा, नांदघाट एवं चौकी संबलपुर के प्रकरणों में विवेचको की बैठक ली। जिसमें थाना/चौकी में पंजीबद्ध बच्चों से संबंधित अपराधों की जानकारी लेकर बच्चों से संबंधित अपराधों, गुम नाबालिक बालक, बालिकाओं के दस्तयाब हेतु ऑपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों से संबंधित अपराधो में शीघ्र विवेचना पूर्ण कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में थाना बेमेतरा से सहायक उप निरीक्षक दीनानाथ सिन्हा, थाना नांदघाट से सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह, पुलिस चौकी से प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, एसडीओपी कार्यालय से आरक्षक पुकेश्वर दिल्लीवार सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता खम्हरिया में 14 व 15 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग विकासखण्ड स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 एवं 15 जनवरी को खेल मैदान संकल्प स्पोर्ट्स एवं कल्चर एसोसिएशन, खेल गांव खम्हरिया (पुरई) में किया जा रहा है। 14 जनवरी को प्रातः 9 बजे से उद्घाटन समारोह के साथ खेल प्रारम्भ होगा। उद्घाटन समारोह लोकसभा दुर्ग सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य, सभापति जिला पंचायत योगिता चंद्राकर की अध्यक्षता, जनपद सदस्य बुधवन्तिन मधुकर एवं ग्राम खम्हरिया के सरपंच सुखीराम यादव के विशेष आतिथ्य में होगा। प्रथम दिवस प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के व्यक्तिगत खेलों एवं कुछ सामूहिक खेलों जैसे 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, लम्बी कूद, मेंढक दौड़, सुई धागा, गोली चम्मच सुरीली कुर्सी, रिलेरेस, खो-खो, कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों द्वारा अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया जाएगा। पूर्व में इन बच्चों ने शाला, संकुल एवं जोन स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विकासखंड में अपनी जगह बनाई है, खेल विद्यार्थी जीवन का एक अभिन्न अंग है खेलों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायता मिलती है इस कारण वर्ष में एक बार इस तरह के आयोजनों की नितांत आवश्यकता होती है और इसी उद्देश्य के कारण दुर्ग विकासखंड के शिक्षकों द्वारा अपने बच्चों के समग्र विकास हेतु ये आयोजन स्वस्फुर्त होकर कराया जाता है। कार्यक्रम में द्वितीय दिवस 15 जनवरी को पूर्व दिवस में शेष बचे खेलों को पूर्ण कराया जाएगा जिसमें सामूहिक प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ ही शालेय गतिविधियों पर आधारित विकासखण्ड स्तरीय पत्रिका का विमोचन किया जाएगा । पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में तथा नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में चयनित छात्रों का इस मंच से बतौर विशेष प्रतिभा सम्मान, सम्मानित किया जाएगा, पिछले कुछ वर्षों से दुर्ग जिला एवं विकासखंड ने राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है एवं पूरे राज्य में यहाँ के छात्रों ने अपनी प्रवीणता दिखाई है, इस वर्ष भी दुर्ग विकासखंड के कुल 325 बच्चों का चयन छात्रवृति हेतु हुआ है और यह पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। इसी तरह विकासखंड से कुल 20 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय हेतु हुआ है। इस प्रकार द्वितीय दिवस खेल के साथ प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा।

हिट एण्ड रन दुर्घटना में मृतक के परिजन को 2-2 लाख रूपये की प्रतिकर राशि

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने वाहन दुर्घटना में मृतक के परिजन को 2-2 लाख रूपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घनश्याम यादव निवासी महामाया पारा वार्ड न. 04 भिलाई 03 दुर्ग की विगत 26 मार्च 2024 को रायपुर से दुर्ग जीई रोड कुम्हारी के पास सड़क दुर्घटना (हिट एण्ड रन) में मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार सीता साहू पति तोषण साहू और गुनगुन साहू पिता तोषण साहू निवासी ग्राम बसनी धमधा जिला दुर्ग की विगत 14 जनवरी 2024 को ईटा भट्टी रोड धमधा दुर्ग मेन रोड के पास सड़क दुर्घटना (हिट एण्ड रन) अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने पर हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटनाओं में घोर उपहति होने की पुष्टि की गई है। इनकी मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर चौधरी ने मृतक घनश्याम यादव के विधिक प्रतिनिधि उनकी पत्नि मैना यादव को, मृतिका सीता साहू और गुनगुन साहू के विधिक प्रतिनिधि तोषण कुमार साहू को प्रतिकर राशि 2-2 लाख रूपये स्वीकृत की गई है।

अकेले बेरला विकासखण्ड से इस बार 800 बच्चे दिलाएंगे परीक्षा

क्विज प्रतियोगिता के साथ ही राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का मॉक टेस्ट

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र बारगांव में संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुड़पार खुर्द, बलोदी कला और बारगांव के कुल 40 बच्चे भाग लिए। ये सभी बच्चे हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे हैं। क्विज प्रतियोगिता के बाद इन बच्चों का लिखित परीक्षा (मॉक टेस्ट) भी हुआ। 100 प्रश्न पर आधारित तार्किक एवं विषय आधारित इस मॉक टेस्ट में का मूल्यांकन ओएमआर शीट के माध्यम से किया गया। पिछले वर्ष 55 छात्र की सफलता से उत्साहित होकर फार्म जमा होने से पहले सभी मिडिल स्कूलों के प्रभारी शिक्षकों की बैठक ली गई थी। जिसमें आय प्रमाण पत्र पहले से बनवा कर रखने की निर्देश दिए गए थे। पिछले वर्ष 499 फॉर्म जमा हुए थे इस बार उस लक्ष्य को पार करने के लिए योजना बनाई गई थी अब तक 800 सबसे अधिक फॉर्म जमा हो चुके हैं। व्हाट्सअप ऐप के माध्यम से ऑपरेशन खोज 2024-25 से इस परीक्षा की चल रही तैयारी है। इस परीक्षा के संयोजक के रूप में कार्य करने वाले शिक्षक सुरेंद्र पटेल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए चयनित बच्चों को ऑनलाइन टेस्ट के माध्यम से ग्रीष्म अवकाश से तैयारी करवाई जा रही है। आय प्रमाण पत्र जुलाई अगस्त में भी बनवा लिया गया था। अभी लगातार दो बार मॉक टेस्ट लिए जा चुके हैं मॉक टेस्ट के माध्यम से बच्चों को समय का प्रबंधन किस तरह से किया जाय और ओएमआर शीट में चिन्ह कैसे लगाए, समय पर पेपर कैसे बनाएं के तरीके सिखाए जा रहे हैं। प्रतिदिन किसी एक विषय पर लिंक जारी कर वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए जाते है। लगभग 40 विद्यालय में इस परीक्षा में का आयोजन किया गया। शनिवार के दिन स्कूल संचालक के बाद लगभग 40 विद्यालयों को यह पेपर उपलब्ध कराई गई थी। जो परीक्षा केंद्र बनाकर शिक्षक प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट प्रिंट करवा कर बच्चों को वितरित किए मूल्यांकन कीजिए और व्हाट्सएप के माध्यम से अंक भी व्हाट्सएप ग्रुप में भेजे हैं ऑनलाइन के माध्यम से लिंक में संकलित किया जा रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बेरला विकासखंड के शिक्षक केवरा सेन, ओम प्रकाश साहू, जोगी वर्मा, राजेश यादव सभी सुरेंद्र कुमार पटेल के नेतृत्व में अपने अधिकारियों के सहयोग से तैयारी करवा रहे हैं यह पूरी तरह से स्वपहल का हिस्सा है। इसके लिए लिंक के माध्यम से प्रश्न पत्र आदि सभी मटेरियल वीरेंद्र चौधरी शिक्षक प्राथमिक शाला बसना जिला महासमुंद के द्वारा दिए जा रहे हैं इसके लिए बेरला ब्लॉक के सभी शिक्षकों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है। परीक्षा आयोजन करने वालों में नंदकुमार, ओम प्रकाश साहू, रोमन साहू, भुवन साहू, केवरा सेन किशोर सिन्हा, प्रकाश साहू अंजुम खान, राजेश यादव, चोवाराम साहू, घनश्याम साहू, जोगीराम वर्मा, योगेंद्र देवांगन, कामता दास, मयंक राजपूत, चंपा साहू, पूजा वर्मा कमलेश कुमार नेताम, मारकंडे, सागरिका यादव, भूषण लाल, उत्तम साहू, प्रफुल्ल वर्मा, सूरज कुमार देवांगन, संगीता चतुर्वेदी, गायत्री परगनिहा, हेमचंद्र भेंसले, ललित परगनिहा आदि स्कूलों ने केंद्र बनाकर इस परीक्षा का आयोजन किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को 29 मकान किया गया आबंटित

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोन आस घटक अंतर्गत निगम भिलाई क्षेत्र में मकान निर्माण किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत किराये के रूप में निवासरत नागरिको को इस योजना के तहत मकान का आबंटन शासन के नियमानुसार किया जा रहा है। जिसमें विरष्ठजन, दिव्यांगन एवं सामान्य वर्ग के नागरिक शामिल है। जो पूर्व में आवास हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है और जो हितग्राही पात्रता की श्रेणी रखते है, उन्हे ही यह मकान का आबंटन किया गया है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अपने हाथो से हितग्राहियो को लॉटरी के माध्यम से मकान आवंटित किए। हितग्राहियो को स्वयं के हाथो से लाटरी निकालवाया गया और जिस युनिट की पर्ची पर हितग्राही का नाम निकला उन्हे मकान आबंटन कर दिया गया। इन जगहो का मकान हितग्राहियो को आबंटन किया गया है, दिव्यांग एवं वरिष्ठ लोगों को भूतल का चार मकान मिला, सामान्य लोगों को 25 मकान मिला, कुल 29 मकान आवंटित किए गए। जिसमें हितग्राही 10 प्रतिशत राशि जमा किए हैं। शेष पूर्ण राशि जमा करने के बाद उन्हें मकान की चाबी प्रदान कर दी जाएगी।

टी.एस. सिंहदेव ने किया एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर का अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन का शुभारंभ राम स्वरुप निरंजन लाल धर्मशाला में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव के हाथों संपन्न हुआ, उन्होंने परिचय सम्मेलन के आयोजन की प्रशंसा करते हुए इस समाज के लिए मिल का पत्थर बताते हुए समाज के संकल्प की तारीफ करते हुए चुटकी ली कि विधानसभा चुनाव में मुझे भी पिछे कर दिया, उन्होंने आगे कहा कि बृजमोहन अग्रवाल आपके समाज के योद्धा रहे है उनकी वरिष्ठता का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को मिलना था। कन्हैया हमारा साथी है समाज ही नहीं समाज के बाहर से भी उनके लिए फोन आते हैं। विशेष अतिथि के रूप में संरक्षक सियाराम अग्रवाल, सुनील रामदास अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल कांटाभाजी, वंदना सुधीर अग्रवाल ने भी उद्बोधन दिया। अध्यक्ष कन्हैया गोयल ने स्वागत उद्बोधन दिया, संयोजक हरि वल्लभ अग्रवाल ने टी. एस सिंहदेव को अजात शत्रु बताते हुए राजनिती से परे निष्पक्ष बात कहने वाले नेता बताया, व विवाह की बढ़ती उम्र समाज के लिए बड़ी चुनौती इसे दूर करने में परिचय सम्मेलन की बड़ी भूमिका बताया, सम्मेलन में विवाह योग्य युवक युवतियों के परिचय के लिए बनाए गए विशेष स्टूडियो में मुंबई से आई वागले की दुनिया की नायिका अंजू जाधव द्वारा प्रत्याशीयो का परिचय लिया, इस अवसर पर मध्य भारत क्षेत्र के 1200 प्रत्याशी का परिचय पुस्तिका का भी विमोचन किया गया, कार्यक्रम संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन उम्मीद से ज़्यादा सफल चल रहा है। करीब डेढ़ सौ प्रत्याशी का परिचय कराया गया, रविवार को भी परिचय सम्मेलन जारी रहा।

जिसमें बड़ी संख्या मे छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भाग लेने समाज बंधु आकर रायपुर में अपनों बच्चों के संबंध करने ठहरे हुए है उनका परिचय कराया गया, संबंध जोड़ने समन्वय समिति भी काम कर रही है। बरगढ से आई मोटिवेशनल स्पीकर निहारिका सिंघी ने शाम को विवाह प्रबंधन पर एक घंटे प्रशिक्षण दिया। रात्रि श्याम भजन कृपा रंजन शर्मा एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सियाराम अग्रवाल, ओमी बगडिया, सुभाष अग्रवाल, रतन लाल अग्रवाल, हरिकेश पालीवाल, हरीश अग्रवाल, संजय गर्ग, मनोज अग्रवाल, मनोज गोयल (बागबाहरा और झलप) विनोद अग्रवाल तर्रा, संध्या अग्रवाल, प्रिति अग्रवाल, रीना गेवाडीन, नरेश अग्रवाल, मानस अग्रवाल, अशोक गोयल, विरेंद्र अग्रवाल, दिव्यांश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, मनोज गोयल, दीप्ति अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, रामदेव अग्रवाल, गणेश नरेडी सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले का आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ⮜ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने कार्यकर्त्ताओं के साथ घुटरा पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं और गर्मजोशी से स्वागत किया। इस स्वागत समारोह में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव, पूर्व मंडल महामंत्री रामचरित द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष परमानन्द यादव, इंद्रावती सिंह, मनीष राय, अशोक राय, धनेश यादव, कविता दिवान, निर्मल राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। चंपा देवी पावले के जिलाध्यक्ष बनने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने पावले को पार्टी की नीतियों को लेकर विश्वास जताया और उनकी सफलता की कामना की। कार्यक्रम में पावले ने अपने संबोधन में कहा, भा.ज.पा. के कार्यकर्ताओं का मुझ पर विश्वास और समर्थन मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। मैं पार्टी की विचारधारा को और अधिक मजबूत करने के लिए काम करूंगी। कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए मैं हमेशा आपके साथ रहूँगी। हम सब मिलकर भाजपा को और भी मजबूत बनाएंगे, और जनहित में काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करना और स्थानीय समस्याओं को हल करना रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कार्य करें और भाजपा के संकल्प को मजबूत बनाएं। कार्यक्रम में भाजपा के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे जिन्होंने पावले के प्रति अपनी शुभकामनाएं दीं और भरोसा जताया कि उनकी अगुवाई में भाजपा जिले में और मजबूत होगी। अंत में, भाजपा कार्यकर्ताओं के इस उत्साहपूर्ण स्वागत समारोह ने यह स्पष्ट कर दिया कि चंपा देवी पावले के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।इस अवसर पर ध्यान चंद्र, श्रवण जायसवाल, लल्लू पटेल, दीपक पाण्डेय, आनंद राय, उदय राय, संजय राय, राधेश्याम यादव, सुरेश, शिव राम पाण्डेय, रामसकल समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में पुरेन्द्र को मिली बैटरी चलित ट्रायसायकल

मिली नई उम्मीद, अपना कार्य स्वयं करने में होंगे सक्षम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर एक हादसे की वजह से चलने फिरने में असमर्थ पुरेन्द्र को एक बड़ा सहारा मिला है। कैंप कार्यालय में उन्हें बैटरी चलित ट्राय सायकल प्रदान किया गया। इससे उनमें एक नया आत्मविश्वास का संचार हुआ है, अब वह अपनी दिनचर्या के कार्य करने में स्वयं सक्षम होंगे। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रति आभार व्यक्त किया है। एक हादसे में ग्राम मयुरचुन्दी, तहसील दुलदुला निवासी पुरेन्द्र गंभीर रूप से यादव घायल हो गए थे। इसकी वजह से उनका एक पैर इलाज के दौरान काटना पड़ा था। उनके दूसरे पैर में रॉड लगा हुआ है। इसकी वजह से चलने फिरने में वे असमर्थ थे। उन्हें किसी और पर निर्भर रहना पड़ता था। पुरेन्द्र ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में इस संबंध में आवेदन देकर अपनी परेशानियों का जिक्र किया और ट्राइसायकिल प्रदान करने की मांग की। कैंप कार्यालय बगिया में उन्हें बैटरी चलित ट्राय सायकल प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय द्वारा जनसुविधाओं और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

अधिकारी-कर्मचारी छुट्टी के दिनों में भी बिना अनुमति नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय

गरियाबंद। राज्य शासन द्वारा सुशासन की अवधारणा को जमीनी स्तर पर लागू करने विभिन्न नीतिगत कार्यो पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासन द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को भी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही बिना उच्च अधिकारियों के अनुमति से छुट्टी पर नहीं जाने के भी निर्देश दिये गये है। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को अवकाश के दिनों में भी बिना अनुमति के संबंधित मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा है कि अधिकारी-कर्मचारी शनिवार, रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में अपने अधिकारियों से विधिवत अनुमति लेकर ही मुख्यालय छोड़ सकेंगे। उन्होंने जिला अधिकारियों को इस निर्देश का अपने अधीनस्थ अमलों को कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है। निर्देश के पालन नहीं किये जाने एवं नियमों का उल्लंघन करने पर विधिवत कार्यवाही भी प्रस्तावित की जायेगी।

लीनेस क्लब ने बांटा कंबल, अल्का कंवर के नेतृत्व में हुआ आयोजन

सक्ति। आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम-1 संपदा सक्ती की अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर के नेतृत्व में (एक डिस्ट्रिक्ट -एक सेवा) जरूरत मंदों को कम्बल के तहत बढ़ते ठंड को देखते हुए ठंड से बचाव के लिये नारायण सागर तालाब पार में जरूरत मंद लोगों को अपने सामाजिक दायित्वो का निर्वहन करते हुए कंबल का वितरण किया। पूर्व एरिया आफिसर लीनेस डॉ. शालू पाहवा ने कहा कि इस प्रकार के कार्य से समाज में मानवीय भावना के साथ जरूरत मंदों की सेवा हो जाती है। इस अवसर पर लीनेस लता नायक, पूर्व अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल, अनीता सिंह, निधि सिंह, सचिव भगवती देवांगन, कोषाध्यक्ष लीनेस पूनम साहू, मीरा देवांगन, संगीता तिवारी, शहनाज़ बानो, निकहत करीम खान, प्रभा जायसवाल, कलेश्वरी साहू, रीता राज, विनीता जायसवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव की धूम

पायनियर संवाददाता ⮜ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरभटटी में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मां शारदा एवं स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर मा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया ।जहा पर मा सरस्वती सगीत कि देवी व युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद विद्यालय का नाम स्वामी विवेकानंद युवा दिवश के नाम के साथ उनकी जन्मदिवस की याद में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम ग्राम चोरभटटी में मनाया गया। जिममें देशभक्ति, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नृत्य के साथ कविता, भाषण हरियाणा एवं पंजाबी नृत्य से लोगों का मंत्र मुक्त छात्रों ने किया। जहां पर यह देश है वीर जवानों के साथ हर मैदान फतेह ने दिल को जीत लिया।

वही पर मोबाइल लगातार देखने के दुष्परिणाम से दशशको की ताली कि गड गडाहट से चार चान्द लगे। सरस्वती वंदना अन्नी एवं सहेलियां के देश है वीर जवानों का सायना एवं सहेलियां कर हम मैदान फतेह निलेश साथियों दिल है छोटा सा नैंनसी एवं सहेलियां जब भी वतन पर निशा कमलेश कविता ये दिया ओ दिया इशिका सहेली के साथ छोटे-छोटे गलियों से नन्हे नन्हे मुन्ने का नृत्य मुझे क्या बेचेगा रुपया सायना सहेली ने खूब वाह वाही लूटी स्वर्ग से सुंदर देश हमारा युवराज ने भी लोगों का दिल जीत लिया। हरियाणा नृत्य त्रिया एवं सोनिया ने हरियाणा की परंपरा को गीत के माध्यम से बताया हरियाणा से लगे पन्जाब की पन्जाबी नृत्य मे भावना एव सहेली ने दर्शको का दिल जीत लिया, वहीं पर हमारे छत्तीसगढ़ के त्यौहार जो आज होने जा रहा है छेरछेरा के साथ सुवा, डंडा नृत्य, करमा नृत्य के साथ गुरु घासीदास की पंथी नृत्य के साथ छात्रों ने खूब वाह-वही लूटी, इश्क है सरजनी से में रानी और सहेलियां ने देशभक्ति गीत गाकर सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को देश का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि राजेश चंद्रा एवं जिलासदस्य प्रतिनिधि राजेश लहरे के साथ अनेक नेताद्वय उपस्थित रहे विवेकानंद पब्लिक स्कूल के संचालक संतोष कुमार चंद्रा ने सभी अतिथियों का पुष्प हार, बैच एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम दिनभर चलता रहा, सभी दर्शकों ने खूब आनंद उठाएं।

गांधी चौक स्थित गुडडू पान दुकान में चोरी की वारदात, पुलिस जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता ⮜ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

गांधी चौक पर स्थित गुडडू पान दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान से महंगी सिरगेट और नगद लगभग 5,000 रुपये चुरा लिए। घटना उस समय हुई जब दुकान पर कोई मौजूद नहीं था, और चोरों ने चुपचाप अपनी वारदात को अंजाम दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि गांधी चौक में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे बंद थे, जिससे चोरों को कोई चुनौती नहीं मिली। दुकान मालिक को सुबह जब दुकान में चोरी की जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, चोरों ने पहले दुकान का ताला तोड़ा और फिर अंदर जाकर सिरगेट और पैसे चुराए।

स्थानीय निवासी और व्यापारियों में इस घटना को लेकर काफी रोष है, क्योंकि गांधी चौक जैसे व्यस्त इलाके में इस तरह की चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि अगर सीसीटीवी कैमरे ठीक से काम कर रहे होते तो चोरों का पकड़ा जाना आसान हो सकता था। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ शुरुआती सबूत एकत्र किए हैं और आसपास के इलाके में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। साथ ही पुलिस यह भी मान रही है कि यह चोरी अकेले चोरों द्वारा नहीं की गई हो सकती, बल्कि एक संगठित गिरोह का काम हो सकता है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और चोरों की पहचान के लिए आसपास के सभी संभावित सुरागों की जांच की जा रही है। व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़कर इस घटना का खुलासा किया जाए।

केल्हारी थाना परिसर में नवीन थाना भवन के लिए भूमि पूजन

मनेन्द्रगढ़। केल्हारी थाना परिसर में एसपी चंद्रमोहन सिंह के द्वारा नवीन थाना भवन का भूमि पूजन विधिपूर्वक किया गया। इस नवीन भवन का निर्माण 59.12 लाख रुपये की लागत से होगा। भूमि पूजन का आयोजन वैदिक विधि-विधान से किया गया, नये थाना भवन का उद्देश्य पुलिस कर्मियों के कार्यो को और अधिक सुचारू रूप से चलाने के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस भवन में महिला एवं पुरुषों के लिए बैरक, शौचालय, बाउंड्री और अन्य आवश्यक उपकरण होंगे, जिससे पुलिस प्रशासन को अपनी जिम्मेदारियां बेहतर तरीके से निभाने में सहायता मिलेगी। एसपी चंद्रमोहन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि नए भवन का निर्माण स्थानीय नागरिकों और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह भवन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा और केल्हारी तथा आसपास के क्षेत्रों के लिए एक नई उम्मीद की किरण बनेगा। एसपी ने यह भी कहा कि यह नवीन भवन न केवल अपराध नियंत्रण में मदद करेगा, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति को भी बढ़ावा देगा। एसपी ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। भूमि पूजन कार्यक्रम में जनकपुर एसडीओपी आर के मिश्रा, केल्हारी थाना प्रभारी टिकेश्वर यादव, एसआई बंधु राम, केमल साय, प्रधान आरक्षक ललित यादव, संजय पांडेय, आरक्षक सुरेश तिग्गा, संतोष सिंह, रमेश मिश्रा और केल्हारी थाना स्टाफ के अलावा जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह, जनपद सदस्य अनीता सिंह, मकसूद आलम, धीरज मौर्य, रवि गुप्ता समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

भगवान शिवरीनारायण के दर्शन हेतु पहुंचे भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष

शबरी चौंक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ⮜ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चांपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगडे शिवरीनारायण में भगवान शिवरीनारायण के दर्शन करने पहुंचे। अम्बेश पूर्व में पामगढ़ विधानसभा के विधायक एवं संसदीय सचिव रह चुके है।

जांगड़े जैसे ही शिवरीनारायण पहुंचे उनका भाजपा कार्यकर्ताओ ने शबरी चौक में भव्य स्वागत किया उसके बाद नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जांगड़े, समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शबरी चौक से होते हुए भगवान शिवरीनारायण के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे, तत्पश्चात पैदल ही मंदिर मार्ग से समस्त जनता से भेट करते हुए विश्राम गृह पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाबसिंह चंदेल, जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, शिवरीनारायण भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव बंजारे, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजानंद कश्यप, प्रदेश कार्य समिति सदस् सविता तिवारी, मंडल महामंत्री द्वय चंदराम साहू राहुल थवाईत, संगीता केशरवानी, तिलेश्वरी साहू, भुवनेश्वरी साहू, सचि तिवारी (बाबू), ईश्वरी केशरवानी, रमेश मोदी, विष्णुहरी गुप्ता, घासीराम कश्यप, डॉ. धर्मेंद्र, ललित कश्यप, दिलेश्वर साहू, डालेश्वर साहू, महेश केशरवानी, ओंकार सोनी, सनत साहू, प्रकाश सोनी, राजेश श्रीवास, प्रमोद साहू, संतोष कश्यप, आकाश यादव, परमेश्वर चौबे, जीवन साहू, चितरंजन, मनहरण कैवर्त्य, राधेश्याम यादव, उत्तम सोनी, विक्की सोनी, राकेश यादव, अजय कैवर्त्य, रमेश केशरवानी, अजितसेन तिवारी, श्यामजी कर्ष, नीरज शर्मा, तुलाराम साहू, आशीष तिवारी, फागुराम पटेल, योगेश शुक्ला, किशोर कश्यप, मनोज कश्यप, रामप्रसाद राही, पुनिराम साहू, मुकेश कश्यप, कृष्णा केशरवानी, महेंद्र कश्यप, ईश्वर पटेल, गणेश पटेल, विनय, आशीष दुबे, वैभव केशरवानी, सागर कुंभकार, प्रांशु केशरवानी आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रविंदर कौर रैना का निधन

मनेन्दगढ़। प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी होटल मिड टाउन स्टेशन रोड के संचालक कुलवंत सिंह रैना के प्रथम पुत्र सरदार तेजवंत सिंह रैना की धर्मपत्नी रविंदर कौर रैना (स्वीटी रैना) उम्र 48 वर्ष का निधन रायपुर के बालाजी हास्पिटल में हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को सुबह 9 बजे आमाखेरवा मुक्तिधाम में जाएगी।

यमराज उतरे जशपुर में: यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को दी अंतिम समझाईश

एसएसपी सिंह ट्रैफिक अमले के साथ उतरे सड़क पर, लोगों को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस यातायात जागरूकता के लिए लगातार अनूठा प्रयोग कर रही है, इसी तारतम्य में जशपुर पुलिस द्वारा दो यमराज के प्रतीक के साथ आम जनता को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करने के लिए एसएसपी शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में सड़क पर उतर कर यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने महाराजा चौक जशपुर में हेलमेट, शीट बेल्ट पहनकर वाहन चलाने वालों एवं यातायात नियमों का पालन करने वालों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया साथ ही यातायात नियमों का पालन नही करने वालों को यमराज के माध्यम से संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस द्वारा चालान काटा जा रहा है जिससे आप बच सकते हैं मगर यमराज द्वारा चालान कटने पर आपको बचाया नही जा सकता है। इसी प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बीटीआई चौक पत्थलगांव में भी किया गया।

मौत में कमी लाना उद्देश्य

गौरतलब है कि 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है जिसके तारतम्य में जिले ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं मौतों के संख्या में कमी लाने के लिए पुलिस अधीक्षक जशपुर के दिशा निर्देश में लगातार अंजोर रथ व अन्य माध्यमों से बाजार हाटों में व स्कूल कॉलेजों मे यातायात जागरूता कार्य म का आयोजन कर यातायात नियमों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में जशपुर पुलिस द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंदरचुंवा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों को यातायात नियमों के पालन के लिए संदेश दिया गया।

लगातार होगी कार्रवाई

जशपुर पुलिस द्वारा जहां लगातार आम जनता को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ शराब पीकर वाहन चलाने वालों व बिना हेलमेट तथा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। मालूम हो कि शराब पीकर वाहन चलाने पर एम व्ही एक्ट की धारा 185 के तहत् 10 हजार रू. की जुर्माना है ,साथ ही गाड़ी न्यायालय से ही छुट सकती है। पुलिस द्वारा इस वर्ष शराब पीकर वाहन चलाने के 25 प्रकरण, बिना शीट बेल्ट के 35 प्रकरण, ओव्हर स्पीड के 18 तथा तीन सवारी के 78 प्रकरण कुल 156 प्रकरणों में चालानी कार्यावाही की गई है। जिसका असर जिले में देखने को मिल रहा है।

इनकी रही सक्रियता

महाराजा चौक में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी, डीएसपी मंजू लता बाज उपस्थित रहे एवं कलाकार कैसर हुसैन, विशाल गुप्ता, कुंदन सिंह की सक्रिय भूमिका रही है।

जशपुर पुलिस द्वारा एक तरफ जहां शराब पीकर, बिना हेलमेट, ओव्हर स्पीड वाहन चालकों पर लगातार चालानी कार्यवाही कर रही है वहीं दूसरी ओर लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जा रहा है।

शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर

नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमाक्षेत्र के लगभग 2400 से ज्यादा आवास लाभार्थियों के घर घर विष्णु की पाती का होगा वितरण

विष्णु की पाती-आवासीय स्वाभिमान की ओर एक नई पहल

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। जिसके तहत कच्चे मकान में निवासरत परिवार जो आर्थिक परेशानी के कारण पक्का मकान नहीं बना सकते उन्हें आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत पक्का मकान निर्माण करने राशि दी जा रही है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमाक्षेत्र में मोर जमीन मोर मकान के तहत 2658 स्वीकृत आवासों में 2509 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष आवास विभिन्न स्तर में प्रगतिरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवीन पहल करते हुए विष्णु की पाती नाम से शुभकामना संदेश पत्र दिया है। उन्होंने अपने संदेश में आवास योजना के लाभार्थियों को स्वंय के पक्का आवास का सपना सकार होने पर बधाई देते हुये कहा है कि यह सफलता स्वाभिमान और आत्म निर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने संदेश में कहा है कि एक परिवार अपने घर को केन्द्र में रखकर जीवन के सुनहरे सपने को बुनता है और नई पीढी के भविष्य की बुनियाद तैयार करता है। आपके परिवार तक इस जन कल्याणकारी योजना का लाभ पहुँचा है, मेरे लिये इससे बड़ी संतुष्टि कुछ और नहीं हो सकती। घर परिवार खुशहाल रहे इसके लिये छत्तीसगढ सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है। उन्होने पत्र में अपना सौभाग्य समझ कहा है कि आवासहितन परिवारों को पकका मकान उपलब्ध कराने के पुनीत कार्य का मै माध्यम बना हूँ। उन्होंने लाभार्थियो को उनका नया घर खुशियो व समृद्धि से भरा होने की शुभकामनाएं दी है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमाक्षेत्र में आवास लाभार्थी में लगभग 2400 से ज्यादा लाभार्थी को विष्णु की पाती भेजा जा रहा है, जिसमें से 2073 पाती अब तक डाक के माध्यम से लाभार्थियों के घर पहुंचाने हेतु डाकघर (पोस्ट ऑफिस) में जमा कर दिया गया है।

रिसाली के ढाई लाख लोग करा चुके है स्वास्थ्य परीक्षण, बेसाहरा को मिला जीवनदान

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 2 लाख 34 हजार से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। कई लोगों को घर पहुंच सेवा के तहत नया जीवन मिला है। खास बात यह है कि लगभग 70 हजार ने पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट निशुल्क प्राप्त किया है। नगर पालिक निगम रिसाली की बसाहट आधा गांव और आधा शहर है। स्लम बस्ती में रहने वाले कई परिवार ऐसे है जो अस्पताल जाने में असमर्थ है। कभी संसाधन का अभाव तो कभी माली हालत का ठीक नहीं होना। ऐसे में हर वार्ड तक पहुंच रही मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चलित चिकित्सा ईकाई सहारा बन चुकी है। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर पैथोलॉजी जांच और निशुल्क दवा वितरण की सुविधा है।

ढाई लाख से अधिक ने कराया परीक्षण

एम.एम.यू. की क्वाडीनेटर प्रियंका ने बताया कि रिसाली निगम के 40 वार्डो में रोस्टर के हिसाब से चलित चिकित्सा ईकाई पहुंच रही है। एक नवम्बर 2020 से शुरू हुई इस योजना में 2 हजार 6 सौ 36 कैम्प लगाया। वहीं 2 लाख 34 हजार 3 सौ 68 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वहीं 69 हजार 6 सौ 4 ने पैथोलॉजी जांच कराया और एक लाख 92 हजार 827 ने दवा ली।

पुष्पा को मिला नया जीवन

आशीष नगर में झाड़ू पोछा का काम कर जीवन यापन करने वाली विधवा पुष्पा को नया जीवन मिला है। उसे कई प्रकार की बीमारियों ने घेर लिया था। स्थिति ऐसी नहीं कि वह विशेषज्ञ को दिखा सके या फिर लंबी दूरी तयकर रोज अस्पताल जाए। ऐसे में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत हर सप्ताह उसे न केवल दवा मिल रही है, बल्कि शुगर, थायराइड, कोलेस्ट्राल की नियमित जांच हो रही है।

कविता यादव को सर्वसम्मति से फिर से चुना गया आंबा कार्यकर्ता संघ जिलाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पंजी.409 का आम चुनाव संपन्न हुआ। सर्व सहमति से जिलाध्यक्ष के पद पर पुनः कविता यादव को काबिज कर दूसरी पारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दिया गया तो वहीं 17 परियोजना में से 11 परियोजना में पुनः परियोजना अध्यक्षों की नियुक्ति हुई, इसमें अधिकांश परियोजना में अध्यक्षों को उनके सफल कार्यकाल के कारण पुनः रिपीट किया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पंजी.409 का आम चुनाव जशपुर के रणजीता स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। यहां इस कार्यकाल में उम्मीद से दोगुना कार्य करने और सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के हक अधिकार और उनके संरक्षण में विशेष योगदान देने के लिये सर्वसहमति से जिलाध्यक्ष कविता यादव को पुनः जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इसी प्रकार 17 परियोजना में से 11 परियोजना में अध्यक्षों की पुनः नियुक्ति की गई है। सन्ना से रोपनी भगत, बगीचा प्रभा यादव, केराडीह ममता यादव, दोकडा प्रतिमा शर्मा, जशपुर अंजना टोप्पो, लोदाम कृपा सिह, दुलदुला 1 बीना कुमारी, दुलदुला 2 केसेन्सिया, लुड़ेग ग्लोरिया तिग्गा, आस्ता से अनुरूपा, मनोरा से हरिप्रिया यादव का नाम परियोजना अध्यक्ष में शामिल है। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सहित सभी परियोजना अध्यक्षों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया है।

पांडातराई नगर पंचायत में पार्टियों को जिताऊ उम्मीदवार की तलाश

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

स्थानीय चुनावों की बिगुल बज चुका हैं और आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी कर दिया गया है। आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होते ही एक से बढ़कर एक दागी और अपराधिक प्रवृति के लोग भी समाज सेवक बनकर उभरते दिखाई दे रहे हैं। कुछ अवसर वादी लोग अपना राजनीतिक भविष्य को देखते हुए घर -घर में भाई भाई को चुनाव मैदान में उतरने के लिए उकसाया जा रहा है जबकि उन्हें इस तरह के कार्य से कोई वास्ता नहीं है। छुटभैया नेता अपने आकाओं को इनसे मिलवाने में भी सफल हो रहे है। कौड़ी भर के लोग जो खुद के वोट पाने की काबिलियत नहीं रखते वो भी ताल ठोकते दिखाई दे रहे है।

कांग्रेस और भाजपा को जिताऊ उम्मीदवार की तलाश

पांडातराई निकाय चुनाव में पार्टियों को जिताऊ उम्मीदवार की तलाश है। कांग्रेस यदि सविता पाटस्कर को अपना उम्मीदवार तय करता है तो भाजपा के लिए बड़ी मुसीबत हो जाएगा। सविता पाटस्कर स्वास्थ्य विभाग से जुड़कर मितानिन के रूप में अपनी सेवाएं नगर में दे रही है जिसके चलते उनकी पकड़ मजबूत है साथ ही महिला मतदाताओं में पैठ भी है। पाटस्कर परिवार का नगरवासियों से संबंध भी बढ़िया है।

पांडातराई नपा अध्यक्ष ओ बी सी के लिए आरक्षित

नगरीय निकाय चुनाव में पांडातराई अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गया है। पिछड़ावर्ग के लिए आरक्षित होते ही बहुत से दावेदार किनारे हो गए। एक वोट नहीं पाने और दिलाने की हैसियत नहीं रखने वाले भी मजबूत दावेदार की दावेदारी करते दिखाई दे रहे थे लेकिन आरक्षण के चलते सबकी बोलती बंद हो गई है।

दावेदारों की लंबी कतार

नगरीय निकाय चुनाव 2025 के लिए पांडातराई में दावेदारों की लंबी कतार है कोई अपने पति तो कोई अपने परिवार के छवि को देखकर मैदान में उतरने वाली हैं तो कोई अपने खुद की छवि और कार्यशैली के आधार पर पार्टी से टिकट की जुगाड में लगे हुए है। कांग्रेस से मजबूत दावेदार के रूप में सविता पाटस्कर, सरोज जायसवाल और विद्या साहू के परिवार को लोग टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से अजय गिरी गोस्वामी, सहदेव साहू, गिरवर साहु, देवाराम साहू, राम कुमार सोनी, तुलसी मल्लाह, खैरझिटी (पुराना) निवासी और हाल ही में नगर पंचायत में मतदाता सूची में नाम जुड़ने के कारण दिलेश्वरी जायसवाल के नामो की चर्चा जोरो पर है।

कौशल विकास के प्रशिक्षणार्थियों को दिये जा रहे टेऊनिंग का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज गरियाबंद स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को दिये जा रहे कौशल ट्रेनिंग का अवलोकन किया। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से उनके ट्रेड, टेऊनी संख्या, उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, टेऊनिंग अवधि, आवश्यक उपकरण एवं पढ़ाई की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ऑफिस असिस्टेंट, सिलाई मशीन ऑपरेटर एवं टेलरिंग ट्रेड की कक्षाओं में जाकर दिये जा रहे प्रशिक्षण का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही विद्यार्थियों से रहने की व्यवस्था, भोजन एवं नास्ता आदि की भी जानकारी ली। साथ ही भोजन व्यवस्था भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सभी ट्रेनी विद्यार्थियों की शत प्रतिशत मौजूदगी सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण तरीके से प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिये। उन्होंने इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाये जा रहे परिधान एवं अन्य सामग्रियों का भी अवलोकन किया।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम मोदी से मिलने छात्र रविशंकर पहुंचे दिल्ली

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

परीक्षा पे चर्चा पर दिल्ली में आयोजित होने वाली पैनल परिचर्चा में छत्तीसगढ़ से चयनित तीन छात्रों में से एक छात्र रविशंकर राम शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जशपुरनगर के कक्षा 9 वीं में पढ़ाई कर रहे है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में पहली बार जशपुर जिले के किसी छात्र को अवसर मिला है। छत्तीसगढ़ के चयनित तीन छात्रों के दल के साथ छात्र रविशंकर राम दिल्ली पहुंचकर 12 जनवरी के कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर रोहित व्यास छात्र रवि शंकर राम को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। यह कार्यक्रम बिल्डिंग फोकस एंड मेमोरी- द स्पोर्ट्स मेंटेलिटी थीम पर आधारित था। परीक्षा पे चर्चा परीक्षा से जुड़ी समस्याओं के समाधान और परीक्षा के भय को दूर करने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर साल बच्चों से चर्चा- परिचर्चा करते हैं। इस कार्यक्रम के लिए देश से 2 करोड़ 94 लाख से अधिक और छत्तीसगढ़ से 19 लाख से अधिक बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है। 2018 से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम के फार्मेट में इस बार बदलाव किया गया है। प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पे चर्चा के पहले अलग-अलग थीम पर 12 जनवरी से कार्यक्रम होंगे, जिसमें बच्चे अपनी बात रखेंगे।

प्रधानमंत्री से पूछेंगे सवाल

परीक्षा पे चर्चा 2025 में चयन से छात्र रविशंकर राम बहुत उत्साहित है। हवाई जहाज से यात्रा करके दिल्ली पहुंचे रविशंकर ने कहा कि वह बहुत खुश है। उसने कभी रेल या हवाई जहाज में यात्रा नहीं किया है। प्रधानमंत्री से कमजोर विषयों में सर्वश्रेष्ठ अंक कैसे प्राप्त कर सकते हैं, इस पर सवाल करेंगे। आदिवासी किसान पिता का बेटा है रविशंकर छात्र रविशंकर के पिता नोहर साय, ग्राम छिंदकोना, सन्ना के एक छोटे किसान है। माता लक्ष्मी बाई गृहणी हैं। नोहर साय अपने बेटे की सफलता से बहुत उत्साहित हैं। उन्हें विश्वास है कि उनका बेटा एक दिन जरूर उनका नाम रोशन करेगा। छात्र रविशंकर के चयन पर डीईओ प्रमोद कुमार भटनागर, जशपुर बीईओ कल्पना टोप्पो, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य खान वकारुज्जमां खां सहित समस्त शाला परिवार ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

शराबियों को छुड़ाने भाजपा नेता ने किया पुलिस के सामने हाई वोल्टेज ड्रामा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर उठाए सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले में कानून व्यवस्था बिल्कुल तार तार होती जा रही है ऐसा इसलिए क्योंकि पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारी का हौसला असमाजिक तत्व राह चलते पस्त कर दे रहे हैं पुलिस के अधिकारी कार्रवाई भी नहीं कर पा रहे हैं। इस बीच एक भाजपा नेता ने पुलिस के सामने हाई वोल्टेज ड्रामा किया और यह ड्रामा इसलिए ताकि वह अपने समर्थकों को पुलिस से छुड़ा सके। पुलिस ने उसके समर्थको को इसलिए पकड़ा था क्योंकि वे शराब के नशे में सड़क पर लापरवाही पूर्वक गाड़ी चला रहे थे और यह सब कुछ भाजपा नेता और भाजपा जिला उपाध्यक्ष को पसंद नहीं आया इसके बाद वे सड़क पर लेट गए। एक नेता ने थानेदार से कहा कि,अगर हमारे मंत्री फेन उठा लिए न तो दो दिन भी आप नहीं रुक पाएंगे। यह मंत्री कौन हैं जो संगठन के लोगों को इतना छूट दे रखा है कि अपनेही सरकार का किरकिरी कराने में लागा हुआ है? अब देखना दिलचस्प यह होगा कि प्रदेश के भाजपा संगठन मंत्री पे करवाई करती हैं या नहीं? जिसके दम पर इतना गदर मचा रखा है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने सड़क पर लेट कर किया ड्रामा

इस दौरान उनके समर्थक बलरामपुर थाना के प्रभारी को रौब दिखाते हुए 2 दिन के भीतर थाने से हटाने तक की धमकी देने से बाज नहीं आए। बलरामपुर जिला मुख्यालय में पुलिस की चेकिंग से नाराज भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह ने जमकर ड्रामा किया। कोतवाली थाना के सामने बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष के हंगामा का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. जिसमे बीजेपी कार्यकर्त्ता थाना प्रभारी को धमकाते हुए दिख रहें है।

हाई वोल्टेज ड्रामें का वीडियो हुआ वायरल

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पहले बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र के कुछ भाजपा कार्यकर्ता बलरामपुर में पहुंचे थे और यहां पर उन्होंने एक पार्टी में भाग लिया इसके बाद रात में वापस लौट रहे थे इसी दौरान पुलिस ने कोतवाली थाना के सामने उन्हें रोक लिया और जांच करना शुरू कर दिया यह सब कुछ कार्यकर्ताओं को ठीक नहीं लगा इसके बाद उन्होंने जिला उपाध्यक्ष भाजपा को फोन लगा दिया भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और अपने समर्थकों को छोड़ने के लिए पुलिस से कहने लगे लेकिन पुलिस का कहना था कि वह शराब के नशे में है इसलिए चालानी कार्रवाई की जा रही है इस पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नाराज हो गए और सड़क पर लेटने लगे इस दौरान इसका आसपास के लोगों ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया इसके बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस वीडियो को पोस्ट करते हुए सुशासन पर सवाल उठाया है और पूछा है क्या यही सुशासन है? दूसरी तरफ माना जा रहा है कि इसे भाजपा की किरकिरी हो रही है तो इस भाजपा नेता के खिलाफ जल्द ही संगठन बड़ी कार्रवाई कर सकता है।

भूपेश बघेल ने सरकार पर उठाए सवाल

भाजपा जिला उपाध्यक्ष के वायरल वीडियो को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी ट्वीट किया है, और कानून व्यवस्था सहित सरकार पर भी सवाल उठाया है।

स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में करें बेहतर काम : कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक ली उन्होंने आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत चयनित गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड में हितग्राहीमूलक एवं विकास कार्यो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नीति आयोग द्वारा जारी किये जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में जिले के बेहतर स्थान के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण, कृषि, पेयजल एवं सामाजिक विकास आदि क्षेत्रों में बेहतर काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित किये गये मानकों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कर हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जिससे योजनाओं का सेचुरेशन की पूर्णता होगी। साथ ही लोगों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल पायेगा। नीति आयोग द्वारा विभिन्न मानकों के तहत देश के 500 ब्लॉकों की रैंकिंग की जाती है। इसमें मैनपुर ब्लॉक में दिये गये मानक अनुसार योजनाओं का सेचुरेशन किया जा चुका है। कलेक्टर ने गरियाबंद ब्लॉक में भी सभी क्षेत्रों में बेहतर काम करके देश के आकांक्षी ब्लॉक रैंकिंग में नाम शामिल करवाने के लिए बेहतर प्रयास करने के निर्देश दिये।

रज्जाक अहमद का निधन

कुम्हारी। स्टेशन चौक कुम्हारी निवासी रज्जाक अहमद (80 वर्ष) का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे वरिष्ठ साहित्यकार और रंगकर्मी थे। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे उनके निज निवास से कुम्हारी कब्रिस्तान के लिए रवाना हुआ। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

प्रदेश की भाजपा सरकार षड्यंत्र पूर्वक ओबीसी आरक्षण समाप्त करने की ओर अग्रसर : सुनिल सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अन्य पिछड़े वर्गों के लिए स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव में पूर्व की व्यवस्थाओं को समाप्त करते हुए आरक्षण को समाप्त करने की दिशा की ओर आगे बढ़ रही है? वर्तमान आरक्षण रोस्टर को देखते ही स्पष्ट तौर पर परिलक्षित हो रहा है कि सरकार के दुर्भावना पूर्वक किए गए संसाधनों के परिणाम स्वरूप और दिए गए निर्देशों के परिणाम स्वरूप जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा स्थानीय निकाय व पंचायत चुनाव में अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गई है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी,अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म सा हो गया है। मैदानी क्षेत्रों में अनेकों पंचायतें ऐसी है जहां पर लगभग 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है। राज्य की भाजपा सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब सामान्य सीटे घोषित हो गई है। आगे सिंह ने यह भी कहां है कि बस्तर और सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान है सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ, चिरमिरी, भरतपुर सोनहत, बस्तर के 7 जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाडा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर मोहला, जशपुर, गैरेाला पेंड्रा मरवाही और कोरबा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है। इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पंचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी कटौती इस सरकार ने की है। त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में रायपुर जिला पंचायत में 16 क्षेत्रों में से केवल 4 ओबीसी के लिए आरक्षित है। बिलासपुर जिले में सदस्यों के 17 में से केवल एक क्षेत्र क्रमांक 1 में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है,ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से एक भी सीट आरक्षित नहीं है। इसी तरह बिलासपुर जिले के चार जनपद पंचायत में दो जनपद पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जाति महिला, एक अनारक्षित महिला और एक जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त रखा गया है। ओबीसी के लिए बिलासपुर जिले के अंतर्गत चार जनपद पंचायतों में से एक भी जनपद पंचायत अध्यक्ष का पद ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के बदनियति से चलते अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित हो गए हैं। स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के संदर्भ में साय सरकार ने जो दुर्भावना पूर्वक संशोधन किया है वह ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय है,अत्याचार है। बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग में ओबीसी वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं जबकि यहां बड़ी आबादी ओबीसी वर्ग की है, भाजपा सरकार ने दुर्भावना पूर्वक संशोधन करके पिछड़ा वर्ग के प्रतिभागियों के अधिकार को कुचल दिया है। सिंह ने कहा कि आरक्षण को समाप्त करने की मनसा प्रारंभ से ही भारतीय जनता पार्टी की रही है परंतु ओबीसी वर्ग के हकों के लिए उनके जन्म प्रतिनिधियों को जो आरक्षित होने की वजह से सीधे आरक्षित सीटों पर प्रतिनिधित्व कर पाते थे उन्हें यह मौका प्राप्त करने हेतु बड़ा संघर्ष करना पड़ सकता है, भारतीय जनता पार्टी का मूल चरित्र ही आरक्षण विरोधी है, जब ये विपक्ष में थे तब विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक को रोका जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 से बढ़कर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था, 2 दिसंबर को पारित यह विधेयक भाजपा के षडयंत्रों के चलते ही आज तक राजभवन में लंबित है। अब स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण के नियमों में बदलाव करके ओबीसी अधिकारों में दुर्भावना पूर्वक कटौती किया गया है।

होंडा ने पेश किए एलीवेट के दो शानदार ब्लैक एडिशन और सिग्नेचर ब्लैक एडिशन में लग्जरी और स्टाइल का संगम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल), जो प्रीमियम कार निर्माण में एक प्रमुख नाम है, ने अपनी एसयूवी होंडा एलीवेट के दो नए विशेष एडिशन होंडा एलीवेट ब्लैक एडिशन और होंडा एलीवेट सिग्नेचर ब्लैक एडिशन लॉन्च किए। इन दोनों वेरिएंट्स को बेहद आकर्षक क्रिस्टल ब्लैक पर्ल रंग में पेश किया गया है। ग्राहकों से मिली भारी मांग के बाद यह लॉन्च किया गया है, जो उन लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो एसयूवी के बोल्ड और प्रीमियम अनुभव को और अधिक अनूठे अंदाज में पाना चाहते हैं। होंडा एलीवेट ब्लैक एडिशन और सिग्नेचर ब्लैक एडिशन उन ग्राहकों के लिए परफेक्ट विकल्प हैं, जो बोल्ड लुक और प्रीमियम क्वालिटी चाहते हैं। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के प्रेसिडेंट और सीईओ, तकुया सुमुरा ने कहा, हमारे ग्राहकों ने एक विशेष, प्रीमियम और आकर्षक एसयूवी की मांग की थी। होंडा एलीवेट ब्लैक एडिशन और सिग्नेचर ब्लैक एडिशन उन लोगों के लिए हैं जो स्टाइल और इनोवेशन दोनों को महत्व देते हैं। हमें विश्वास है कि ये नए एडिशन भारतीय एसयूवी बाजार में एक अलग पहचान बनाएंगे। ये एडिशन न केवल आकर्षक डिजाइन पेश करते हैं, बल्कि स्टाइल और प्रीमियम फिनिश के मामले में भी ग्राहकों की उम्मीदों को पूरा करते हैं। यह लॉन्च होंडा की उन प्रतिबद्धताओं को दिखाता है जो ग्राहकों की लगातार बदलती पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। नया होंडा एलीवेट ब्लैक एडिशन अपने दमदार और बोल्ड लुक के साथ सड़कों पर एक खास पहचान बनाता है। इसका स्लीक ब्लैक एक्सटीरियर, ब्लैक अलॉय व्हील्स और नट्स इसे आकर्षक और प्रीमियम बनाते हैं। इसकी डिजाइन को और बेहतर बनाने के लिए अपर ग्रिल पर क्रोम एसेंट्स, सिल्वर फिनिश वाले फ्रंट और रियर स्किड गार्निश, लोअर डोर गार्निश और रूफ रेल दिए गए हैं। ये सब मिलकर एलीवेट को एक मॉडर्न और एक्सक्लूसिव लुक देते हैं, जो इसे अन्य कारों से अलग करता है। इसके अलावा, कार के पीछे 'ब्लैक एडिशन' का विशेष बैज इसे और भी खास बनाता है। इस खूबसूरत पेशकश को और भी खास बनाते हुए, होंडा एलीवेट सिग्नेचर ब्लैक एडिशन लक्जरी और विशिष्टता का प्रतीक है।

लोन की जाल में धकेलकर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं दल्लीराजहरा नगर पुलिस अधीक्षक डॉ चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डौण्डी पुलिस द्वारा बेईमानी पूर्वक षड्यंत्र करते हुए कमीशन देने एवं अधिक लाभ प्राप्त करने की लुभावनी बात बताकर पूर्व नियोजित तरीके से थाना क्षेत्र डौण्डी के महिलाओं को अलग अलग बैंकों से कृषि कार्य हेतु लोन निकलावाकर लोन की जाल में धकेलकर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना डौंडी के अपराध क्र 117/2024 धारा 420, 120बी, 34 भादवि के प्रार्थिया पुष्पा बाई नेताम पति शंकर लाल नेताम उम्र 32 वर्ष, साकिन कुरूटोला थाना डौंडी ने एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि दिसम्बर 2023 में नारागांव के सरिता करियाम एवं उसका पति चंद्रहांस करियाम एवं खोलबहरा निषाद के द्वारा गांव में आकर 04-05 महिला का समूह बनाओ आजकल समूह को बैंक कृषि कार्य के लिए बिना ब्याज के लोन दे रहा है, आप लोगो को भी बैंक से कृषि कार्य के लिए लोन दिलायेंगे लोन के पैसा को हमे दे देना उसमे से 10 प्रतिशत वापस करेंगे बाकी पैसा को बिजनेंस में लगायेंगे उससे दुगुना राशि कमायेंगे जिससे तुम लोगो को फायदा होगा, उसका बोनस भी मिलेगा और तुम्हारी आर्थिक संकट दूर हो जाएगी, इस तरह लालच देने पर बातों में आकर बैंको से पैसा निकालकर सरिता करियाम, चंद्रहास करियाम एवं खोलबहरा निषाद को दिये।

शासकीय सेवकों द्वारा वाहन चालन के समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट धारण करना अनिवार्य : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने मोटरयान (संशोधन) अधिनियम 2019 अंतर्गत वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग के प्रावधान के संबंध में शासकीय सेवकों के लिए आदेश जारी किया है। जिसमें बढ़ती हुई सड़क दुर्घटना को देखते हुए शासकीय सेवकों द्वारा वाहन चालन के समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट धारण करना अनिवार्य है। जिससे स्वयं, परिवारजन एवं जन सामान्य की सुरक्षा के साथ-साथ नियमों की अनुपालन की प्रतिबद्धता का आदर्श प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने जिले के समस्त कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय में पदस्थ, कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को वाहन चालन के समय अनिवार्य रूप से यातायात के निर्देश एवं नियमों का पालन करने को कहा है।

आज डौंडी लोहारा में रंग सरोवर कार्यक्रम का होगा आयोजन

दल्लीराजहरा। 13 जनवरी को डौंडी लोहारा में रंग सरोवर गरियाबंद का कार्यक्रम रखा है जिसमें लाल निवेंद्र सिंह टेकाम एवं नगर विकास समिति के मार्गदर्शन ने यह कार्यक्रम आयोजित होना है। ग्राम समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष लोहारा देव मंडाई बड़े धूम धाम से मनाई जाएगी जिसमें राजपरिवार तथा ग्राम विकास समिति और क्षेत्र के पूरे नागरिक के सहयोग से सभी कार्यक्रम को सफल बनाना है जिसमें रात्रि कालीन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के निजी सहायक तुलसी कौशिक तथा अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख रहेंगे साथ ही जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अतिथि गण का भी आगमन होना है।

60 वर्षीय बेवा घुरो बाई का प्रधानमंत्री आवास से अधूरे सपने हुए साकार

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 8 में 60 वर्षीय बेवा घुरो बाई का सपना प्रधानमंत्री आवास के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रणव रॉय के प्रयास से सच साबित हुआ है। गौर तलब है कि बेवा घुरो बाई एक टूटी-फूटी मकान में रहकर वृद्धा पेंशन के सहारे एवं अपने भरण पोषण के लिए लोगों के घरों में काम कर अपना जीवन यापन करते चली आ रही है। बेवा घुरो बाई के दो संतान है जिसके शादी उपरांत वह लोग अपने परिवार सहित अलग निवास करते हैं। बेवा घुरो बाई जब पति वार्ता थी तब उसके पति ने घर बनाने का सपना संजोया था किंतु उनके देहांत के उपरांत यह सपना अधूरा ही रह गया। व्ही वार्ड वासी बेवा घुरो बाई को यह बताया कि सरकार अब गरीब परिवारों को आवास बनाकर दे रही है इसके लिए आपको नगर पालिका कार्यालय में जाकर अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी समस्या बतानी पड़ेगी। बेवा घुरो बाई ने अपने सहयोगियों के बात मानकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रणव रॉय से मुलाकात कर अपनी बीती बताई। तत्पश्चात उनके द्वारा शासकीय दस्तावेज कंप्लीट करते हुए पहल कर उनका पक्का मकान बनवाया गया। बेवा घुरो बाई अपना पक्के का मकान पाकर बहुत हर्षित है और शासन की योजनाओं का लाभ मिलने से संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित भारतीय जनता पार्टी के सरकार के प्रति सहानुभूति पूर्वक दिल से धन्यवाद करते हुए उनका आभार मान रही है जिन्होंने पक्का मकान बनवाने के लिए उनका मार्गदर्शन किया था।

शहरी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण घटक का प्रतिनिधित्व करते हैं स्ट्रीट वेंडर

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्ट्रीट वेंडर शहरी अर्थव्यवस्था के एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटक का प्रतिनिधित्व करते हैं और सस्ती दरों पर वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोविड -19 और उसके परिणाम स्वरुप लॉकडाउन में शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। केंद्र सरकार ने इन शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका को ध्यान में रखते हुए 1 जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना शुरू की जिसका उद्देश्य सड़क के किनारे व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं को अपने व्यवसाय को फिर से शुरू करने के लिए के किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करना था, जो महामारी के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए थे। पीएम स्वनिधि योजना के तहत पीएम स्वनिधि योजना नगरीय क्षेत्र में पथ विक्रेताओं को जो स्वयं के व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहते हैं। प्रथम ऋण के रूप में 10000 द्वितीय ऋण के रूप में 20000 एवं तृतीय ऋण 50000 रुपए ऋण का प्रावधान है। नगरीय पथ विक्रेताओं को योजना से लाभान्वित करने नगर पालिका में फॉर्म, वार्ड, सार्वजनिक स्थलों एवं बैंकों में शिविर लगाकर फॉर्म भरकर प्रकरण बैंकों को प्रेषित किया गया। अब तक पीएम स्वनिधि में 414 हितग्राही एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्वरोजगार हेतु 22 हितग्राहियों को एवं 18 स्वयं सहायता समूह का बैंक लिंकेज ऋण राशि बैंक के माध्यम से वितरित किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित हुए वार्ड क्रमांक 5 दल्लीराजहरा निवासी शिवकुमार गुप्ता ने बताया कि रेडीमेड कपड़ा का व्यवसाय ठेला लगाकर चलते थे।

क्या एचएमपीवी बन सकता है कोविड-19 जैसी महामारी ? यदि नहीं तो क्यों ?

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंदौर के शैल्बी हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर कंसल्टेंट डॉ. विवेक जोशी का कहना है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) एक ऐसा वायरस है जो छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में गंभीर बीमारियाँ पैदा कर सकता है। हाल ही में चीन में एचएमपीवी के केस बढ़े हैं, जिसकी वजह से कुछ लोग इसे कोरोना जैसी महामारी बनने का खतरा मान रहे हैं। लेकिन, एक्सपर्ट्स का कहना है कि एचएमपीवी से कोरोना जैसी महामारी फैलने की संभावना बहुत कम है। सबसे पहले, एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इसे 2001 में खोजा गया था और तब से ये कई देशों में फैला हुआ है। ज्यादातर लोग बचपन में ही इससे संक्रमित हो जाते हैं। हाँ, दोबारा संक्रमण हो सकता है, लेकिन पहले हुए संक्रमण की वजह से हमारी इम्यूनिटी इसे ज्यादा गंभीर नहीं बनने देती। दूसरा, एचएमपीवी ज्यादातर संक्रमित व्यक्ति या किसी दूषित सतह के संपर्क में आने से फैलता है। इसकी फैलने की गति कोरोना वायरस (SARS-CoV-2) जितनी तेज नहीं है। इसी वजह से इसके अचानक बड़े पैमाने पर फैलने की संभावना कम है। इसके अलावा, जबकि एचएमपीवी अतिसंवेदनशील समूहों में गंभीर फुफ्फुसीय रोग का कारण बन सकता है, लेकिन इसमें गंभीर सीओवीआईडी कोविड-19 संक्रमणों में देखी जाने वाली उच्च मृत्यु दर नहीं है। अधिकांश एचएमपीवी संक्रमण मध्यम बीमारी का कारण बनते हैं, इसलिए स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली आमतौर पर स्थितियों को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए तैयार रहती है। यह ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है कि चीन में एचएमपीवी मामलों में हालिया वृद्धि मौसमी पैटर्न और उच्च जागरूकता और परीक्षण के अनुरूप है।

पुन्नू लाल मोहले, दीनानाथ केशरवानी ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर बड़ा बाजार में आयोजित में पुन्नू लाल मोहले, दीनानाथ केशरवानी ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुन्नू लाल मोहले ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था। वह एक महान धार्मिक नेता, योद्धा, और कवि थे। उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म परिषद में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अपने विचारों से विश्व को प्रभावित किया। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह दिन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों से प्रेरित होकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते। इस अवसर पर राजेन्द्र वैष्णव, शैलेष पाठक, संतूलाल सोनकर, गिरीश शुक्ला, मोहन मल्लाह, आनंद देवांगन, विज्जू आर्य, रंजू श्रीवास,विक्रम मोहले, संजय वर्मा, राम श्रण यादव, द्वारिका जायसवाल, मुकेश रोहरा, पंकज सोनी, बब्बू ठाकुर,राजा तंबोली, शंकर सिंह , स्वपनिल वर्मा, रितिमा लाल सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

यातयात विभाग परिवहन विभाग और स्वास्थ विभाग ने जिले के सभी स्कूल बसों के फिटनेस परीक्षण का शिविर आयोजित किया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025/ के तहत मुंगेली शहर के एसएनजी कॉलेज ग्राउंड मे यातयात विभाग परिवहन विभाग और स्वास्थ विभाग मुंगेली के द्वारा जिला के सभी स्कूल बसों के फिटनेस परीक्षण का शिविर आयोजित किया गया जिसमे सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के अनुसार करीब 43 बसों का फिटनेस चेक किया गया जिसमे 2 बसों का फिटनेस सही ना पाए जाने से उसमे परिवहन विभाग ने चलानी कायवाही कि वहीं ड्राइवरों के नेत्र का परिक्षण भी किया गया जिसमे 11 चालकों का चश्मे का नम्बर बदला गया तथा 5 को सामान्य उपचार के लिये सलाह दी गई उक्त शिविर मे यातायात विभाग से प्रभारी उप निरी अमित गुप्ता, सउनि यशवंत, आर अजीत परिहार स्वास्थ्य विभाग से जिला हॉस्पिटल के खिलेन्द्र साहू नेत्र सहायक अधिकारी किशोर उके और परिवहन विभाग से असीम माथुर और अजय पाल उपस्थित रहे।

लर्निंग लायसेंस का शिविर का आयोजन

36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत दिन जन जन मे यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिये रायपुर रोड स्थित एसएनजी कॉलेज मे यातयात विभाग ओर परिवहन विभाग के द्वारा लर्निंग लायसेंस का शिविर का आयोजन किया गया जिसका शहर के एवं ग्रामीण लोगों ने भरपूर लाभ उठाया शिविर मे करीब 104 लायसेंस बनवाया गया एवं 45 आवेदन जमा किया गया है यह शिविर माह जनवरी के प्रत्येक शुक्रवार को लगाया जायेगा जिसका मूल उदेश्य लोगों मे लायसेंस बनवाने को प्रेरित करना है। शहर के प्रमुख चौक चौराहो मे बिना नम्बर लिखें दुपहिया वाहनों एवं ऑटो को रोक कर उनको आवश्यक समझाइस दिया गया, साथ ही पेंटर कि मदद से उन सभी वाहनों मे नंबर लिखवाया गया। इस प्रकार विभिन्न माध्यमो से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कलेक्टर ने सुरक्षा मानकों एवं अन्य पैरामीटर की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के दिए निर्देशित

मुंगेली। कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर मुंगेली जिले के सरगांव के ग्राम रामबोड़ में संचालित कुसुम प्लांट में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कारखाने में स्थापित समस्त साइलो को विनिर्माण प्रक्रिया में लाने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध इसे कारखाना अधिनियम के प्रावधान अंतर्गत उपयोग हेतु सुरक्षित रहने तथा इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के पूर्व तक जारी रहेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा के सभी मानकों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को संबंधित स्थल का निरीक्षण कर साईलो का उपयोग, आवश्यक सभी जाँच, टेस्टिंग, सुरक्षा मानको एवं अन्य पैरामीटर की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। इसी तरह महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र और क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल को संबंधित स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न मानकों का परीक्षण करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने श्रम पदाधिकारी को स्थल निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है, साथ ही संबंधित अधिकारी को कारखाना अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण को लेबर कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है ताकि मृतकों के परिजनों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाया जा सके।

बालोद जिला भाजपा के अध्यक्ष चेमन देशमुख को बधाई देने पहुंचे समस्त चिखलाकसा के जनप्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बालोद जिला भाजपा के अध्यक्ष चेमन देशमुख को बधाई देने पहुँचे समस्त चिखलाकसा के जनप्रतिनिधि भाजपा के बालोद जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख का समस्त कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधि द्वारा पुष्प गुच्छ तिलक लगाकर स्वागत किए, साथ ही भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अब्दुल इब्राहिम ने शाल पहनाकर सम्मानित किया। इब्राहिम ने कहा चेमन देशमुख को अध्यक्ष पद पर चुना जाना ये सौभाग्य है कि आने वाले चुनाव में भी अच्छी सकारात्मक जीत हासिल होगी। पूर्व में भी जिला महामंत्री के पद पर रहे और अच्छे मिलनसार रहते हुए पार्टी के रीति नीति से निर्वहन किए। उनके स्वागत सम्मान में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष भिखी मसिया, शक्ति केंद्र प्रभारी भरत पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष विजय डड़सेना, पार्षद कुंती देवांगन, संगीता साहू, ताराचंद पाथोडे, शांति रावटे, तिहरू आर्य, सुनीता गुप्ता, लीला दड़सेना, विमला जैन पार्षद, बिज्जू यादव, गजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे।

120 स्कूली बसों की हुई चेकिंग चालक परिचालक और अटेंडर का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

1 जनवरी से प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी संपूर्ण देश भर में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है इसी कड़ी में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा और यातायात विभाग के डीएसपी डीके सिंह के निर्देश और नेतृत्व में यातायात पुलिस कोरबा भी सड़क सुरक्षा को लेकर और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिदिन अलग-अलग थीम पर जागरूकता अभियान चला रही है जिसके तहत आम जनों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्क और सावधान किया जा रहा है। 36वां सड़क सुरक्षा मां के तहत 120 स्कूली बसों की चेकिंग की गई। वहीं इस दौरान चालक परिचालक और अटेंडर के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया, साथ ही उनको वाहन चलाते समय जरूरी नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया रविवार के इस अभियान में यातायात पुलिस कोरबा परिवहन विभाग स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है उन्होंने बताया कि यह 36 वा सड़क सुरक्षा माह है लिहाजा यातायात पुलिस प्रतिदिन जिले के अलग-अलग क्षेत्र में और सभी उपक्रम विद्यालय तथा आम जनों के बीच पहुंचकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनसे वाहन चलाने के दौरान हर सूरत में सतर्क और सावधान रहने की अपील कर रही है। राठौर ने बताया कि आम जनों का अच्छा प्रतिशत मिल रहा है और लोग नियमों की जानकारी लेते हुए संकल्प ले रहे हैं कि वह वाहन चलाते समय आवश्यक सावधानियां बरतेंगे। राठौर ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा मां मनाया जाता है लिहाजा यातायात पुलिस लगातार अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने के लिए पहल कर रही है। जागरूकता अभियान और स्कूली बस चेकिंग स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान यातायात पुलिस कोरबा से डीएसपी डीके सिंह सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर चंद्रा परिवहन विभाग से संतोष हरपाल परिवहन निरीक्षक मनोहर साहू सतानंद जांगड़े शत्रुघ्न ध्रुव लोमेश वर्मा स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर स्वाति चंद्रवंशी डॉक्टर हिमांजलि डॉक्टर वर्षा तिग्गा अंजू राठौर महेंद्र कुमार एवं दीप प्रिया टोप्पो ने अभियान में अपना योगदान निभाया।

पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की मदद से ग्राम सूरजपुरा स्थित दाल बेशन मिल में लगी आग को बुझाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम सूरजपुर स्थित शीतल इंडस्ट्रीज दाल बेसन मिल में आग लग गई है कि, सूचना पर थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस का बल, तत्काल घटना स्थल ग्राम सुरजपुरा पहुंचा, जहां पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा क्षेत्र, एसडीओपी भाटापारा, थाना भाटापारा ग्रामीण से उप निरीक्षक संदीप बंजारे, प्रधान आरक्षक रोहित सिंह एवं संघर्ष तिवारी की पुलिस टीम द्वारा फायर ब्रिगेड की मदद से मिल में लगी आग पर काबू पाकर उसे बुझाया गया। वर्तमान में पुलिस टीम एवं फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर बनी हुई है तथा आग को पूरी तरीके से बुझाने का काम अभी भी जारी है।

गौ मांस बेचने वालो के ऊपर हो हत्या का जुर्म दर्ज : हीरामणी यदु

भाटापारा। शिव सेना जिला उपाध्यक्ष हीरामणी यदु ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में गौ माता की हत्या कर मांस बेचने वालो के ऊपर हत्या का जुर्म दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है इस कृत्य की कड़ी निदा करते हुए उन्होंने कहा कि इस कृत्य से जुड़े हुए प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए शिव सेना ने पहले भी गौ तस्करी व गौ हत्या करने वालो के ऊपर उचित कार्यवाही को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के डिप्टी सीएम गृह मंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा था हम शिवसौनिक ने यह भी मांग किया था कि गौ माता को राज्य माता का दर्जा दे, आखिर कब तक हमारी गौ माता का हत्या होता रहेगा शासन प्रशासन से हमारी एक मांग है कि गौ माता के हत्यारो के ऊपर उम्र कैद या फांसी की सजा हो।

नगर पालिका अधिकारी मनीष वारे ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन एवं भारसाधक मंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के द्वारा नगर पंचायत कसडोल क्षेत्र के विकास कार्य हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत राशि रू. 1.50 करोड़ के कार्यो का भूमिपूजन मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के द्वारा संपन्न होने के पश्चात बलार रोड मे नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य के महत्व को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष वारे एवं उप अभियंता जितेन्द्र कुमार जांगड़े एवं अन्य कर्मचारियों के साथ ठेकेदार की उपस्थिति में निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये जिससे वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या से आमजन को निजात मिल सके।

देवी भागवत के छठवें दिवस पर तीन देवियो की हुई कथा एवं राममंदिर स्थापना उत्सव पर मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा में नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा आयोजित कल्याण क्लब मैदान में छठवें दिवस की श्री देवी भागवत पुराण कथा में संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने महागौरी, चामुंडा कालरात्रि, देवियों का चरित्र एवं चड- मूंड, धूम्र-लोचन, रक्तबीज जैसे महादैत्यो के वध की कथा का वाचन किया जिसमें धूम्र-लोचन को मोह की संज्ञा दी। वही रक्त-बीज को हमारे अंदर रहने वाले लालच का नाम दिया जो कभी खत्म नहीं होता है। क्रोध को शांत करने के लिए ज्ञान की जगह भक्ति की कहानी बताई जिसमे संत एकनाथ की कथा बताई। एक नाथ की कथा का उद्देश्य गुस्से को काबू कर किसी भी परिस्थिति को नियंत्रित करने की क्षमता और अपने तरफ स्थितियों को लाने की ताकत का सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया। कथा पंडाल के अंदर आयोजकों के द्वारा आज की तिथि में अयोध्या में स्थापित राम मंदिर एवं उसमें भगवान की स्थापना का उत्सव मनाते हुए सैकड़ो दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।

नागरिकों को स्वच्छता के प्रति किया जा रहा है जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com

मुख्य नगर पालिका अधिकारी कसडोल द्वारा मार्निंग विजिट कर साफसफाई के लिए विशेष जोर एवं शासन के योजनाओं को नागरिकों तक सीधे लाभ पहुंचाने हेतु चलाई जा रही मुहिम जनता को किया जा रहा जागरूक। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास अरूण साव के मार्गदर्शन से नगर में संचालित सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही साथ स्वच्छ भारत मिशन के सफल संचालन से शहर में साफ-सफाई की स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा नियमित रूप से प्रातः निरीक्षण कर, शहर के नाली एवं सड़क की साफ-सफाई तथा डोर टू डोर कचरा संग्रहण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। निदान के टोल फ्री नंबर 1100 के माध्यम से भी साफ-सफाई संबंधित शिकायत का निराकरण किया जा रहा है।

अग्निवीरवायु भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन व आवेदन

बेमेतरा । भारतीय वायुसेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीरवायु सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उम्मीदवार ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन हेतु भारतीय वायुसेना के वेबसाईट https//agnipathvayu.cdac.in में दिनांक 07 जनवरी 2025 से 27 जनवरी 2025 तक पंजीयन/आवेदन कर सकते है। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12वीं/ इंजीनियरिंग डिप्लोमा में कुल अंक 50 प्रतिशत अंक एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। उम्मीदवार की जन्मतिथि दिनांक 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के मध्य होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई 152 सेमी. होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, अनुकूलन दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण में उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

कलेक्टर ने जशपुर नगर पालिका क्षेत्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगर पालिका जशपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप कार्य किये जाने हेतु जशपुर का सौन्दर्यकरण, अधोसंरचना कार्य के लिए भागलुपर चौक, बी.टी.आई खेल मैदान, सामुदायिक भवन बी.एस.एन.एल ऑफिस, पक्की ड़ाडी, चौक स्थित कुंआ व वार्ड क्रमांक 07 का निरीक्षण किया गया। बी.टी.आई. मैदान को एथलेटिक्स मैदान के रूप विकासित करने हेतु नगरपालिका विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बाउण्ड्रवॉल निर्माण कार्य, शौचालय निर्माण कार्य, हाई मस्क लाईट, रनिंग ट्रैक व घास लगाने के कार्य शामिल है। सामुदायिक भवन के समीप भूमि को सीमाकंन करने के निर्देश राजस्व विभाग को दिए गए इसी प्रकार रानी सती तालाब व पक्की डाडी की सफाई व सौन्दर्गीकरण किये जाने आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया, तथा झण्डा चौक के पास स्थित कुओं में जाली लगाये जाने हेतु विभाग को निर्देशित की गई। निरीक्षण के दौरान प्रशासक एवं अनुविभागीय अधिकारी ओंकार यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, राजेश यादव तहसीलदार, राजीव सोनी व सतीश भगत राजस्व निरीक्षक, कैलाश खरोले सहायक अभियंता, जगेशवर राम चौहान, लिलेन्द्र कुमार प्रधान, दिनेश सिंह, भोला यादव, उपस्थित थे।

यज्ञस्थल चालीसा पाठ कथा स्थल दीपोत्सव झलक, प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ उमंग और उत्साहमय ललक

ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय दिवस पर भाटापारा मे जबर्दस्त उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

दैवीय स्वरुपों से सुसज्जित जिसमें आदर्श जीवन शैली की सीख समाहित है, अवतारवाद की अवधारणा मे रची बसी सनातन संस्कृति मे देव स्थलों एवं देव स्वरुपों को लेकर गहरी आस्था के बिम्ब नजर आते है, जिसके लिए निरंतर संघर्ष एवं गहन संवेदना के इतिहास ज्वलंत साक्षी है,भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या जिसकी महत्वपूर्ण बानगी है, जिसमें लगभग500 वर्षो तक संघर्ष का इतिहास समाया हुआ है,जिसने जन जन की आस्था का भाव दर्शाया है,इसलिए पौष माह शुक्ल पक्ष की द्वादश तिथि 22 जनवरी 2924 का दिवस जब आया, समूचा देश उमंग एवं उत्साह से भर गया, घर घर दीवाली चौक चौराहे सड़के गलियां जगमगा उठी क्योकि यह ऐसा अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक दिवस था जब सैकड़ों वर्षो के संघर्ष को विराम मिला एवं अयोध्या मे भव्य राम मंदिर मे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का इस दिवस मे नया आयाम जुड़ा। प्रथम वर्षगांठ मे उमंग एवं उत्साह का वही नजारा भाटापारा मे पुनः दिखाई दिया।

यज्ञ स्थल मे हनुमान चालीसा का पाठ

तिथि मे पौष माह की द्वादश तिथि शनिवार को पड़ी लिहाजा तिथि के अनुसार वर्षगांठ का उत्सव जनमानस मनाता हुआ नजर आया,घरों मे सुबह अनुष्ठान पूजन तथा संध्या घरों मे देहरी पर दीप जलाकर लोगों द्वारा उमंग उत्साह एवं आस्था की अभिव्यक्ति की गयी, जगह जगह हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकांड के पाठ आयोजित हुए,नगर के मंदिरों में भजन कीर्तन पूजन की भक्तिमय छटा बिखरी, इसी कड़ी मे यज्ञस्थल नाका नंबर एक मे हनुमान लला के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, सामूहिक पाठ मे सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शंकर शर्मा, मुकेश शर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर सहित नौनिहाल बच्चों की टोली उपस्थित रही।

कथा स्थल कल्याण क्लब मे दीपोत्सव की भव्यता

तथ्यपरक विवेचन गहन मर्मो की सहज व्याख्या मे सिद्धहस्त श्री देवी भागवत कथावाचक संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा द्वारा नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के सौजन्य से कल्याण क्लब मे श्री देवी भागवत महापुराण की कथा कही जा रही है,उनकी विशिष्ट शैली जहां जनमानस को प्रभावित कर रही है,वहीं समसामयिक विषयों पर उनकी व्याख्या समाज को दिशा भी प्रदान करती हुई प्रतीत हो रही है, लिहाजा जनमानस का विशाल समूह कथा श्रवण करने कथा स्थल पंहुच रहा है, छठवें दिवस की कथा के साथ ही कथा स्थल मे भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया तथा कथा पंडाल मे भगवान की स्थापना वर्षगांठ का उत्सव मनाते हुए सैकड़ों दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।

छठवें दिवस तीन देवियों की हुई कथा

दीपोत्सव की भव्यता के साथ ही छठवें दिवस कथा की दिव्यता की छटा भी बिखरी तथा छठवें दिवस श्री देवी भागवत पुराण कथा में संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा द्वारा महागौरी, चामुंडा कालरात्रि, देवियों का चरित्र एवं चड-मूंड, धूम्र-लोचन, रक्तबीज जैसे महादैत्यो के वध की कथा का वाचन किया गया, जिसमें धूम्र-लोचन को मोह की संज्ञा दी। वही रक्त-बीज को हमारे अंदर रहने वाले लालच का नाम दिया जो कभी खत्म नहीं होता है। क्रोध को शांत करने के लिए ज्ञान की जगह भक्ति की कहानी बताई जिसमे संत एकनाथ की कथा बताई। एक नाथ की कथा का उद्देश्य गुस्से को काबू कर किसी भी परिस्थिति को नियंत्रित करने की क्षमता और अपने तरफस्थितियों को लाने की ताकत का सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

बेटियों की पढाई और विवाह में करेगें खर्च, पीड़ित ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

भालू के हमले में दोनों आंख गवां चुके बाल बच्चन को 32 साल बाद सीएम साय के निर्देश पर मिला मुआवजा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भालू के हमले में दोनों आंखों की रोशनी गवां चुके बाल बच्चन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर घटना के 52 साल के बाद मुआवजा राशि मिल सकी। रविवार को मुख्यमंत्री के गृह ग्राम बगिया में उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय ने मुआवजा राशि का चेक सौंपा तो बाल बच्चन और उनका परिवार भावुक हो गया। आर्थिक तंगी से जुझ रहे इस परिवार ने सहायता राशि दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। जिले के दुलदुला ब्लाक के ग्राम पंचायत कस्तुरा के आश्रित ग्राम केंदपानी के रहवासी पीड़ित ग्रामीण बाल बच्चन सिंह ने बताया कि 24 सितंबर 1992 की सुबह वे अपने गांव के पास के जंगल में नित्यकर्म के लिए गए हुए थे। इसी दौरान झाड़ियों के बीच में बैठे हुए भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू ने बाल बच्चन के दोनों आंखों को निकाल दिया। उपचार के बाद बाल बच्चन का जीवन तो बच गया लेकिन उसके दोनों आंखों की रोशनी चली गई थी। पीड़ित ग्रामीण के बड़े भाई रंथू सिंह ने बताया कि घटना के बाद बाल बच्चन सिंह का परिवार आर्थिक संकट में आ गया था। बाल बच्चन का विवाह 5 माह पूर्व ही हुआ था। आंख की रोशनी चले जाने से वह काम नहीं कर पा रहा था। ऐसे समय में परिवार ने उनकी सहायता की थी। घटना के बाद वन विभाग के अधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे और उन्हें जल्द ही मुआवजा राशि दिलाने का आश्वासन दिया था। लेकिन यह आश्वासन पूरा नहीं हो पाया। पीड़ित बोल बच्चन आर्थिक सहायता की उम्मीद में अधिकारियों के पास लगातार चक्कर लगाता रहा। लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई। आखिर में 25 सितंबर 2024 को बगिया में आयोजित जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गुहार लगाने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बाल बच्चन की व्यथा सुनकर वनविभाग के अधिकारियों को तत्काल मुआवजा राशि भुगतान करने का निर्देश दिया था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

बाल बच्चन के परिवार में उनकी प ी के अलावा तीन बच्चे हैं। बड़ा लड़का रोजगार में लगा हुआ है। बड़ी बेटी 12 वीं और छोटी बेटी 8 वीं क्लास में पढ़ रही है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर 32 साल के बाद 2 लाख मुआवजा राशि मिलने पर सीएम आभार जताते हुए बाल बच्चन ने कहा कि मुआवजा राशि से वह अपनी दोनों बेटियों की पढ़ाई पूरी कराएंगें और पढ़ाई पूरी होने के बाद उनके विवाह में यह राशि खर्च करेगे।

माओवादी कैडर राजे कांगे व सहयोगी चढ़े पुलिस के हत्थे

मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे डीवीसी रैंक के नक्सली को कांकेर पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

माओवादी संगठन के उत्तर बस्तर डिवीजन अंतर्गत सक्रिय डीवीसी रावघाट एरिया कमेटी प्रभारी मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे की गतिविधि की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा तस्दीकी की जा रही थी। इस दौरान 11 जनवरी को जिला कांकेर के थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र से मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे एवं नक्सली सहयोगी श्यामनाथ उसेण्डी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार माओवादी मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे एवं श्यामनाथ उसेण्डी से पूछताछ कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर सुन्दरराज पी., पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन, पुलिस उप महानिरीक्षक एंव पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के. एलिसेला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर संदीप पटेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण में उत्तर बस्तर डिवीजन के एक महत्वपूर्ण तथा बड़े कैडर के माओवादी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

पायनियर हलचल...

अरुण साव भ्रष्ट हैं, यह तो स्पष्ट है

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल डिप्टी सीएम अरुण साव पर प्रहार करने का कोई मौका नहीं गंवाना चाहते। वह ऐसा क्यों कर रहे हैं? यह तो अरुण साव और भूपेश बघेल ही जानेंगे। लेकिन भूपेश का साव को बार-बार निशाने पर लेना संदेह पैदा करता है। दरअसल भूपेश बघेल और अरुण साव के बीच इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बीते विधानसभा सत्र में भी भूपेश ने **'यह तो स्पष्ट है, अरुण साव भ्रष्ट है'** का नारा बुलंद किया था। शायद भूपेश पूरी रणनीति के तहत अरुण साव को राडार पर लेकर चल रहे हैं। क्योंकि वह साव और उनके विभाग को घेरने का मौका हाथ से नहीं जाने देते। इसका एक और उदाहरण देखा और समझा जा सकता है। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके पुत्र के यहां जब ईडी की टीम ने दबिश दी, तब भी भूपेश ने अरुण साव पर ही निशाना साधा था। भूपेश ने कहा था कि अरुण साव बहुत ताकतवर नेता हैं उनसे जो उलझता है उन्हें वह जेल भेजवा देते हैं। भूपेश ने कहा था कि कवासी लखमा ने सड़क और पुलिया का सवाल विधानसभा में उठाया था, इसलिए लखमा के यहां अरुण साव ने ईडी भेज दिया। तो भला राजधानी रायपुर का मौका भूपेश कहां हाथ से जाने देते। मोवा ब्रिज में घटिया सड़क निर्माण पर भी भूपेश ने अरुण साव को राडार पर लेते हुए कहा कहा **'यह तो स्पष्ट है, अरुण साव भ्रष्ट हैं'**। बीजापुर में घटिया सड़क निर्माण ठेकेदार और पत्रकार पर भी भूपेश ने यही कहा **'यह तो स्पष्ट है, अरुण साव भ्रष्ट हैं'**? बहरहाल इसके पीछे कारण जो भी हो, लेकिन भूपेश और साव के बीच राजनीतिक अदावत इन दिनों जमकर चर्चा में है।

मै विपक्ष हूं, मै ही पत्रकार हूं और मै ही सरकार हूं

मै विपक्ष हूं, मै पत्रकार हूं और मै ही सरकार हूं। यह लाइन कुरुद विधायक अजय चंद्राकर पर इन दिनों एकदम फिट बैठती है। हालांकि जब पत्रकार, विपक्ष और नेता सभी अपने दायित्वों से पीछे हटने लगें तो ऐसे किरदार की अत्यंत आवश्यकता होती है। अजय चन्द्राकर की कई दफा रायपुर से दिल्ली तक शिकायत की जा चुकी है। लेकिन वह बार-बार यह संदेश दे रहे हैं कि **'मै विपक्ष हूं, मै ही पत्रकार हूं और मै ही सरकार हूं'** जब जिस किरदार की जरुरत होगी तो मै बखूबी निभाउंगा। खैर अब तक चन्द्राकर अपने किसी भी किरदार से पीछे हटते नजर नहीं आये। भविष्य में क्या होगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। वह विधानसभा से लेकर पार्टी फोरम तक अपनी बातों को दमदारी से रखने का काम कर रहे हैं। दरअसल अजय चंद्राकर का यह राजनीतिक रुख कई मायनों में अहम है। राज्य में अभी मंत्रिमंडल का विस्तार होना है। ऐसे में अजय ने यह साफ संकेत दे दिया है कि यदि मुझे अवसर नहीं मिला तो मै सरकार को घेरने से भी परहेज नहीं करुंगा। दूसरा खामोश रहकर अजय चंद्राकर टीएस सिंहदेव की तरह अपना राजनीतिक हश्र नहीं करना चाहते। चंन्द्राकर यह भली-भांति जानते हैं कि यदि पार्टी और सरकार में पकड़ कमजोर हुई तो अगले विधानसभा चुनाव में जिस तरह टीएस सिंहदेव अंबिकापुर नहीं बचा पाये, ठीक वैसे ही कुरुद की जमी बचा पाना मुश्किल होगा। इसलिए चन्द्राकर का यह रूख आगे भी बरकरार रह सकता है।

असर दिखने लगा है, छवि गढ़ने लगा है

जनसंपर्क विभाग सरकार का मुखौटा होता है। सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के साथ ही मुख्यमंत्री की छवि गढ़ने का काम भी यह विभाग बखूबी करता है। सरल और शांत छवि के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी सरकार ने महज कुछ माह में ही जनता से किए वादे यानि की मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। राज्य की महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने 1000 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। धान की सर्वाधिक कीमत छत्तीसगढ़ राज्य में दी जा रही है। पीएससी के भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। राज्य की जांच एजेसिंयां अब सक्रिय रुप से छापामार कार्रवाई कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध जंग लड़ रही हैं। बस्तर में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का प्रयास साकार होते दिख रहा है। यहीं नहीं नवा रायपुर अब आकार लेते दिख रहा है। राज्य में पर्यटन का विस्तार होते दिख रहा है। इसके अलावा भी अनेकों उपलब्धियां सरकार की झोली में हैं। उसके बाद भी वादे पूरे करने वाली इस सरकार को **'स्लो सरकार'** का तमगा दे दिया गया। आखिर क्यों? इसका जिम्मेदार कौन है? क्या सरकार का मुखौटा और मुख्यमंत्री की छवि गढ़ने वाला जनसंपर्क विभाग बीते एक साल में पूरी तरह फेल रहा? क्या पूर्व में यहां दायित्वों का बखूबी निर्वहन नहीं किया गया? बहरहाल यह चिंतन और मंथन का विषय है। लेकिन बीते एक साल में इस विभाग में जिस तरह से अंधी चली, सरकारी धन का बंदरबांट किया गया, उसका खामियाजा वर्तमान आयुक्त रवि मित्तल और कई मीडिया संस्थान भुगत रहे हैं। शायद इन्हीं गतिविधियों के कारण मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद को संवाद में सर्जिकल स्ट्राइक करना पड़ा। हालातों को देखकर यह कहने में कोई संकोच नहीं कि बीते एक साल में यहां सरकार की छवि की चिंता कम, बल्कि रुपया कूटने का काम ज्यादा किया गया। सोशल मीडिया में घूम रहे करोड़ों रुपये के आरो बीते एक साल की दास्तान को चीख-चीख कर बयां कर रहे हैं, खैर यह सब जांच का विषय है। लेकिन देर से ही सही पर अब मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद के सर्जिकल स्ट्राइक और आयुक्त रवि मित्तल के प्रयासों का असर दिखने लगा है, जनसंपर्क सरकार और मुख्यमंत्री की छवि गढ़ने लगा है।

नया सीएस कौन?

राज्य के सीएस अमिताभ जैन 14 जनवरी से 21 जनवरी तक अवकाश में हैं। इस दौरान आईएएस रेणु पिल्ले को मुख्य सचिव का प्रभार सौंपा गया है। अमिताभ जैन के अचानक छुट्टी में जाने से कयासों का दौर शुरु हो गया है। दरअसल आरटीआई कार्यकर्ता अंजली भारद्वाज द्वारा सुप्रीम कोर्ट में राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्तियों के संदर्भ में एक याचिका लगाई गई है, हालांकि यह अन्य राज्य के संदर्भ में है। जिसके सुनवाई में 5 सप्ताह के अन्दर इनके पद भरे जाने के निर्देश हैं। इसके प्रगति के लिए चयन समिति का भी गठन किया गया है। अमिताभ जैन के अचानक छुट्टी में जाने के कारण को इस याचिका से भी जोड़कर देखा जा रहा है। वास्तव में यदि ऐसा हुआ तो छत्तीसगढ़ में भी खाली पदों पर जल्द नियुक्ति करने का दबाव बढ़ेगा। ऐसे में अमिताभ जैन की छुट्टी को ट्रायल भी समझा जा रहा है। बहरहाल वास्तविक कारण क्या है? इसे तो सरकार और सीएस अमिताभ जैन ही जानेंगे। लेकिन सवाल यह उठता है कि अमिताभ जैन के बाद राज्य का अगला सीएस कौन बनेगा? वर्तमान में तो प्रभारी सीएस रेणु पिल्ले हैं। लेकिन सीएस की रेस में आईएएस मनोज पिंगुआ और ऋचा शर्मा भी हैं। आईएएस सुब्रत साहू कांग्रेस सरकार के काफी नजदीक रहे, इसलिए उनकी संभावना फिलहाल न के बराबर है। अब तक की स्थिति में मनोज पिंगुआ के सीएस बनाये जाने की खबरें तैरती रही हैं। लेकिन वर्तमान में ऋचा शर्मा सीएम सचिवालय के काफी नजदीक हैं। इसलिए ऋचा के नाम से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

आयोग में खामोसी से नियुक्तियां

आयोगों में बड़ी ही खमोसी ने एक-एक करके नियुक्तियां जारी हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा भाजपा संगठन में विभिन्न पदों का दायित्व संभालने वाले रुपनारायण सिंहा को योग आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। दरअसल भाजपा पूरे रणनीति के तहत खमोशी से आयोगों में नियुक्तियां कर रही है, ताकि कार्यकताओं का एक साथ दबाव न झेलना पड़े। इससे पहले भी कई आयोगों और प्राधिकरणों की नियुक्तियां की जा चुकी है। आंतरिक सूत्रों की माने तो कुछ बड़े आयोगों और निगम - मंडलों को छोड़ दें तो बांकि के लिए ऐसे ही एक-एक करके नियुक्तियां जारी रहेंगी, ताकि कार्यकर्ताओं को आसानी से मनाया और समझाया जा सके।

सचिवालय दिखने लगा गुलजार

आईएएस सुबोध कुमार सिंह के सीएम सचिवालय में वापसी के बाद मंत्रालयीन कार्यों में गति दिखने लगी है। मंत्रालय के कई अफसरों का भी कहना है कि अब सीएम सचिवालय व्यवस्थित दिखने लगा है। यहीं नहीं सुबह समय पर पहुंचने के साथ ही देर शाम तक मंत्रालय गुलजार रहता है। शायद कार्यों के व्यवस्थित होने तक सुबोध ने किसी विभाग की जिम्मेदारी लेने में कोई जल्दबाजी नहीं की। सीएम सचिवालय को व्यवस्थित चलाना भी अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। लेकिन ऐसे संकेत है कि व्यवस्था सुधारने के बाद सुबोध कुछ अहम विभाग अपने पास रख सकते हैं। फिलहाल आईएएस डॉ. रोहित यादव के अवकाश में जाने के कारण मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह को बिजली कंपनियों का वर्तमान में अतिरक्त प्रभार सौंपा गया है। हालांकि सुबोध ने पूर्व में भी ऊर्जा और खनिज विभाग की जिम्मेदारी बखूबी निभाया था।

हे सरकार, सुन लो मेरी भी पुकार

राज्य के सीनियर आईएफएस अफसरों के हलात इन दिनों कुछ ऐसे ही नजर आ रहे हैं। राज्य सरकार आईएएस, आईपीएस और राज्य सेवा के अफसरों का दनादन प्रमोशन आदेश जारी कर रही है। लेकिन कई महीनों से लंबित सीनियर आईएफएस अफसरों का दर्द कोई सुनने को तैयार नहीं है। दर्द से कराह रहे इन अफसरों को प्रमोशन के लिए तरह-तरह के नियम बताये जाते हैं। दरअसल एपीसीसीएफ स्तर के पांच अफसर पीसीसीएफ प्रमोट होने हैं, इसके लिए फाइल कई महीनों तक मंत्रालय में इस टेबल से उस टेबल घूमती रही। और शायद मंत्रालय से निकलकर अब भी कहीं घूम ही रही है। फाइल के घुमंतु प्रवृत्ति के कारण इन अफसरों का प्रमोशन नहीं हो पाया। इनमें से एक अफसर तो रिटायर भी हो गए, और भी एकात अफसर इसी साल रिटायर हो जाएंगे। खैर जैसे ही यह अफसर अन्य सेवा के अफसरों की प्रमोशन लिस्ट देखते हैं, भगवान से मिन्नतें करते हैं, हे सरकार अब तो सुन लो हमारी भी पुकार।

एसआईटी का सच क्या?

बीजापुर में एक पत्रकार ने अपने दायित्वों का निर्वहन अपनी जान गवां कर किया। रुपयों की खनक में डूबे ठेकेदार को उस पत्रकार के दर्द की कराह भी सुनाई नहीं दी। पत्रकार मुकेश की अत्यंत ही क्रूरता से हत्या कर दिया गया। पूरे राज्य के पत्रकार सड़क पर निकले हत्यारों को फांसी देने की मांग की जा रही है। पुलिस प्रशासन के कुछ अफसरों पर मिली भगत का संदेह भी जाहिर किया जा रहा है। सरकार ने एसआईटी गठित कर दी मामले की जांच चल रही है। लेकिन पत्रकार अब भी आंशकित हैं। ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर से अच्छे संबंध होने की यदि थोड़ी भी ढील दे दी गई तो पत्रकार का बलिदान व्यर्थ चला जाएगा। स्थानीय पत्रकारों की शंका वाजिब भी है। क्योंकि लगातार मांग के बाद भी विभाग ने इस मामले में एक सिपाही तक का ट्रांसफर नहीं किया। बीजापुर के पत्रकार स्वयं लाश खोजते-खोजते ठेकेदार के अवैध ठिकानों तक पहुंच गए, उसके बाद पुलिस पहुंची। ऐसे में सवाल तो उठेंगे ही, शंका तो होगी ही। खैर एसआईटी ने प्रेस रिलीज में हत्या के तीन दिन पहले ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर द्वारा भारी रकम निकालने की बात कही है। यदि सुरेश चन्द्राकर ने भारी भरकम राशि निकाली थी, तो उसका क्या उपयोग किया गया? नगदी राशि कहां खर्च की गई? क्या पुलिस ने राशि बरामद की? सुरेश की रुपए को लेकर क्या योजना थी? ऐसे तमाम सवाल उठने लाजमी हैं। बहरहाल नगदी का सच क्या है? कौन-कौन इस हत्याकांड में शामिल हैं यह तो जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

editor.pioneerraipur@gmail.com

बालको ने भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से युवाओं में नवाचार को दिया बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कलिंगा विश्वविद्यालय (केआईटी) और केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सीआईपीईटी) में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 78वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया। रायपुर में आयोजित दो दिवसीय मानक कार्निवल में विभिन्न स्कूल के 1,200 से अधिक छात्रों को उद्योग के बारे में जानकारी दी गई। कार्निवाल के आयोजन ने रोजमर्रा की जिंदगी में गुणवत्ता और मानक के महत्व के बारे में जानकारी का मंच प्रदान किया। कार्निवल में इंटरैक्टिव गेम, क्विज़, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दैनिक जीवन में गुणवत्ता चेतना के महत्व पर जोर दिया। आकर्षक स्टॉल के माध्यम से युवाओं के लिए शिक्षा के साथ उद्योग की समझ को बढ़ावा दिया। गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने और छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की ओर प्रोत्साहित करने में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित किया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि युवा भारत के भविष्य निर्माता हैं। बालको उन्हें आत्मविश्वास और जानकारीपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह पहल वैज्ञानिक रूप से इच्छुक, गुणवत्ता के प्रति जागरूक पीढ़ी को बढ़ावा देने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है जो देश के विकास में योगदान देती है। बीआईएस, रायपुर शाखा कार्यालय के प्रमुख एवं निदेशक सुमित कुमार ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सामंजस्य बनाने के हमारे मिशन के लिए आवश्यकता है। हमारा लक्ष्य छात्रों में उद्योग की समझ विकसित करना तथा गुणवत्ता के प्रति जागरूक व्यक्तियों का एक मजबूत नेटवर्क बनाना है। इस पहल में बालको के महत्वपूर्ण योगदान ने हमारी पहुंच को आगे बढ़ाया तथा यह सुनिश्चित किया है कि गुणवत्ता जागरूकता सभी तक पहुंचे और परिवर्तनकारी बदलाव को प्रेरित करे। बालको के उत्पाद को गुणवत्ता के लिए बीआईएस प्रमाणन प्राप्त है जिसमें 12एमएम वायर रॉड, ईसी इनगॉट, अलॉय इनगॉट, प्राइमरी इनगॉट, रोल्ड शीट और रोल्ड कंडक्टर प्लेट व रोल्ड प्लेट उत्पाद शामिल हैं। यह प्रमाणन बेमिसाल उत्पाद क्वालिटी एवं एल्यूमिनियम उद्योग में निरंतर नवाचार हेतु कंपनी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। कंपनी को बीआईएस प्रमाणन के साथ सस्टेनेबल एल्यूमिनियम वैल्यू चैन को बढ़ावा देने के लिए एल्यूमिनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) गुणवत्ता मानक प्रमाणन प्राप्त हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ की आमसभा की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा राज्य में आईएएस कैडर में एलायड सर्विसेस से 15 प्रतिशत अधिकारियों को पदोन्नत करने, एक राज्य-एक भर्ती नियम प्रणाली को लागू करने, राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा सहित अनेक प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ की प्रांतीय कार्यालय में आयोजित आमसभा की बैठक में राजपत्रित अधिकारी के समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक पहल करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राजपत्रित अधिकारियों एवं सभी शासकीय कर्मचारियों सहित पेंशनरों को भी स्वास्थ्य सुविधा हेतु राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने हेतु पत्र व्यवहार करने के साथ ही प्रदेश के राजपत्रित अधिकारियों के सर्वोत्तम हित में एक राज्य- एक भर्ती नियम प्रणाली लागू करने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व मुख्य सचिव श्री एस.के. मिश्रा की अध्यक्षता में गठित राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए अनुशंसाओं को क्रियान्वित करने की मांग पर चर्चा की गई। बैठक में विभागाध्यक्ष के पदों पर विभागीय संवर्ग के अधिकारियों की पदोन्नति कर पदस्थ करने, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आई.ए.एस. अवार्ड हेतु एलायड सर्विसेस के अधिकारियों को पदोन्नति का सम्यक अवसर प्रदान किए जाने, प्रदेश के राजपत्रित अधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन, अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन करने के सम्बन्ध में मांग करने की चर्चा की गई ताकि राजपत्रित अधिकारियों को समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ मिल सके। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रवक्ता बालमुकुन्द तम्बोली ने बताया कि बैठक में राज्य सरकार द्वारा समस्त विभागों के संभागीय कार्यालय स्थापित किए जाने, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अन्य प्रशासनिक विभागों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ नहीं करते हुए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग अथवा राजस्व विभाग में ही पदस्थ किए जाने, मंत्रालय की भांति समस्त विभागों के विभागीय सेटअप को पुनरीक्षित किए जाने के साथ ही बैकलॉग एवं सेवानिवृत्त से रिक्त पदों की भर्ती तत्काल किए जाने की मांग पर चर्चा की गई।

13 Jan 2025 Pride Of Raipur

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट, चैनलिंक जाली, पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

TENSILE SHADE
CAR PARK SHADE
Tensile + Membrane + Structure
Your Vision Our Craftmanship
R.B.Plus RAIPUR
81091 11313
86028 11220

Turnkey Projects Modular Ot Setup and Hospital Setup
• HOUSEKEEPING CHEMICAL • KITCHEN • LAUNDARY
• SURGICAL ALL TYPES OF CLEANING CHEMICAL RANGE IS AVAILABLE
COSMIC MEDTECH SYSTEM
92015 83434, 7974994955

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास
के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

RIDERZONE
SINCE 2017
हेलमेट ■ राइडिंग जैकेट ■ राइडिंग ग्लव्स
राइडिंग पैंट ■ राइडिंग जूता ■ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
KITTY PARTY
ANNIVERSARY
BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं कार्पोरेट सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us...
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403